माघ कृष्ण पक्ष, द्वादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

हल्द्वानी
बुधवार, 7 फरवरी 2024
वर्ष 3, अंक 355, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

...तो चांद पर होगा अपना घरौंदा 16

सोनाली ने की अभिनेता मोहनलाल की तारीफ 15

# विधानसभा में यूसीसी विधेयक पेश

## सदन से पास होने और राज्यपाल की मंजूरी के बाद बन जाएगा कानून, ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य होगा

## भाजपा विधायकों ने विधेयक पेश होने पर लगाए जय श्री राम के नारे

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा में बहुचर्चित व बहुप्रतीक्षित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पेश किया। विधेयक के पेश होने के बाद भाजपा विधायकों ने सदन में जमकर नारेबाजी की और जय श्रीराम व भारत माता की जय के नारे लगाए।

सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता विपक्ष यशपाल आर्य व प्रीतम सिंह ने कहा विधेयक पर चर्चा कराई जानी जरूरी है। यूसीसी की एक्सपर्ट्स कमेटी की रिपोर्ट पहले सदन में पेश की जानी चाहिए थी और ड्राफ्ट के अध्ययन को समय मिलना चाहिए, लेकिन सरकार विपक्ष को इससे वंचित कर रहा है।

आर्य ने प्रश्नकाल निलंबित होने पर कार्य संचालन नियमावली की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्रश्न करने के अधिकार को खत्म किया जा रहा है।

प्रारंभिक चर्चा के बाद 11.25 पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने दोपहर 2 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। भोजनावकाश के बाद विधेयक पर फिर चर्चा शुरू हुई। साढ़े चार घंटे तक चली बहस में सत्ता व विपक्ष ने तीखी नोकझोंक के साथ अपनी अपनी बात रखी। विधेयक पर बुधवार को भी सदन में चर्चा होगी। उसके बाद इसे पारित किया जाएगा।

कांग्रेस नेता यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि यूसीसी ड्राफ्ट कमेटी ने विपक्ष को नहीं बुलाया गया, कोई सुझाव नहीं लिए। हिमाचल, यूपी से विवाह करके आए लोगों पर कौन-सा नियम लागू होगा। आर्य ने कहा कि आज के ज्वलंत मुद्दे भ्रष्टाचार, माफिया, आपदा, मूल निवास व भू-कानून पर चर्चा होनी थी। सत्ता पक्ष ने प्रश्नकाल व अन्य कार्यवाही स्थगित कर संवैधानिक नियमों का उल्लंघन किया है। अन्य कांग्रेस विधायकों ने कहा कि आदिवासी व जनजाति समाज को बाहर क्यों रखा गया। इन समुदाय की महिलाओं को विधेयक में क्यों वंचित किया गया। दोपहर 2 बजे के बाद हुई चर्चा की शुरुआत में संसदीय कार्यमंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने कहा कि यूसीसी से नारी शक्ति को समानता का अधिकार मिलेगा। संपत्ति में माता,बच्चे का अधिकार होगा। पुत्र-पुत्री के अधिकारों में समानता प्रदान की गई है।

सत्ता पक्ष की ओर से चर्चा में मंत्री रेखा आर्य, विधायक मदन कौशिक, भरत चौधरी, आदेश चौहान, बिशन सिंह चुफाल, दिलीप सिंह रावत, सहदेव पुंडीर, राम सिंह कैड़ा,, अनिल नौटियाल,बंशीधर भगत,त्रिलोक सिंह चीमा, सुरेश गढ़िया,बृजभूषण गैरोला, प्रीतम सिंह पंवार, राजकुमार पोरी, प्रमोद नैनवाल, दुर्गेश्वर लाल, मोहन सिंह मेहरा ने अपनी बात रखी।

दोनों पक्षों की चर्चा के बाद स्पीकर ने सायं 6 बजकर 35 मिनट पर सदन की कार्यवाही बुधवार सुबह 11बजे तक के लिए स्थगित कर दी। बुधवार को विधानसभा में पारित होने के बाद विधेयक को राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। विधेयक पर राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलते ही यह कानून बन जाएगा।


भारतीय संविधान की प्रति के साथ सदन पहुंचे मुख्यमंत्री धामी।

### विधेयक को प्रवर समिति के हवाले किया जाए: कांग्रेस

चर्चा में कांग्रेस के विधायकों ने कहा कि यूसीसी विधेयक को प्रवर समिति के हवाले किया जाए, ताकि उसमें सुधार किया जा सके। नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने विधेयक पर चर्चा करते हुए कहा कि विधेयक को पहले प्रवर समिति के हवाले किया जाए। इसके अध्ययन के लिए समय मिलना चाहिए था। विधेयक के संदर्भ में संसदीय कार्यमंत्री को चर्चा करनी चाहिए थी। आर्य ने कहा कि एक्सपर्ट कमेटी में धर्मगुरुओं को भी सम्मिलित किया जाना चाहिए था। सभी धर्मों के अलग-अलग कानून है। आर्य ने कहा कि 2024 के चुनाव को देखते हुए यूसीसी लागू किया जा रहा है।

### भाजपा विधायकों ने विधेयक को बताया ऐतिहासिक

भाजपा विधायकों ने यूसीसी विधेयक को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा कि विपक्ष इसे लेकर भ्रांतियां फैला रहा है। विश्व के 80 देश समान नागरिक संहिता का पालन कर रहे हैं। अब उत्तराखंड से नागरिकों की बेहतरी के लिए समान नागरिक संहिता को लाया गया है। सत्ता पक्ष ने विधेयक से जुड़े खास बिंदुओं अनिवार्य विवाह रजिस्ट्रेशन, नाजायज संतान को संपत्ति का अधिकार, बाल विवाह, तलाक, संपत्ति उत्तराधिकार में बुजुर्गों के अधिकार, बहुविवाह प्रथा, लिव इन रिलेशनशिप समेत कई मुख्य बिंदुओं को गिनाया। वक्ताओं ने कहा कि यह विधेयक सभी जाति व धर्मों की रक्षा करेगा। इस विधेयक से समाज की कुरीतियों व भेदभाव दूर होगा। नारी शक्ति का सम्मान व पुरुष बेरोजगार को भी विधेयक में संरक्षण किया गया है। यह अन्य राज्यों के लिए मार्गदर्शक कानून बनने जा रहा है।

## कानून बन जाने के बाद...

### प्रदेश में बहु विवाह पर लगेगी रोक

शरिया में बहु विवाह करने की छूट है। चूंकि हिंदू, ईसाई और पारसी के लिए दूसरा विवाह अपराध है और सात वर्ष की सजा का प्रावधान है। इसलिए कुछ लोग दूसरा विवाह करने के लिए इस्लाम धर्म अपना लेते हैं। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के लागू होने के बाद बहुविवाह पर रोक लगेगी। बहुविवाह पर भी पूरी तरह से रोक लग जाएगी।

### शादी के लिए कानूनी उम्र 21 साल होगी तय

विवाह की न्यूनतम उम्र कहीं तय तो कहीं तय नहीं है। एक धर्म में छोटी उम्र में भी लड़कियों की शादी हो जाती है। वे शारीरिक व मानसिक रूप से परिपक्व नहीं होतीं, जबकि अन्य धर्मों में लड़कियों के 18 और लड़कों के लिए 21 वर्ष की उम्र लागू है। कानून बनने के बाद युवतियों की शादी की कानूनी उम्र 21 साल तय हो जाएगी।

### बिना रजिस्ट्रेशन, लिव इन रिलेशन में रहने पर होगी जेल

इसके साथ ही लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद उत्तराखंड में लिव इन रिलेशनशिप का वेब पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। रजिस्ट्रेशन न कराने पर युगल को छह महीने का कारावास और 25 हजार का दंड या दोनों हो सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के तौर पर जो रसीद युगल को मिलेगी उसी के आधार पर उन्हें किराए पर घर, हॉस्टल या पीजी मिल सकेगा। यूसीसी में लिव इन रिलेशनशिप को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है। इसके मुताबिक, सिर्फ एक वयस्क पुरुष व वयस्क महिला ही लिव इन रिलेशनशिप में रह सकेंगे। वे पहले से विवाहित या किसी अन्य के साथ लिव इन रिलेशनशिप या प्रोहिबिटेड डिग्रीस ऑफ रिलेशनशिप में नहीं होने चाहिए।

### राज्य को 'टोकनिज्म' के लिए प्रयोग कर रही सरकार

समान नागरिक संहिता विधेयक पर कांग्रेस नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा है कि केंद्र सरकार उत्तराखंड जैसे संवेदनशील राज्य को 'टोकनिज्म' (संकेत देने की राजनीति) के लिए इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा, "सीएम और सरकार इस बिल को पारित कराने के लिए काफी उत्सुक हैं। संसदीय विधि-विधान और परंपराओं का पालन नहीं किया जा रहा है।" उन्होंने कहा, "अगर यूसीसी लाना था तो केंद्र सरकार लेकर आती।"

## एक नजर

### ज्ञानवापी के सभी तहखानों के एएसआई सर्वे पर 15 को सुनवाई

**वाराणसी।** वाराणसी की जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर में बंद अन्य सभी तहखानों का एएसआई से सर्वे कराए जाने का आदेश देने के आग्रह वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने मंगलवार को बताया कि कार्यवाहक जिला जज अनिल कुमार (पंचम) की अदालत ने याचिका पर सुनवाई के लिए 15 फरवरी की तिथि तय की है। उन्होंने बताया कि ज्ञानवापी-श्रंगार गौरी मामले में पक्षकार और विश्व वैदिक सनातन संघ की सदस्य राखी सिंह ने अपनी याचिका में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सभी बंद तहखानों का एएसआई से सर्वेक्षण करने का आदेश देने का आग्रह किया।

### कश्मीरी कवि फारूक नाजकी का निधन

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के प्रसिद्ध कवि, दूरदर्शन, आकाशवाणी श्रीनगर के पूर्व निदेशक और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता फारूक नाज़की का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार सुबह कटरा के श्री माता वैष्णो देवी नारायण सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। परिवारिक सूत्रों ने आज नाजकी के निधन के बारे में जानकारी दी। दूरदर्शन और आकाशवाणी, श्रीनगर के पूर्व निदेशक नाज़की मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के मदार गांव के निवासी और कश्मीरी सुप्रसिद्ध कवि एवं लेखक प्रसारक तथा शिक्षक मीर गुलाम रसूल नज़क के पुत्र थे।

## समान नागरिक संहिता के प्रमुख बिंदु

- तलाक के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा।
- तलाक के बाद भरण पोषण का नियम एक होगा।
- गोद लेने के लिए सभी धर्मों का एक कानून होगा।
- संपत्ति बंटवारे में लड़की का समान हक सभी धर्मों में लागू होगा।
- अन्य धर्म या जाति में विवाह करने पर भी लड़की के अधिकारों का हनन नहीं होगा।
- सभी धर्मों में विवाह की आयु लड़की के लिए 18 वर्ष अनिवार्य होगी।
- लिव इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण जरूरी होगा।
- प्रदेश की जनजातियां इस कानून से बाहर होंगी।
- बहुपत्नी प्रथा होगी समाप्त, एक पति-पत्नी का नियम सब पर लागू होगा।

## समान नागरिक संहिता लागू होने पर ये होंगे बड़े बदलाव

- यूसीसी लागू होने से सभी समुदाय के लोगों को एक समान अधिकार दिए जाएंगे।
- लैंगिक समानता को बढ़ावा मिलेगा।
- समान नागरिक संहिता लागू होने से महिलाओं की स्थिति में सुधार होगा।
- लड़कियों की शादी की उम्र बढ़ा दी जाएगी, ताकि वह कम से कम ग्रेजुएट हो जाएं।
- ग्राम स्तर पर शादी के रजिस्ट्रेशन की सुविधा होगी। बगैर रजिस्ट्रेशन के सरकारी सुविधा बंद हो जाएगी।
- पति-पत्नी दोनों को तलाक के समान आधार और अधिकार उपलब्ध होंगे। अभी पर्सनल लॉ बोर्ड में अलग-अलग कानून हैं।
- बहुविवाह पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी।
- उत्तराधिकार में लड़के-लड़की की बराबर की हिस्सेदारी होगी।
- नौकरीपेशा बेटे की मौत पर पत्नी को मिलने वाले मुआवजे में माता-पिता के भरण-पोषण की जिम्मेदारी भी शामिल होगी।
- पत्नी की मौत के बाद उसके अकेले माता-पिता का सहारा महिला का पति बनेगा।
- मुस्लिम महिलाओं को गोद लेने का हक मिलेगा, प्रक्रिया आसान कर दी जाएगी।
- हलाला-इद्दत पर पूरी तरह से रोक लगेगी।
- लिव-इन रिलेशन का डिक्लेरेशन देना होगा।
- बच्चे के अनाथ होने पर गार्जियनशिप की प्रक्रिया आसानी की जाएगी।
- पति-पत्नी में झगड़े होने पर बच्चे की कस्टडी दादा-दादी या नाना-नानी को दी जाएगी।

विशेष सामग्री- पेज- 2

# निगम की ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने दस दिन की रोक लगाई

कार्यालय संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने कुछ याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए एक आदेश जारी कर नगर निगम हल्द्वानी के सड़क चौड़ीकरण के लिए किए जा रहे ध्वस्तीकरण अभियान पर फिलहाल रोक लगा दी है। न्यायालय ने ओके होटल, होटल हैप्पी होम समेत अन्य संपत्ति के तोड़ने पर आगामी 10 दिन के लिए रोक लगाने का आदेश दिया है।

होटल हैप्पी होम, ओके होटल, सनप्रीत सिंह और नरेंद्र सिंह भसीन की ओर से अलग-अलग याचिका दायर कर हल्द्वानी नगर निगम के 08 जनवरी, 2024 के उस आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें नगर निगम की ओर से उपरोक्त संपत्तियों के कुछ हिस्सों को अवैध मानते हुए गिराने के आदेश पारित कर दिए गए थे।

याचिकाकर्ताओं ने सुनवाई के दौरान अदालत को बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट और नगर आयुक्त की अगुवाई में गठित कमेटी ने विगत 3 फरवरी को उनकी प्रत्यावेदन पर सुनवाई के बाद उनकी संपत्तियों को गिराने के आदेश पारित कर दिए। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत से 03 फरवरी के आदेश को चुनौती देने के लिए समय की मांग की गई। अदालत ने मामले में 10 दिन की मोहलत देते हुए फिलहाल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लगा दी।

## डीपीआरओ त्रिपाठी को मिली जमानत

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने रिश्वत लेने के आरोप में विजिलेंस द्वारा गिरफ्तार उधम सिंह नगर के पूर्व जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) रमेश चंद्र त्रिपाठी की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। उन पर एक ठेकेदार के बिलों का भुगतान करने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट की अवकाशकालीन पीठ न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ में हुई। याचिकाकर्ता रमेश चंद्र त्रिपाठी को विजिलेंस की टीम द्वारा कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। यह रिश्वत हिमांशु ठेकेदार उर्फ रिंकू सिंह से ली जा रही थी। रिंकू सिंह को विभाग द्वारा 60 लाख की भुगतान की जानी थी और इस भुगतान के लिए 6 लाख रिश्वत मांगने व पहली किश्त के रूप में 1 लाख लेने का आरोप है।

# नए निर्वाचन आयुक्त के चयन को आज बैठक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली एक समिति निर्वाचन आयुक्त पद के उम्मीदवार का चयन करने के लिए बुधवार को यहां बैठक करेगी। तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग में 14 फरवरी को चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद एक पद रिक्त हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और कार्यकाल) कानून के मुताबिक, कानून मंत्री की अध्यक्षता वाली एक खोज समिति प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली चयन समिति के विचार के लिए पांच उम्मीदवारों का नाम सूचीबद्ध करेगी। प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी चयन समिति का हिस्सा हैं।

# मप्र के हरदा में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 11 लोगों की मौत

हरदा/भोपाल, एजेंसी

- 200 घायल, राष्ट्रपति मुर्मू व प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने की मदद राशि देने की घोषणा

मध्यप्रदेश के हरदा शहर में मंगलवार को एक पटाखा कारखाने में विस्फोट के बाद आग लग गई, जिससे इसमें 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 200 अन्य घायल हो गए। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए, जिसमें घटनास्थल पर रुक-रुक कर हो रहे विस्फोटों के साथ आग लगने के बीच लोग खुद को बचाने के लिए भागते नजर आ रहे हैं। घटना प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगभग 150 किलोमीटर दूर हरदा शहर के बाहरी इलाके मगरधा रोड पर बैरागढ़ में हुई। अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) गृह संजय दुबे ने बताया कि अब तक नौ लोगों के मौत की खबर है और लगभग 200 अन्य घायल हुए हैं। कतिपय सूत्र 11 मौतों की बात कह रहे हैं। घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बैठक की और कहा कि बचाव कार्य के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था के लिए सेना से संपर्क किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की। घायलों के उपचार का पूरा खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि वह इस त्रासदी में लोगों की मौत से बेहद दुखी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हादसे में लोगों की मौत से व्यथित हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना की। मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजन को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो-दो लाख रुपये की मदद देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर घटना की जांच के लिए शासन ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है।

# अजित पवार गुट ही असली राकांपा : निर्वाचन आयोग

- फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगा शरद पवार गुट

**नई दिल्ली/मुंबई।** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) है। इसके साथ ही अजित पवार और राकांपा संस्थापक शरद पवार गुट के बीच पार्टी पर दावे को लेकर महीनों से जारी लड़ाई समाप्त हो गई है। आयोग ने अजित पवार के नेतृत्व वाले समूह को राकांपा का चुनाव चिह्न 'दीवार घड़ी' आवंटित किया। आयोग ने कहा कि निर्णय में ऐसी याचिका की पोषणीयता के निर्धारित पहलुओं का पालन किया गया, जिसमें पार्टी संविधान के उद्देश्यों का परीक्षण, पार्टी संविधान का परीक्षण और संगठनात्मक तथा विधायी दोनों में बहुमत के परीक्षण शामिल थे। आयोग ने आगामी राज्यसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष छूट देते हुए शरद पवार के नेतृत्व वाले गुट को अपने राजनीतिक दल के लिए एक नाम का दावा करने और तीन प्राथमिकताएं प्रदान करने के लिए बुधवार दोपहर तक का समय दिया। आयोग के फैसले के खिलाफ शरद पवार के नेतृत्व वाला गुट उच्चतम न्यायालय का रुख करेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल ने यह जानकारी दी।

# परीक्षा में धांधली पर अब 10 साल की जेल

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोक परीक्षा विधेयक-2024 को लोकसभा की मंजूरी
- पेपर लीक आदि मामलों में एक करोड़ जुर्माने का भी प्रावधान

सरकारी भर्ती और प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक तथा फर्जी वेबसाइट जैसी अनियमितताओं के खिलाफ तीन साल से 10 साल तक की जेल और न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने के प्रावधान वाले लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 को मंगलवार को लोकसभा ने पारित कर दिया।

लोकसभा में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थी या अभ्यर्थी इस कानून के दायरे में नहीं आते और ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि इसके माध्यम से उम्मीदवारों का उत्पीड़न होगा।

उन्होंने कहा कि यह कानून उन लोगों के विरुद्ध लाया गया है जो इस परीक्षा प्रणाली के साथ छेड़छाड़ करते हैं। जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह विधेयक राजनीति से ऊपर है और देश के बेटे-बेटियों के भविष्य से जुड़ा है। मंत्री के जवाब के बाद सदन ने ध्वनिमत से विधेयक को पारित कर दिया।

जितेंद्र सिंह ने अनियमितता के कारण परीक्षा रद होने पर पुनर्परीक्षा के लिए समय-सीमा तय करने के कुछ सदस्यों के सुझाव पर कहा कि इस तरह के मामलों में सीबीआई जांच और अन्य तरह की प्रक्रियाएं शुरू हो जाती हैं, इसलिए सीमारेखा तय करना संभव नहीं, लेकिन सरकार का प्रयास इन्हें समय पर कराना होगा।

# दिल्ली में लश्कर का आतंकवादी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पुलिस ने लश्कर ए-तैयबा के सक्रिय मॉड्यूल के एक कथित सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।बताया कि यह मॉड्यूल जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सक्रिय है।

आरोपी सेना का सेवानिवृत कर्मी है और उसने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार से हथियार तथा गोला-बारूद प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभाई। उसकी पहचान कुपवाड़ा जिले के निवासी रियाज अहमद राथर के रूप में हुई है, जिसे रविवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रियाज ने खुर्शीद अहमद राथर और गुलाम सरवर राथर के साथ मिलकर नियंत्रण रेखा पार आतंकी आकाओं से हथियार और गोला-बारूद प्राप्त करने में भूमिका निभाई।

रणनीति | आगामी आम चुनाव में देश के अन्य राज्यों में यूसीसी को नजीर के रूप में पेश करने की तैयारी

# भाजपा का उत्तराखंड से लक्ष्य-2024 का संधान

अंकुर शर्मा, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा ने समान नागरिक संहिता के जरिए उत्तराखंड से लक्ष्य-2024 का संधान करने की तैयारी कर ली है। राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को विधानसभा पटल पर पेश कर दिया गया है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह भाजपा के तरकश में वह दूसरा तीर है, जिससे वह आसानी से अपने तीसरी बार दिल्ली विजय का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। भाजपा इस 'ब्रह्मास्त्र' को आगामी लोकसभा चुनाव में नजीर बनाकर सभी राज्यों में विजय रथ दौड़ा सकती है। कम से कम उत्तरी भारत के राज्यों में तो अवश्य।

भाजपा ने वर्ष 2014 में केंद्र में आने से पूर्व चुनावी घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 व 35 ए की समाप्ति, अयोध्या में जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण और समान नागरिक संहिता लागू करने समेत तीन महत्वपूर्ण वादे किए थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अपने पहले कार्यकाल में जम्मू-कश्मीर से 370 व 35 ए समाप्त किए। दूसरे कार्यकाल में अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद वह अब तीसरा सबसे महत्वपूर्ण वादा समान नागरिक संहिता लागू भी पूरा करने जा रही है।

आजाद भारत में पहली बार विधानसभा में यूसीसी विधेयक किसी भाजपा शासित राज्य में पारित किया जा रहा है। इसका सीधा सकारात्मक असर हिंदी पट्टी क्षेत्रों उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ में होगा। दक्षिण और पूर्वोत्तर में भी भाजपा यूसीसी के जरिए हिंदुओं को संदेश देने में मदद मिलेगी।

इसके अलावा भाजपा को आम चुनाव से पूर्व विभिन्न जातियों में बंटे बहुसंख्यकों को भी एक छतरी के नीचे लाने में काफी हद तक कामयाबी मिलेगी। जो प्रधानमंत्री मोदी के 400 के पार को लक्ष्य हासिल करने में मददगार होगा।

### जनसंख्या नियंत्रण कानून की पिच तैयार:

भारतीय जनता पार्टी ने समान नागरिक संहिता के जरिए जनसंख्या नियंत्रण कानून की भी पिच तैयार की है। यूसीसी में बहु विवाह पर रोक लगा दी है। एक से अधिक विवाह पर कानूनी तौर पर सजा का प्रावधान है, जो अप्रत्यक्ष तौर पर जनसंख्या नियंत्रण में भी मददगार होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून की पिच तैयार की गई है।

# केजरीवाल के पीए, आप सांसद के परिसरों में ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धन शोधन की जांच के तहत दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार और अन्य के परिसरों की मंगलवार को तलाशी ली। आरोप है कि डीजेबी की निविदा प्रक्रिया में अनियमितताओं से मिली रिश्वत को चुनावी फंड के रूप में आम आदमी पार्टी (आप) को भेजा गया। छापेमारी में ईडी के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी के करीब 10-12 परिसरों की तलाशी ली। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी, बिभव कुमार, दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार, पार्टी के राज्यसभा सदस्य और राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एनडी गुप्ता के कार्यालय तथा सीए पंकज मंगल के अलावा पार्टी से जुड़े कुछ अन्य लोगों के परिसरों की तलाशी ले रहे हैं।

# समान नागरिक संहिता

### भाजपा के तीन बड़े मुद्दों में शामिल है यूसीसी, भाजपा आगामी आम चुनाव में समान नागरिक संहिता को बना सकती है चुनावी मुद्दा

# छोटे उत्तराखंड ने दिया पूरे देश को बड़ा राजनीतिक संदेश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** यूसीसी विधेयक पारित होने के साथ ही उत्तराखंड पूरे देश में पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां यूसीसी बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उत्तराखंड के यूसीसी को कानून बनने में अभी समय लगेगा लेकिन जल्द होने वाले लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड के यूसीसी का शोर हर जगह सुनाई देगा।

पुष्कर सिंह धामी ने चुनाव से पहले ही वादा किया था कि वह उत्तराखंड में यूसीसी लाएंगे। धामी ने अपना वादा पूरा कर दिया। भाजपा ने राम मंदिर और धारा 370 को खत्म करके अपने दो वायदे पूरे कर दिए हैं। उत्तराखंड ने यूसीसी की शुरूआत कर दी है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा उत्तराखंड के यूसीसी को अपने चुनाव का हथियार जरूर बनाएगी। इसकी चर्चा अन्य राज्यों में भी की जाएगी। भाजपा शुरू से ही कहते आई है कि देश में समान नागरिक संहिता होना जरूरी है। उत्तराखंड एक छोटा राज्य है लेकिन यहां का यूसीसी पूरे देश में चर्चा का विषय बन रहा है।

यूसीसी को लेकर जो बात सामने आई है वह यह है कि इससे मुस्लिम पुरुषों को धर्म के नाम पर विवाह और संपत्ति के अधिकार में जो अधिकार प्राप्त थे वह खत्म हो जाएंगे। मुस्लिमों ने यूसीसी का विरोध करना भी शुरू कर दिया है। राजनीति के लिहाज से समझे तो भाजपा की चुनावी तैयारियों को देखते हुये यह काफी फायदेमंद होगा। हालांकि यूसीसी में ऐसे भी प्रावधान है जिससे हर धर्म के पुरुषों पर लगाम लगाने की कोशिश की गई है। राज्य की लोकसभा सीटों की बात करें तो भाजपा पिछले लगातार दो साल से राज्य में पांचों लोकसभा जीत रही है। कांग्रेस के लिए वापसी की राह में यूसीसी नाम की एक और चुनौती आकर खड़ी हो गई है।

### जनजातियां बाहर तो कांग्रेस भी आई बैकफुट पर

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** कांग्रेस ने उत्तराखंड में यूसीसी का विरोध इसी बात पर किया है कि इससे जनजाति लोग प्रभावित होंगे। जनजाति समुदाय के अपने नियम होते हैं। वहां शादी, परिवार चलाने आदि में उनकी परंपराओं का बड़ा स्थान है। उत्तराखंड में जौनसारी, भोटिया और थारु प्रमुख जनजातियां रहतीं हैं। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी यूसीसी को लेकर पूर्व में बयान दिए थे और कहा था कि भाजपा जो यूसीसी ला रही है, उससे जनजाति समुदाय की रीति रिवाजों पर प्रभाव पड़ेगा। जनजाति समुदाय यूसीसी को स्वीकार नहीं करेगी। यूसीसी विधेयक से जनजाति समुदाय बाहर हैं। राज्य में इनकी आबादी करीब 2.5 प्रतिशत है। अब कांग्रेस के लिये जनजाति वाला मुद्दा ही नहीं रह गया है। भाजपा शुरू से ही मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को मुस्लिम तुष्टीकरण का हिस्सा मानती है।

### बोले नेता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। उन्होंने समान नागरिक संहिता लागू कर मिनी पाकिस्तान बनने से रोक दिया है। यह बिल पूरे देश के लिए नजीर बनेगा और एक-एक कर सभी राज्यों में लागू होगा। धर्म की आड़ में जो कानून जबरन थोपे जाते हैं, लोगों खासकर महिलाओं को उनका अधिकार मिलेगा। **-डॉ. प्रवीण तोगड़िया**, अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद

भाजपा की नीयत सही नहीं है, यूसीसी के जरिए राजनैतिक लाभ लेना चाहती है। यदि यूसीसी जरूरी था तो इसको केंद्र से लागू करना चाहिए था, यहां विधेयक बनाकर दिखाया जाएगा कि राज्यों में लागू किया जा रहा है। यह पूरी तरह दिखावा है। यूसीसी क्या है कि यह भाजपा विधायकों को नहीं पता है। यूसीसी को पढ़ने व बहस के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए। सरकार यही साफ मन से लागू करना चाहती है तो विधायकों को ड्राफ्ट पढ़ने का समय दे फिर अगली बार विशेष सत्र बुलाकर इस पर चर्चा कर पारित करना चाहिए। **-करन माहरा**, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस



भाजपा ने वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से किये गए वादे समान नागरिक संहिता पर अधिनियम बनाने को पूरा किया है। कानून बनने के बाद उत्तराखंड आजादी के बाद यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा जो ऐतिहासिक है। देश भर में इसका सकारात्मक संदेश जाएगा। **-चंदन बिष्ट**, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी भाजपा

प्रदेश को इस समय यूसीसी की कोई आवश्यकता नहीं थी। इस समय बेरोजगार, किसान, महंगाई से लोग परेशान हैं, इस समय इनका समाधान निकालने की जरूरत थी। इस समय देश को भी यूसीसी की कोई जरूरत नहीं थी। इस समय यह उत्तराखंड में लागू हो रहा है लेकिन पूरे देश में लागू नहीं हो रहा है। जैन, बौद्ध, अल्पसंख्यक इसका विरोध कर रहे हैं। हमारा मानना देश व जन हित में कानून बनना चाहिए। इददत का मसला है कि संविधान के अनुसार हर व्यक्ति को अपने धर्म मानने की आजादी है। जो और इददत करने में असमर्थ उसे छूट है। नौकरी करती है, गर्भवती है डॉक्टर के पास जाना हैतो कर सकती है। जो इददत करना चाहता है कर सकता है जो नहीं चाहता नहीं कर सकता है। यह पाप पुण्य की तरह है। **-अब्दुल मतीन सिद्दीकी**, प्रदेश प्रभारी समाजवादी पार्टी

समान नागरिक संहिता लागू करना आजादी के बाद पहले जनसंघ और अब भाजपा के मुख्य एजेंडे में शामिल रहा है। देश का संविधान धर्म के आधार पर किसी नागरिक के अधिकारों में भेदभाव नहीं करता है और संविधान की इसी भावना को मूर्त रूप देने के दावे के साथ उत्तराखंड की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने विधानसभा के पटल पर यूनिफॉर्म सिविल कोड विधेयक पेश कर दिया है। यह जन आकांक्षाओं के अनुरूप बना विधेयक है इस एतिहासिक विधेयक को विधानसभा में रखे जाने से राज्य भर में उत्साह का माहौल बना है। **-साकेत अग्रवाल**, प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा

# यूसीसी से मुस्लिम महिलाओं की आवाज और अधिकार होंगे मजबूत

### संपत्ति में अधिकार, तलाक सहित अन्य पर समान कानून, विवाह का रजिस्ट्रेशन भी कराया गया अनिवार्य

नरेंद्र देव सिंह, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** यूसीसी सीधे तौर पर महिलाओं को प्रभावित करने वाला विधेयक है। जब यह कानून बनेगा तब राज्य में महिलाओं के अधिकार में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी होगी। कुछ संप्रदाय ऐसे हैं जिनमें पुरुषों को धर्म के आधार पर मौजूदा कानून से हटकर छूट मिलती है। कानून बनने के बाद इस तरह के सभी अधिकार खत्म हो जाएंगे।

एक बात से यूसीसी का महिलाओं के जीवन में महत्तव को समझा जा सकता है कि शादी किसी भी प्रथा और धर्म के आधार हुई हो लेकिन तलाक केवल न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर होगा। सीधे तौर पर कहें तो यूसीसी के कानून बनने के बाद सबसे ज्यादा लाभ मुस्लिम महिलाओं को मिलेगा। उन्हें तलाक का अधिकार देश की अन्य महिलाओं की तरह मिलेगा। साथ ही संपत्ति का अधिकार भी बराबर मिलेगा। यूसीसी में स्पष्ट तौर पर बहु विवाह पर रोक लगाई गई है। मुस्लिम समाज में पुरुषों को एक से अधिक विवाह करने की छूट है। यह भी देखने में आता है कि अन्य धर्म के कुछ लोगों ने एक से अधिक शादी करने के लिए अपना धर्म बदल लिया है। यूसीसी कानून बनने के बाद मुस्लिम पुरुषों का यह अधिकार खत्म हो जाएगा। तीन तलाक पर तो पहले ही केंद्र ने ही रोक लगा दी है। साथ ही तलाक होने के बाद किसी मुस्लिम महिला को अगर दूसरी शादी करनी है तो कानून बनने के बाद वह भी अन्य महिलाओं को मिले प्रावधान के अनुसार करेगी। बेटियों की शादी के लिए उम्र का 18 साल का प्रावधान किया गया है और यह सब पर लागू किया गया है। हालांकि यूसीसी के दायरे से जनजाति समाज को बाहर रखा गया है। ऐसे में यूसीसी की वजह से मिलने वाले किसी भी अधिकार का लाभ जनजाति समाज की महिलाओं को नहीं मिलेगा।

**संपत्ति में बेटियों को समान अधिकार :** संपत्तियों में भी बेटियों को बेटों के बराबर समान अधिकार दिया गया है। कानून बनने के बाद संपत्ति का बंटवारा किसी भी धार्मिक मान्यताओं के आधार पर नहीं होगा। चाहें बेटी किसी भी धर्म की हो, उसे संपत्ति में बेटों के बराबर हक मिलेगा।

### समान नागरिक संहिता पर मुस्लिम समुदाय की राय

सामान नागरिक संहिता बिल में कई बातें भारतीय संस्कृति और संविधान में दिए गए अधिकारों के विरुद्ध हैं। इसके लाने का उद्देश्य ही बिगड़ गया है। लिव इन रिलेशनशिप को मान्यता देना भारतीय संस्कृति के विरुद्ध है। इस्लाम में इद्दत पर रोक को सरासर गलत बताया है। इददत के नियम को नही जानते तो उससे छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। इस बिल को लाना संविधान का अपमान है। **- शराफत खान**

यूसीसी में सबसे ज्यादा अधिकार महिलाओं को दिया गया है। फिर वह विवाह की बात हो तलाक या फिर गुजारभत्ता की। पहले न्याय की देवी की आंख पर पट्टी थी, लेकिन इस कानून में न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटा दी गई है। पर्सनल लॉ से हटकर ये समान लोगों के लिए बना दिया गया। बड़ी बात है कि इसमें महिलाओं के अधिकारों को महत्व दिया गया है। **- बसीरत जहां**, अधिवक्ता

यूसीसी कानून का रूप लेने से पहले यह सामने आएगा तो उसका आंकलन करेंगे। अगर कुरान, हबीस और शरियत को छेड़छाड़ किए बिना अगर यूसीसी में प्रावधान किए गए हैं तो उसका पालन हम खुद करेंगे और मुस्लिम समाज से करवाएंगे। अगर यूसीसी के कानून कुरान और शरियत के खिलाफ होंगे तो उसका विरोध करेंगे। **- हसमत अली**

हमें यूसीसी की कोई जरूरत नही। ऐसे कानून कि जिसमें मुस्लिम समाज के ओलेमा और बुद्धिजीवियों की बिना राय मशवरे के बनाया जा रहा है। हम शरियत का कानून मानने वाले लोग है। सरकार चुनावी फायदे के लिए जबरन एक विशेष समुदाय को कानून थोपना चाह रही है। सरकार महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे से आम जनता को भटका रही है। **- उवैस राजा**

### भारत में विवाह की 'मान्यता' को बचाने का प्रयास

भारत में विवाह में एक स्त्री और पुरुष के साथ रहने का अधिकार ही नहीं होता है साथ ही यह जन्म-जन्मांतर का रिश्ता माना जाता है। आधुनिक हो रहे समाज में विवाहोत्तर अवैध संबंध होने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं, जिससे विवाह शब्द की स्थापित मान्यता खतरे में पड़ रही है। यूसीसी के कानून बनने के बाद कोई भी स्त्री और पुरुष शादी के बाद अन्य किसी से संबंध बनाता हो तो यह तलाक तक का अधिकार होगा। साथ ही विवाह का रजिस्ट्रशन अनिवार्य करने का भी फायदा भविष्य में महिलाओं को ही ज्यादा मिलेगा।

महिला डिग्री कॉलेज में छात्राओं को यूसीसी की जानकारी देते शिक्षक। ● अमृत विचार

## यूसीसी से महिलाओं का उत्पीड़न होगा बंद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** महिला महाविद्यालय में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के मुद्दे पर संगोष्ठी हुई। छात्राओं को समान नागरिक संहिता के महत्तव के बारे में बताया गया।

डॉ. बीना जोशी ने कहा कि समान नागरिक संहिता के अंतर्गत हर धर्म, जाति, संप्रदाय के लिए सम्पूर्ण राष्ट्र में एक ही नियम होंगे। डॉ. फकीर नेगी ने कहा कि समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है। अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य, भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान सिविल संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा। अंत में प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने कहा कि समान नागरिक संहिता विभिन्न पर्सनल लॉज के अंतर्गत महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और उत्पीड़न को दूर करेगा, जिससे लैंगिक न्याय व समानता सुनिश्चित करेगी। यह विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने, भरण-पोषण आदि मामलों में महिलाओं को समान अधिकार देगा। इस दौरान डॉ. गीता पंत, डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. चंद्र प्रकाश, डॉ. नेहा सिंह, डॉ. रेखा जोशी, डॉ. विद्या कुमारी, डॉ. हिमानी, डॉ. मंजरी, डॉ. रुचि रहे।

समान नागरिक संहिता उत्तराखंड सरकार का एक ऐतिहासिक फैसला सिद्ध होगा। बहु विवाह पर रोक, शादी का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, उत्तराधिकार में लड़कियों को बराबर का हक मिलेगा और धार्मिक मान्यताओं व रीति-रिवाजों पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। **- चंद्रशेखर जोशी**, अधिवक्ता

### आरोप

## यूसीसी सिर्फ चुनावी लाभ के लिए हथकंडा: कैलाश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भाकपा माले के जिला सचिव डॉ. कैलाश पांडेय ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने रिपोर्ट मिलने के तत्काल बाद जिस तरह जल्दबाजी में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को विधानसभा में पेश किया है, वह सिर्फ चुनावी लाभ का हथकंडा है।

सरकार केवल अल्पसंख्यकों में भय पैदा करने और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिए करना चाहती है। जारी बयान में पांडे ने कहा कि नागरिकता और समान नागरिक संहिता राज्य का नहीं केन्द्र सरकार का विषय है, लेकिन धामी सरकार अपने नंबर बढ़ाने के लिए जबरन राज्य में यूसीसी पारित कराने पर आमादा है।

इस पूरी प्रक्रिया में सरकार विधानसभा की सर्वमान्य परंपराओं का अनुपालन भी भूल गई है। आलम यह है कि विपक्ष के विधायकों के मांगने के बाद भी विधेयक की प्रति उनको नहीं दी गई। विपक्ष के प्रति यह असंसदीय व्यवहार धामी सरकार के अहंकार को उजागर करता है।

### बोले लोग

महिलाओ के लिए यूसीसी विधेयक पारित होना एक याद करने वाला दिन होगा। महिलाओं के अधिकारों में अभी और भी काम होने हैं, यूसीसी उनमें से एक बेहतर प्रयास है। **-लता बोहरा**, समाजिक कार्यकत्री

समान नागरिक संहिता लागू करने में धामी सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। इसमें लड़कियों के विवाह की आयु बढ़ाने, बहुविवाह पर रोक लगाने, उन्हें बराबर हक देने आदि अधिकार मिलने से महिलाओं की स्वतंत्रता बढ़ेगी। **- प्रकाश चंद्र डिमरी**, समाजसेवी

भारत में सभी नागरिकों के लिए एक समान आपराधिक संहिता है लेकिन समान नागरिक कानून नहीं है। यह राज्य के लिए गौरव का पल है कि धामी सरकार ने इसे लागू किया है। **- अमित कोहली**, ग्रीन एक्टिविस्ट

यूसीसी में महिलाओं के अधिकारों का प्रावधान किया जाना अच्छी बात है लेकिन महिला सुरक्षा और भी बड़ा मुद्दा है। महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए कड़े कानून और सख्त प्रयास की जरुरत है। **-उर्वशी बोरा**, उद्यमी, हल्द्वानी



मुस्लिम महिलाओं की बेहतरी के लिए यूसीसी अच्छा कदम है। एक साल पहले मेरी शादी हुई थी लेकिन अब पति ने मुझे छोड़कर किसी अन्य से शादी कर ली है। ऐसे में हम मुस्लिम महिलाओं को उम्मीद जगी है। **-शाजिया**, जवाहर नगर, हल्द्वानी

इस तरह के कानून से पहले सर्वदलीय बातचीत होनी चाहिए। सरकार को समान नागरिक संहिता की तरह ही योग्यता के अनुसार हर हाल में रोजगार कानून भी बनाना चाहिए। **-जसविंदर सिंह**, देवलचौड़

## लिव इन रिलेशन पर ईजा-बौज्यू की इजाजत जरूरी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**शिकंजा**

- **21 वर्ष से कम उम्र के लोगों का नहीं किया जाएगा पंजीकरण**
- **लिव इन से पैदा बच्चे माने जाएंगे वैध, जैविक पिता की जिम्मेदारी**

**अमृत विचार :** समान नागरिक संहिता के कानून बनने के बाद लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वाले या रहने की प्लानिंग करने वाले लोगों को जिला अधिकारी के पास जाकर पंजीकरण कराना होगा। जरूरी ये भी है कि ऐसे लोगों को पंजीकरण से पहले ईजा-बौज्यू की न सिर्फ इजाजत लेनी होगी, बल्कि पंजीकरण के वक्त उम्र भी 21 वर्ष होनी चाहिए। ये उन पर भी लागू होगा जो उत्तराखंड राज्य के बाहर अन्य राज्यों में रहते हैं।

बिल में यह भी प्रस्ताव है कि लिव-इन रिलेशनशिप उन मामलों में पंजीकृत नहीं किए जाएंगे, जो नैतिकता के विरुद्ध हैं। यदि एक साथी विवाहित है या किसी अन्य रिश्ते में है, एक साथी नाबालिग है या एक साथी की सहमति जबरदस्ती, धोखाधड़ी से ली गई हो, या गलत बयानी (पहचान के संबंध में) की गई है तो पंजीकरण नहीं किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार लिव-इन रिलेशनशिप के रजिस्ट्रेशन के लिए एक वेबसाइट तैयार की जा रही है, जिसे जिला रजिस्ट्रार से सत्यापित किया जाएगा। जो रिश्ते की वैधता स्थापित करने के लिए जांच करेगा।

लिव इन रिलेशन को शादी की तरह सुरक्षित बनाने के लिए महिला और संबंध से पैदा हुए बच्चे को पुरुष की संपत्ति में अधिकार दिया जाएगा। यदि किसी महिला को पुरुष पार्टनर छोड़ देता है तो वह भरण-पोषण की मांग के लिए कोर्ट में अपना दावा पेश कर सकती है। लिव इन से पैदा बच्चा वैध होगा। यानी शादी के बाद पैदा हुए बच्चे की तरह ही जैविक पिता को उसका भरण-पोषण करना होगा और संपत्ति में अधिकार देना होगा।

### बोले एडवोकेट

यह सभी धार्मिक समुदाय पर लागू होने के लिए एक देश एक नियम का आवाहन करता है। ये विवाह, तलाक, रखरखाव, विरासत, गोद लेना और उत्तराधिकार जैसे क्षेत्रों को कवर करता है। यह कोड इस बात पर आधारित है कि आधुनिक समय में धर्म और कानून के बीच कोई भी संबंध नहीं है। भारत में जाति और धर्म के आधार पर अलग अलग कानून और मैरिज एक्ट है, जिसके कारण सामजिक ढांचा बिगड़ा हुआ है। यही करण है कि यूनिफार्म सिविल कोड बहुत जरूरी है। **-चंदन मेहता**, एडवोकेट

### बोले राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष

उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता के लिए डेढ़ वर्ष पूर्व कदम उठाया था। भाजपा के घोषणा पत्र में इसका जिक्र था। मुख्यमंत्री धामी ने शपथ लेते ही सुप्रीम कोर्ट की पूर्व जस्टिस रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठना किया था। इस कमेटी ने राज्य के सभी जिलों में जाकर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, राजनैतिक दल, महिलाओं धर्मगुरुओं से मशविरा कर इसका ड्राफ्ट बनाया है। यह कानून पहले भी कई देशों में लागू हो गया था। इस ऐतिहासिक बिल ने महिलाओं का उनका हक दिलाने का काम किया है। आजादी के बाद उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है जहां महिलाओं को उनका पूरा हक मिला है। इस कानून से महिलाओं के अधिकार सुरक्षित होंगे। शरीय कानून से नुकसान हो रहा था। शरीय कानून के नुकसान की भरपाई होगी। महिलाएं पति व मायके में अपने अधिकारों से वंचित रहती थी, इस बिल से उन्हें दोनों जगह अधिकार मिलेगा। यूनिफॉर्म सिविल कोड देश के लिए नजीर बनेगा। मैं प्रदेश हित में लाये गए इस बिल का पूरी तरह से स्वागत करता हूं। किसी को भी इस बिल का विरोध नहीं करना चाहिए। जिस तरह तीन तलाक मामले में केंद्र सरकार ने कानून बनाकर महिलाओं को उनका हक दिलाया है उसी तरह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड ड्राफ्ट को सदन के पटल पर रखकर इतिहास बनाया है। **-मजहर नईम नवाब**, उपाध्यक्ष राज्य अल्पसंख्यक आयोग

**मुस्तैदी** कुछ दिनों से गर्म माहौल को देखते हुए सक्रिय रही पुलिस, मलिक का बगीचा प्रकरण को लेकर कड़ी सतर्कता

# ड्रोन से बनभूलपुरा पर नजर, सड़क पर एसएसपी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** यूसीसी को लेकर मंगलवार को पुलिस बनभूलपुरा में सक्रिय रही। इलाके में ड्रोन से निगरानी की गई और दोपहर बाद एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा खुद सड़क पर उतर कर सुरक्षा व्यवस्था भांपने पहुंचे। इलाके में सुबह से ही पुलिस का मूवमेंट रहा और खुफिया की नजर बनी रही।

बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा में मदरसा और मस्जिद प्रकरण को लेकर क्षेत्र में आक्रोश है। इससे पहले नजाकत का बगीचा को लेकर मुस्लिम समुदाय और प्रशासन आमने-सामने आ गया। जिसके बाद से बनभूलपुरा में लगातार पुलिस तैनात है। इधर, मंगलवार को यूसीसी बिल विधानसभा में पेश किया गया। इससे पहले सोमवार को ही इलाके में पुलिस की संख्या बढ़ा दी गई। मंगलवार को कई थानों के पुलिस और पीएसी के साथ इलाके में ड्रोन से निगरानी की गई।

ताज चौराहे पर तैनात पुलिस बल व ड्रोन से क्षेत्र की निगरानी करते थाना इंचार्ज नीरज भाकुनी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### पेड़ से गिरकर भाजपा मंडल अध्यक्ष की पत्नी की मौत

**गरमपानी :** भाजपा मंडल अध्यक्ष गरमपानी सोबन सिंह बिष्ट की पत्नी की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। मृतका घर के समीप ही मवेशियों के लिए चारा लेने गई थी। पेड़ से असंतुलित होकर खाई में गिरने से वह गंभीर रुप से घायल हो गई। अस्पताल ले जाते वक्त उसने दम तोड़ दिया। मंगलवार को बेतालघाट ब्लॉक के हली गांव निवासी सोबन सिंह की पत्नी कमला देवी (42 वर्ष) दोपहर में गांव गांव की महिलाओं के साथ समीपवर्ती जंगल में मवेशियों के लिए घास लेने पहुंची। कमला चारा पत्ती तोड़ते समय एकाएक अंसतुलित होकर पेड़ से गिर गई। कमला गहरी खाई में पलटती हुई चट्टान से जा टकराई। लोगों ने उसे बमुश्किल खाई से बाहर निकाला।

### तराई केंद्रीय वन डिवीजन की भाखड़ा रेंज में 64 पेड़ों पर आरी चलने का मामला, एक आरक्षी को भी सौंपी गई चार्जशीट

# तीन वन दरोगा के खिलाफ चार्जशीट की संस्तुति

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बेल बाबा में सागौन व खैर के पेड़ों पर आरी चलने के मामले में एक आरक्षी को चार्जशीट सौंप दी गई है जबकि तीन वन दरोगा के खिलाफ चार्जशीट की संस्तुति की गई है। इस प्रकरण में एक आरक्षी को पूर्व में ही निलंबित किया जा चुका है। अभी भी प्रकरण की जांच की जा रही है।

तराई केंद्रीय वन डिवीजन की भाखड़ा रेंज के अंतर्गत बेलबाबा के समीप बीती 29-30 नवंबर को सागौन व खैर के हरे पेड़ों पर आरी चली थी। शुरुआत में यह संख्या 10-12 पेड़ों की थी जबकि वन विभाग ने कांबिंग की तो स्पष्ट हुआ था कि 64 पेड़ काटे गए हैं। इसके बाद वन विभाग ने जांच शुरू कर दी थी।

इस प्रकरण में एसओजी टीम ने बीती 12 दिसंबर को बरेली से जहीर अहमद निवासी धौरा टांडा और राजू खान को गिरफ्तार किया था। इन दोनों की संलिप्तता सामने आई थी इनकी निशानदेही पर कुछ मात्रा में लकड़ी भी बरामद हुई थी।

अवैध कटान की विभागीय जांच भी शुरू की गई थी। प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी ने एसडीओ शशि देव को जांच सौंपी थी। जांच रिपोर्ट के बाद एक आरक्षी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था। इधर, इस प्रकरण में जांच पूरी हो गई है। इसके बाद डीएफओ बागरी ने एक आरक्षी को चार्जशीट सौंप दी है जबकि तीन वन दरोगाओं के लिए चार्जशीट की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट पश्चिमी वन वृत्त के वन संरक्षक दीपचंद्र आर्या को सौंपी है। अब इन चारों से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। जवाब मिलने के बाद जुर्माने या अग्रिम जांच की कार्रवाई होगी।

> भाखड़ा रेंज में 64 पेड़ कटने के प्रकरण में एक आरक्षी को चार्जशीट सौंप दी है जबकि तीन वन दरोगाओं के खिलाफ चार्जशीट की संस्तुति पश्चिमी वन वृत्त के वन संरक्षक से की है। चारों का जवाब मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। – **हिमांशु बागरी**, डीएफओ तराई केंद्रीय वन डिवीजन

# बिजली कर्मचारी बन घर में घुसे लुटेरे से भिड़ी महिला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बिजली कर्मी बनकर घर घुसे लुटेरे को हिमाकत भारी पड़ गई। घर में मौजूद महिला ने मुंहतोड़ जवाब दिया तो लुटेरा भाग खड़ा हुआ और जान बचाकर भागता लुटेरा वहीं लगे एक सीसीटीवी में कैद हो गया।

जगदंबिका विहार कालोनी मुखानी निवासी नीरज पांडे ने पुलिस को बताया कि पांच फरवरी को वह घर से बाहर थे। घर में उनकी पत्नी व एक और महिला थी। इस बीच एक संदिग्ध घर में बिजली कर्मी बनकर घुसा। आरोपी ने सिर को टोपी और चेहरे को मफलर से ढक रखा था। करीब पांच घंटे तक वह घर में काम करता रहा। शाम होते ही उसने घर में लूटपाट का प्रयास शुरू कर दिया। विनय की पत्नी ने बहादुरी दिखाई तो लुटेरा उनका मोबाइल लेकर छत से कूदकर भाग गया। वहां से गुजर रहीं महिलाएं और बच्चे भी डरकर भागने लगे।

**वारदात**

- **लुटेरे ने सिर पर टोपी और चेहरे को मफलर से ढका था**
- **मोबाइल लेकर भागा लुटेरा सीसीटीवी में हुआ कैद**

# कपड़ों के शोरूम में धधकी आग, करोड़ों का माल जला

### वीनस ट्रेडर्स के नाम से है कारोबार, ढाई करोड़ के नुकसान का अनुमान, समय पर पहुंची दमकल ने दो घंटे की मशक्कत के बाद बुझाई आग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हीरानगर में मकान के ऊपर बना शोरूम मंगलवार सुबह अचानक धधक गया। पल भर में आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल मौके पर पहुंच गई और दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक करोड़ों का माल जलकर राख हो गया। शोरूम मालिक के मुताबिक यह नुकसान करीब ढाई करोड़ रुपये का है।

हीरानगर निवासी प्रवीण पांडे और उनके भाई उदित पांडे अपने घर की ऊपरी मंजिल पर वीनस ट्रेडर्स के नाम से कपड़ों का शोरूम चलाते हैं। मंगलवार सुबह परिवार निचले तल पर था। सुबह सात बजे साफ-सफाई करने वाली महिला पहुंची तो उसने ऊपरी मंजिल से धुआं उठता देखा। जानकारी मिलते ही शोरूम मालिक छत पर पहुंच गए। उन्होंने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन काबू नहीं हुई। इधर, खबर मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंच गई। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझा ली गई।

शोरूम मालिक प्रवीण पांडे ने बताया कि दुकान में रेडीमेड कपड़े, तैयार ऑर्डर और कपड़ों के थान के अलावा अन्य सामान था, जो जलकर राख हो गया। उन्होंने करीब ढाई करोड़ रुपये का नुकसान का अनुमान जताया है। मौके पर पहुंचे सीएफओ गौरव किरार ने बताया कि प्राथमिक जांच में शार्ट सर्किट से आग का अंदेशा है। मामले की जांच की जा रही है।

**फायर हाइड्रेंट होता तो नहीं होता इतना बड़ी नुकसान :** आग को बुझाने पहुंची दमकल की एक गाड़ी कम पड़ गई और एक के बाद एक चार गाड़ियों का पानी आग बुझाने में लग गया। दमकल को इतनी गाड़ियों की जरूरत नहीं पड़ती अगर क्षेत्र में फायर हाइड्रेंट होता। यहां फायर हाइड्रेंट की जरूरत इसलिए भी है कि वीनस ट्रेडर्स के ठीक सामने रोडवेज के आरएम का कार्यालय और पुलिस योगा पार्क है। पुलिस योगा पार्क के सामने पर्वतीय उत्थान मंच है, जिसमें हमेशा कोई न कोई मेला या सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते रहते हैं। इसके अलावा एक बड़ा प्राइवेट स्कूल भी हीरानगर में है।

हीरा नगर स्थित वीनस शोरूम लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

वीनस ट्रेडर्स के गोदाम में लगी भीषण आग के बाद हुआ नुकसान। ● अमृत विचार

### दूल्हे का सेहरा और शेरवानी राख, बरातियों का सूट भी जला

**हल्द्वानी :** वीनस ट्रेडर्स अपने काम के लिए जाना जाता है और शादियों के सीजन में यहां ग्राहकों की भारी भीड़ होती है। इन दिनों भी ग्राहकों के तमाम ऑर्डर बनकर तैयार थे। मंगलवार को आग लगी तो कई दूल्हों के सेहरा, शेरवानी और बरातियों के सूट भी जलकर राख हो गए। अब मालिक के लिए यही चिंता की बात है कि वह जल चुके तैयार ऑर्डर को दोबारा कैसे पूरा करके देगा। हीरानगर स्थित वीनस ट्रेडर्स में कोट-पैंट के कपड़ों से लेकर शेरवानी के थान हमेशा भारी मात्रा में मौजूद रहते हैं। लोग मौके पर ही कपड़े पसंद करते हैं और फिर यहीं ड्रेस की सिलाई होती है। ट्रेडर्स के मालिक उदित पांडे का कहना है कि हाल के दिनों में कई शादियां हैं, जिनके ऑर्डर या तो बनकर तैयार थे या फिर काम पूरा होने वाला था। इन कपड़ों के साथ बड़ी संख्या में थान आदि जलकर राख हो गए। नैनीताल जिले के अलावा अन्य जिलों से भी ऑर्डर थे। जब ऊपरी मंजिल पर बने शोरूम और गोदाम में आग लगी तो पूरा परिवार नीचे के तल पर था, लेकिन भनक नहीं लगी। संभवत : आग कई घंटे से सुलग रही थी।

गोदाम में लगी आग के बाद निरीक्षण करते सीएफओ।

लालकुआं कोतवाली के मुख्य द्वार पर मृतक की बहन को समझाते पुलिसकर्मी।

# मारपीट में घायल युवक की मौत से भड़के परिजन

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** सप्ताह भर पहले मारपीट की घटना में घायल युवक की मौत से भड़के परिजनों ने मंगलवार को लालकुआं कोतवाली में जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने उन्हें बमुश्किल समझाकर वापस भेजा। इधर घटना को लेकर मृतक युवक के घर में कोहराम मचा है।

विशाल शर्मा।

एक सप्ताह पहले 25 एकड़ झोपड़ पट्टी कॉलोनी में आपसी विवाद में तीन युवकों ने विशाल शर्मा व लक्ष्मण पर प्राण घातक हमला किया था। इसमें विशाल शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे राम मूर्ति चिकित्सालय भोजीपुरा में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान मंगलवार को विशाल शर्मा की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन विशाल का शव लेकर जैसे ही लालकुआं पहुंचे उसके परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने कोतवाली परिसर में जमकर हंगामा काटा। विशाल शर्मा की बहन डिंपल सहित अन्य परिजन कोतवाली परिसर के मुख्य द्वार पर बैठ गए। पुलिस ने बमुश्किल समझाकर घर भेजा। परिजनों का आरोप है कि मारपीट में तीन चार अन्य लोग और शामिल हैं। उनके खिलाफ भी मुकदमा पंजीकृत किया जाए जबकि पुलिस ने मृतक की माता विमला देवी की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ 31 दिसंबर को मुकदमा दर्ज किया है, जिसे बाद में जांच के बाद आईपीसी की धारा 307 में तरमीम किया था। घटना में लिप्त आरोपी लवकुश, राजकुमार व आकाश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इधर पुलिस ने युवक की मौत के बाद मुकदमा धारा 302 में परिवर्तित कर दिया है।

# तेजी से गिर रहे नैनीझील के स्वास्थ्य में आया सुधार

गौरव जोशी, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनी झील की सेहत में अब सुधार आ रहा है। नैनीझील की पारिस्थितिकी तंत्र और भौगोलिक संरचना पर लंबे समय से अध्ययन कर रहे वरिष्ठ वैज्ञानिक आशुतोष मिश्रा ने बताया कि पंतनगर विवि के द्वारा हर 15 दिन के अंतराल में झील के पानी की गुणवत्ता जांची जाती है। विवि द्वारा की जा रही रिसर्च के तहत पानी की गुणवत्ता में पहले की अपेक्षा 80 प्रतिशत सुधार दर्ज किया गया है। जहां पहले झील में ऑक्सीजन की मात्रा 18 ग्राम प्रति लीटर थी वहीं अब वो 8 ग्राम प्रति लीटर है। जबकि पानी का पीएच लेवल 8.2 प्रति ग्राम और ट्रांसपेरेंसी 140 प्रति लीटर है जो नैनी झील की संरचना के लिए शुभ संकेत हैं।

पानी के इन पैरामीटर के साथ-साथ पानी में नाइट्रेट, फास्फोरस, फाईटोपीलंटन, ज्योपिलंटन की मात्रा में तेजी से सुधार हो रहा है। साथ ही रिसर्च के तहत नैनीझील के लिए खतरनाक साबित हो रही मछलियों को झील से निकालने का काम किया जा रहा है।

### अभी जारी रहेगा ऑक्सीजन डालने का काम

झील में अध्ययन कर रहे पंतनगर विवि के वैज्ञानिक आशुतोष बताते हैं कि नैनीझील की तलहटी में ऑक्सीजन खत्म होने से झील पर खतरा मंडरा रहा था। जिसको देखते हुए पंतनगर विवि और जिला विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में झील को कृत्रिम सांसें देने के लिए लेक एरिएशन योजना शुरू की गई ताकि झील की तलहटी में ऑक्सीजन बनी रही। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने नैनीताल दौरे के दौरान करीब 98 करोड़ का बजट जारी कर झील को सुरक्षित रखने की नींव रखी और अध्ययन की जिम्मेदारी पंत विवि को दी गई।

# चौड़ीकरण के लिए लगाए निशान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हल्द्वानी में सड़कों और चौराहों को चौड़ा किया जाना है। इसी क्रम में कुसुमखेड़ा, ऊंचापुल सहित आसपास के इलाकों में निर्माणों पर लाल निशान लगाए गए हैं।

नगर निगम की टीम मंगलवार को कुसुमखेड़ा क्षेत्र में पहुंची और यहां तिराहे और चौराहों और चौड़ा करने की जद में आ रही संपत्तियों पर लाल निशान लगाने लगी। जंक्शन इंप्रूवेंट के तहत कार्रवाई की जा रही है। तिराहों और चौराहों पर सड़क को 11.5-11.5 मीटर चौड़ा करना है। सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने बताया कि कुसुमखेड़ा, ऊंचापुल, कठघरिया और लामाचौड़ में लाल निशान लगाए गए हैं। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने कहा कि राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद कार्रवाई प्रारंभ की गई है। चौड़ीकरण की सीमा आने वाली राजकीय और निजी संपत्तियों को चिन्हित कर लिया गया है। बताया कि संबंधित अपना पक्ष रखने के लिए नगर निगम आ सकते हैं।

लाल निशान लगाती टीम।

### ऐशबाग में नाले पर हो रहा निर्माण किया सील

**हल्द्वानी :** जिला विकास प्राधिकरण ने ऐशबाग में नाले पर हो रहे निर्माण को सील कर दिया है। प्राधिकरण की संयुक्त सचिव ऋचा सिंह ने बताया कि मंगलवार की देर सायं सूचना मिली की ऐशबाग में नाले के ऊपर आवासीय निर्माण किया जा रहा था। टीम मौके पर पहुंची तो शिकायत सही मिली। निर्माणकर्ता भी कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका।

# शिक्षा विभाग में कर्मचारियों की अटैचमेंट व्यवस्था खत्म

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शिक्षा विभाग ने नैनीताल जिले में लिपिक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के अटैचमेंट समाप्त कर दिए हैं। इस आदेश से एक दर्जन से भी ज्यादा कर्मचारियों को अब अपनी मूल तैनाती स्थल पर जाना पड़ेगा।

मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी ने आदेश जारी कर कहा कि कार्यालय सहयोग के लिए लिपिक संवर्ग और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का अटैचमेंट समाप्त किया जाता है। कई कर्मचारियों ने अपनी मनपसंद जगह पर तैनाती के लिए मूल स्थान के साथ ही अटैचमेंट ले रखा था। जिस वजह से मूल स्थान पर काम प्रभावित होता था। इस वजह से मुख्यालयों में मानक से अधिक कर्मचारियों की तैनाती हो गई। इधर आरटीआई कार्यकर्ता हेमंत गौनिया का कहना है कि उन्होंने अटैचमेंट की जानकारी के लिए सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी थी। जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। आरटीआई में बिंदु चार में सूचना मांगी गई थी कि अटैचमेंट समाप्त किये जाने के बाद भी जिस अधिकारी को अटैचमेंट की तहत तैनाती दी गई है, उनके नाम और पते की सूचना दें।

# कृष्णापुर में बाघ का किशोर पर हमला

**नैनीताल:** नैनीताल में बाघ अब आवासीय क्षेत्रों में भी घुसने लगा है। बीते कुछ दिनों से नगर के मल्लीताल स्थित चार्टन लॉज में देर शाम कई बार बाघ को देखा गया। वहीं सोमवार देर शाम कृष्णापुर क्षेत्र के मोटापान में 17 वर्षीय कुमैल जैदी निवासी कृष्णापुर पर अचानक बाघ ने हमला कर दिया। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। क्षेत्र में बिजली नहीं होने के चलते बाघ घात लगाए बैठा था। बच्चों की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया। इसके बाद से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। प्रत्यदर्शियों के अनुसार बीते दो दिन से क्षेत्र में बिजली गुल है।

# अब शाम साढ़े छह बजे से सीतावनी मार्ग पर्यटकों के लिए रहेगा बंद

**रामनगर, अमृत विचार :** अब वन्य जीवों के आवागमन में दखलंदाजी न हो साथ ही पर्यटक भी सुरक्षित रहे इसको ध्यान में रखते हुए रामनगर वन प्रभाग ने सीतावनी जाने वाले मार्ग पर शाम साढ़े छह बजे से रोक लगा दी है।

बता दें कि बीते दिनों हाथियों के झुंड ने दिल्ली के पर्यटकों की कार पर हमला बोल दिया था। इसमें पर्यटको ने भागकर अपनी जान बचाई थी। विभाग का कहना है कि यह क्षेत्र बाघों के साथ हाथियों का बाहुल्य क्षेत्र है। पर्यटकों को वन्यजीव कोई नुकसान न पहुंचा सकें इस लिहाज से यह निर्णय लिया गया है। रामनगर वन प्रभाग के डीएफओ दिगंत नाथ ने कहा कि रामनगर से सीतावनी जाने वाले मार्ग को शाम साढे.छह बजे से बंद किया गया है। ऐसा पर्यटकों की सुरक्षा के लिहाज से किया गया है। उन्होंने कहा जिन लोगों को निकलना है तो वह शाम छह बजे से पहले निकल जाएं।

**पहल** बजट को मिली मंजूरी, 23 वार्डों को मिलेगा योजनाओं का सीधा लाभ, 800 किमी पेयजल लाइन व 122 किमी सीवर लाइन बिछाई जाएगी

# पेयजल व सीवर लाइन योजनाओं से लाभान्वित होंगे 50 हजार परिवार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में 1400 करोड़ रुपये से पेयजल व सीवर योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाएगा जिससे सीधे तौर पर लगभग 50 हजार लोगों को लाभ मिलेगा। योजनाओं के धरातल में उतरने पर नया नगर निगम क्षेत्र इससे लाभान्वित होगा जिसमें 23 वार्ड शामिल हैं।

योजना पर काम करने के लिये बजट को मंजूरी मिल गई है। योजना में एडीबी फंडिंग कर रहा है और यूयूएसडीए की ओर से काम किया जा रहा है।

शहर में लगभग 800 किमी पेयजल लाइन बिछाई जाएंगी जिससे 39 हजार घरों को पानी के कनेक्शन दिए जाएंगे जबकि 122 किमी. सीवरेज लाइन बिछाने पर 11 हजार परिवारों को लाभ मिलेगा। योजना में काम करने के लिये टेंडर जारी हो गए हैं और फर्म के साथ एग्रीमेंट की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद माह के अंत तक काम शुरू कर दिया जाएगा।

बता दें कि यूयूएसडीए शहर में 2200 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं पर काम कर रहा है जिसमें पेयजल व सीवर लाइन के साथ अन्य काम भी होने हैं जिसमें प्राथमिकता के आधार पर पेयजल व सीवर के लिये बजट मिल चुका है।

कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं पर बजट मंजूर होना अभी बाकी है जिनमें तहसील परिसर के पास 336 करोड़ रुपये की प्रस्तावित लागत से बहुउद्देशीय भवन बनाया जाना है जिसकी डीपीआर बनाकर शासन को भेज दी गई है। इसके साथ ही सीएमपी (कांप्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान) के तहत सड़क व उससे संबंधित अन्य कार्य किये जाएंगे। इस पर 194 करोड़ रुपये से काम किया जाएगा। दोनों योजनाओं की डीपीआर शासन में भेजी गई है। सभी महत्वपूर्ण योजनाओं के धरातल पर उतरने पर आमजन को लाभ मिलेगा।

बहुउद्देशीय भवन की ग्राफिक इमेज। ● अमृत विचार

### शहर में बनेगा इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम

महत्वपूर्ण योजनाओं में इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) भी महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। सीएमपी के अंतर्गत ही इसमें काम किया जाएगा। आईटीएमएस में शहर के ट्रैफिक सिस्टम को आधुनिक बनाया जाएगा। इसके तहत एडेप्टर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम बनाया जाएगा। इसमें शहर के प्रमुख चौराहों में ऑटोमेटिक सिग्नल सिस्टम, बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिये अर्ली वार्निंग सिस्टम, रेड लाइट वॉयलेशन सिस्टम, स्पीड वॉयलेशन कैमरा और एनपीआर कैमरे लगाए जाएंगे। पूरे सिस्टम का कंट्रोल बहुउद्देशीय भवन में बनने वाले कंट्रोल सिस्टम में रहेगा।

> 1400 करोड़ रुपये की योजनाओं के लिये फर्म के साथ एग्रीमेंट किया जा रहा है जिसके बाद जल्द काम शुरू हो जाएगा। सभी प्रोजेक्ट लाइन में हैं। बहुउद्देशीय भवन व सीएमपी के लिये भी जल्द बजट स्वीकृत होने की उम्मीद है।
> – **कुलदीप सिंह**, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, यूयूएसडीए

### 14 नये टैंक, 8 ट्यूबवेल और 10.50 एमएलडी का एसटीपी बनेगा

पेयजल योजना के अंतर्गत 14 नये ओवरहेड टैंक बनाये जाएंगे जबकि 25 पुराने टैंकों की मरम्मत कर उनको इस्तेमाल में लाया जाएगा। 8 नये ट्यूबवेल का निर्माण और 37 पुराने नलकूपों का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। वहीं, सीवरेज योजना में 10 .50 एमएलडी क्षमता के एक नये सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी का निर्माण किया जाएगा।

### मौसम ने ली करवट, अचानक बढ़ी ठंड, धूप में भी नहीं मिली राहत, अधिकतम तापमान 7 डिग्री तक गिरा

# बारिश के बाद कोहरे और शीतलहर से कांपा हल्द्वानी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पश्चिम विक्षोभ हट चुका है और बारिश रुक गई है। मंगलवार को शहर में सुबह से कोहरा छाया रहा। कुछ हिस्सों में धूप निकली। शीतलहर से पारा नीचे गिर गया।

सोमवार को हुई बारिश के बाद मंगलवार की शुरूआत कोहरा और शीतलहर से हुई। काठगोदाम में देर सुबह धूप निकली लेकिन शहर के बाकी हिस्सों में कोहरा छाया रहा। साथ ही शीतलहर भी चलती रही। पहाड़ों में हुई बर्फबारी के बाद पहाड़ से सर्द हवाएं मैदान की ओर चल रहीं हैं। जिस वजह से तापमान में काफी गिरावट आई है। लोगों को एक बार फिर से जनवरी माह में पड़ी ठंड का अहसास होने लगा। शाम होने के साथ ही ठिठुरन और भी बढ़ गई। हल्द्वानी में अधिकतम तापमान 15.4 डिग्री दर्ज किया जो सामान्य से करीब सात डिग्री कम है। साथ ही न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी कोहरा छाए रहने का अनुमान है।

मंगलवार की सुबह रामपुर रोड पर 11 बजे तक छाया रहा घना कोहरा। ● अमृत विचार

**ठंड व कोहरे से जनजीवन अस्त व्यस्त :** बनबसा में मंगलवार सुबह से ही क्षेत्र में कोहरे के साथ जबरदस्त ठंड पड़ रही है, जिससे लोगों को रोजमर्रा के कार्यों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कोहरे के चलते दिनभर अंधेरा छाया रहा।

सड़क पर चल रहे वाहन भी दिन में लाइट जलाकर चले। लोगों ने ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया। पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी ने नगर पंचायत प्रशासन से अलाव की व्यवस्था करने की मांग की।

### बारिश ने खोली बाजार में व्यवस्था की पोल

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित गरमपानी खैरना बाजार क्षेत्र में कुछ देर की बारिश में ही व्यवस्था की पोल खुल गई। बरसाती नाली बंद होने से बारिश के पानी के साथ बहकर आई गंदगी हाइवे पर फ़ैल गई। गंदगी होने से राहगीरों व स्कूली बच्चों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कोसी घाटी स्थित गरमपानी खैरना बाजार क्षेत्र में बनी बरसाती नाली को खुलवाए जाने की कई बार मांग उठ चुकी है बावजूद लगातार अनदेखी की जा रही है जिसका खामियाजा क्षेत्र के बाशिंदों को भुगतना पड़ रहा है। हालांकि बाजार क्षेत्र में व्यवस्थाएं चाक चौबंद करने के दावे खूब किए जाते हैं पर धरातल में स्थित बद से बद्तर हो चुकी है। लंबे समय के बाद बीती रात से शुरु हुई बारिश ने बाजार क्षेत्र में व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी। बाजार में बनी बरसाती नाली के बंद होने से बारिश के पानी के साथ गंदगी बाजार क्षेत्र में फैल गई। गंदगी बिखर जाने से स्कूली नौनिहालों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### तराई में सुबह कोहरा दिन में निकली हल्की धूप

**रुद्रपुर :** तराई में सुबह के समय कोहरा लगने और दिन में हल्की धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली है। वहीं अधिकतम तापमान भी छह डिग्री तक कम हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों ने तराई में अगले दो-तीन दिन तक सुबह के समय हल्का कोहरा छाने की संभावना जताई है। मंगलवार को सुबह से कोहरा छाया रहा। दोपहर बाद हल्की धूप निकली, हालांकि शीतलहर चलने से धूप का ज्यादा असर दिखाई नहीं दिया। वहीं सायं होते-होते शीतलहर के साथ ठंड भी बढ़ गयी। वहीं जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि तराई का अधिकतम तापमान 15 और न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि सोमवार को अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस रहा।

## सार-संक्षेप

### नौकुचियाताल के नौल बिजरौली में बिजली का संकट

**भीमताल :** नौकुचियाताल के नौल बिजरौली में बिजली कटौती और लो वोल्टेज से जनता परेशान है। सामाजिक कार्यकर्ता पूजा जोशी ने सांसद अजय भट्ट को पत्र लिखकर बताया कि क्षेत्र में अधिकतर ट्रांसफार्मर ओवरलोड से ग्रसित हैं। इसके चलते कई स्थानों पर या तो बिजली आती-जाती रहती है या लो वोल्टेज रहता है। इसलिए नौल और बिजरौली में 4 ट्रांसफार्मर अपग्रेड करने जरूरी हैं।

### चार कर्मचारियों के वेतन कटौती के दिए निर्देश

**हल्द्वानी :** सिटी मजिस्ट्रेट/टीपी नगर परियोजना की प्रशासक ऋचा सिंह ने मंगलवार को टीपी नगर का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर टीपी नगर में साफ-सफाई व्यवस्थाएं समुचित नहीं मिलीं। फिर उन्होंने उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया जिसमें तीन कर्मचारी श्याम सुंदर, डिंपी, मिथिलेश एवं लाइनमैन मोहम्मद अनीस गैरहाजिर पाए गए। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी पर्यावरण मित्रों को चेतावनी दी गई थी कि कार्यों में लापरवाही नहीं बरतें। फिर भी लापरवाही सामने आई है। इस वजह से इन चार कर्मचारियों के वेतन कटौती के निर्देश टीपी नगर प्रभारी को दिए गए हैं।

### पूर्व मुख्यमंत्री से क्षेत्र के विकास को लेकर की चर्चा

पांडे गांव में पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी का स्वागत करते लोग।

**भीमताल :** पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी भीमताल के पांडे गांव में स्थानीय उद्यमी द्वारा बनाए गए होटल माउंटेरिया 11 को देखने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय युवकों द्वारा पर्यटन को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। सामाजिक कार्यकर्ता नितेश बिष्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया और प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस दौरान भीमताल की ऊंची चोटी करकोटक तक पूर्व में बने रज्जू मार्ग की योजना से अवगत कराया। इस दौरान वर्तमान मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, पूर्व मंडल अध्यक्ष पंकज जोशी, योगेश तिवारी आदि मौजूद थे।

### थैलेसीमिया के मरीजों के लिए किया रक्तदान

पीएनबी की ओर से लगे शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** पंजाब नेशनल बैंक ने मंगलवार को मंडल कार्यालय में बेस अस्पताल के ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया। जिसका शुभारंभ मंडल प्रमुख प्रताप सिंह रावत ने किया। शिविर में बैंक के 65 स्टाफ सदस्यों व ग्राहकों ने रक्तदान किया। बताया कि यह रक्तदान बेस अस्पताल में 130 पंजीकृत थैलेसीमिया के मरीजों के इलाज में सहायक होगा। इस मौके पर उपमंडल प्रमुख संजीव पुरोहित, एमसीसी प्रमुख संजीव कुमार, केसी नौटियाल, अरविंद कुमार, हिमांशु बृजवासी, बसंत बल्लभ जोशी, योगेश पंत आदि मौजूद रहे।

### पुनर्नवा ने बच्चों को दी शिक्षण सामग्री

बच्चों के बीच पुनर्नवा संस्था की सदस्य।

**हल्द्वानी :** पुनर्नवा महिला समिति ने माघ कृष्ण पक्ष एकादशी पर रामपुर रोड स्थित वीरांगना संस्था के 30 बच्चों को पठन-पाठन एवं लेखन की सामग्री वितरित की। साथ ही बच्चों को चप्पल, मौजे भी दिए। इस दौरान बच्चों ने कई सुंदर कविताएं सुनाईं। साथ ही गीत व नृत्य भी प्रस्तुत किए। संस्था अध्यक्ष योगेश रजवार ने पुनर्नवा के सभी सदस्यों का आभार जताया। समिति की अध्यक्ष लता बोरा, शांति जीना, यशोदा रावत, मंजू बनकोटी, अंजना बोरा, कुसुम बोरा, रेखा रावत, उर्वशी बोरा, पूनम बिनवाल व दीक्षा उपस्थित रहीं।

# साहब! सर्दी के मौसम में भी नहीं मिल रहा पीने का पानी, कैसे होगा काम

### तहसील दिवस में पहुंचे इंदिरानगर के लोगों ने तहसीलदार को बताई समस्या

▸▸ सड़क, बिजली, पेंशन और साफ-सफाई की समस्याएं भी उठाईं गईं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तहसील दिवस में बनभूलपुरा क्षेत्र की समस्याएं छाई रहीं। लोगों ने तहसीलदार सचिन कुमार से कहा कि साहब! सर्दी के मौसम में भी पीने का पानी नहीं मिल रहा है। कई दिनों से समस्या बनी है, लेकिन अधिकारी कुछ नहीं कर रहे हैं।

मंगलवार को कई लोग पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व में तहसील पहुंचे। उन्होंने कहा कि इंदिरानगर के वार्ड 32 में कई घरों में पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है। शिकायत के बावजूद समस्या जस की तस बनी है। कहा कि छोटी रोड और बड़ी रोड मुख्य सड़कों की स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। बार-बार शिकायत करने के बाद भी नगर निगम लाइटों को ठीक नहीं कर रहा है। क्षेत्र की सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। लोगों ने गौला रोखड़ से ट्रंचिंग को दूसरी जगह शिफ्ट करने, राशन कार्ड बनाने, पेंशन व गैस कनेक्शन दिलाने की मांग उठाई।

तहसील दिवस पर इंदिरानगर की समस्या को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

शकील सलमानी ने तहसीलदार से तहसील दिवस में न आने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान तहसीलदार ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। जबकि शेष समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान आरती देवी, दुर्गा देवी, राखी, रेनू कुमारी, मीना, कंचन देवी, वकील अहमद, इलियास अहमद, असलम अहमद, अंबर अली मौजूद रहे।

### राजपुरा में गल चुके विद्युत पोलों को बदलने की मांग

**हल्द्वानी :** यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत साहू के नेतृत्व में तहसील पहुंचे लोगों ने जन मुद्दों को उठाया। साहू ने चार सूत्रीय मांग पत्र प्रभारी अधिकारी को देकर उचित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने राजपुरा में सिविल लाइन के निर्माण से गले दर्जनों विद्युत पोलों को बदलने, स्ट्रीट लाइटों को ठीक कर लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने व राशन कार्ड बनाने में सरलीकरण करने की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता प्रीति आर्य ने कहा कि तहसील दिवस में जो मुद्दे उठाए जाते हैं उन पर गंभीरता से कार्रवाई होनी चाहिए। इस मौके पर सचिन राठौर, मयंक गोस्वामी, शाहनवाज मलिक, काजल आर्य आदि मौजूद रहे।

## लेखन कार्यशाला में बच्चों ने जाना कहानी कैसे लिखें

**हल्द्वानी :** पत्रिका बालप्रहरी, भारत ज्ञान विज्ञान समिति और हल्द्वानी किताब कौतिक के संयुक्त तत्वावधान में एचएन इंटर कालेज में बाल लेखन कार्यशाला जारी है। तीसरे दिन बच्चों ने कहानी लेखन की बारीकियों को समझा। वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन रौतेला ने बच्चों से कहा कि उनके लेखन की रचनात्मकता को पिछले दो दिनों में जो नया आयाम मिला, वह आज और विस्तार लेगा। कहानीकार एवं प्रवक्ता दिनेश कर्नाटक ने बच्चों को बताया कि कहानी किस तरह, कैसे लिखी जाती है। बच्चों ने कहानी सत्र में कुछआ व खरगोश की कहानी को अपने-अपने अंदाज में प्रस्तुत किया। बच्चों ने समूह में कहानी तैयार की। अधूरी कहानी को पूरा करो जैसी गतिविधियां भी कराईं गईं। बच्चों ने नुक्कड़ नाटक 'मोबाइल टन टनाटन' की तैयारी की।

# कौतिक में होंगी 75 हजार किताबें

▸▸ हल्द्वानी में तीन दिवसीय किताब कौतिक का होगा आयोजन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी में 9 फरवरी से तीन दिवसीय किताब कौतिक का आयोजन होगा। जिसमें 70 से अधिक प्रकाशकों की 75 हजार से ज्यादा किताबें उपलब्ध रहेंगी। साथ ही साहित्यिक परिचर्चा, फोटोग्राफी प्रतियोगिता आदि का आयोजन होगा।

किताब कौतिक आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. बहादुर सिंह बिष्ट ने रामपुर रोड स्थित एक होटल में कहा कि पिछले एक साल में टनकपुर, बैजनाथ, चंपावत, पिथौरागढ़, द्वाराहाट, भीमताल और नानकमत्ता में किताब कौतिक के सफल आयोजन हुए हैं।

पत्रकारों को जानकारी देते किताब कौतिक के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

जिनमें छात्रों, युवाओं व विभिन्न वर्गों के अब तक 50 हजार से ज्यादा लोग शामिल हो चुके हैं। आयोजन समिति के डॉ. सतीश पंत ने कहा कि तीन दिन के किताब कौतिक के आयोजन के दौरान 70 से अधिक प्रकाशकों की लगभग 75,000 से अधिक पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। आयोजन समिति के सचिव नरेन्द्र बंगारी ने कहा कि कार्यक्रम में साहित्यिक परिचर्चा, पुस्तक लोकार्पण , फोटोग्राफी प्रतियोगिता, विज्ञान का कोना, दूरबीनों से तारा अवलोकन, नेचर वॉक, पक्षी अवलोकन, स्वयं सहायता समूहों के स्टॉल व प्रसिद्ध लेखकों से सीधी बातचीत भी होगी। क्रिएटिव उत्तराखंड -म्यर पहाड़ के दयाल पांडे ने कहा कि पुस्तक मेला में विनीत कुमार, सोनाली मिश्रा, नंदिता पांडे, चारु तिवारी, भूपेश जोशी, गीत चतुर्वेदी शामिल होंगे। इस दौरान जगमोहन रौतेला, मंजू पांडे उदिता, डॉ. बीएस कालाकोटी मौजूद रहे।

**चिंताजनक** इस साल दूध उत्पादन में 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई

# पशुपालक बढ़े, मगर दूध का उत्पादन गिरा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिले में साल दर साल पशुपालकों की संख्या तो बढ़ रही है लेकिन दूध उत्पादन गिर रहा है। जिले में इस साल दिसंबर तक करीब 8 प्रतिशत पशुपालक बढ़े लेकिन दूध उत्पादन में 5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

दावा किया जाता है कि जिला दूध उत्पादन में अव्वल है लेकिन आंकड़ों पर गौर करें तो पिछले साल की तुलना में इस बार अब तक जिले में दूध का उत्पादन कम हुआ है। जिले में पिछले साल अप्रैल माह में प्रतिदिन औसतन 101987 लीटर दूध का उत्पादन हुआ, जो इस साल इसी दौरान गिरकर औसतन 95710 लीटर प्रतिदिन पर पहुंच गया। इसके बाद के महीनों में भी दूध उत्पादन लगातार गिरता गया। पिछले साल मई में 93288 लीटर प्रतिदिन, जबकि इस साल इसी समय में 88735 लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन हुआ। पिछले साल की तुलना में इस बार अगस्त में 11254 लीटर प्रतिदिन, सितंबर में 9122 लीटर प्रतिदिन, अक्टूबर में 3705 लीटर प्रतिदिन दूध का कम उत्पादन हुआ।

इधर, दिसंबर माह में जिले के दूध उत्पादन में सुधार हुआ। पिछले साल दिसंबर में औसतन 88324 लीटर प्रतिदिन तो इस साल इसी दौरान 96848 लीटर प्रतिदिन दूध का उत्पादन हुआ। पशु चिकित्सकों का कहना है कि ठंड के दिनों में गाय, भैस आदि ब्याने लगती व हरा चारा आसानी से उपलब्ध रहता है, इसलिए इस समय दूध उत्पादन बढ़ना स्वभाविक होता है। आश्चर्यजनक बात यह कि दूसरी ओर पशुपालकों की संख्या में साल दर साल इजाफा हो रहा है। पिछले साल 10 प्रतिशत व इस साल दिसंबर तक 8 प्रतिशत पशुपालक बढ़े हैं। इस समय जिले में पशुपालकों की संख्या 25 हजार से ज्यादा है।

### उत्पादन कम होता गया, उत्पाद बढ़ते गए

एक ओर दूध का उत्पादन कम हो रहा है, वहीं आंचल के उत्पादों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हाल में आंचल ने बाल मिठाई, चाय स्पेशल दूध, ट्रेटा पैक में लस्सी व छांछ, 4 फलेवर में फ्लेवर्ड मिल्क बोतल, दूध ट्रेटा पैक आदि उत्पाद तैयार किए हैं।

> जिले में दूध उत्पादन बढ़ा है। जब दूध की कमी होती है तो हम अन्य जगहों से ले लेते हैं। अतरिक्त दूध होने पर हम उसे पाउडर में कंवर्ट कर देते हैं, जो एक साल तक खराब नहीं होता।
>
> – संजय भाकुनी, प्रभारी मार्केटिंग इंजार्च, आंचल

# अमृतपुर में गौला नदी किनारे फेंका जा रहा कूड़ा

▸▸ गौला नदी से हल्द्वानी शहर में की जाती है पानी की आपूर्ति

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल विकासखंड के अन्तर्गत रानीबाग के समीप अमृतपुर में अज्ञात लोगों द्वारा कूड़ा डाला जा रहा है। इस कूड़े के कारण जहां स्थानीय निवासी परेशान हैं वहीं इसकी दुर्गंध से पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा है।

स्थानीय निवासियों के मुताबिक यह कार्य किसी एक व्यक्ति के द्वारा नहीं अपितु बड़े वाहनों से कूड़ा यहां लाकर डाला जा रहा है। यह कूड़ा थोड़ी से बरसात में गौला नदी में समा जाता है जिसके चलते गौला भी प्रदूषित हो रही है। यही पानी आगे जाकर हल्द्वानी निवासी पेयजल के लिए प्रयोग करते हैं। इधर ग्राम प्रधान डीके शर्मा ने बताया कि गांव में समस्या तो है पर बाहरी लोगों के द्वारा रात्रि में इस प्रकार का कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता दीपक नौगाई ने भी इस प्रकार के कार्य को रोकने की मांग की है।

॥श्रीः॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google Top Rated
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, विवेकानन्द हॉस्पिटल के सामने, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

जोशी क्लीनिक

डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)



1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा




2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)

Cupping Therapy

रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

## सार संक्षेप

### कुमाऊंनी फिल्म की होगी स्क्रीनिंग

**हल्द्वानी :** यूओयू में कुमाऊंनी काव्य यात्रा पर बनी फिल्म अंग्वाल की स्क्रीनिंग की जाएगी। बुधवार को अपरान्ह तीन बजे स्क्रीनिंग की जाएगी। स्क्रीनिंग सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह नेगी करेंगे।

### 95 प्रतिशत जंगलों में आग लगने की वजह मानवीय चूक

**रामनगर :** कार्बेट टाइगर रिजर्व में मनाए जा रहे अग्निशमन सप्ताह के तहत राजकीय इंटर कॉलेज ढेला के बच्चों को जागरूक किया गया। ढेला रेंज के डिप्टी रेंजर बालम सिंह रावत ने बच्चों को बताया कि 95 प्रतिशत वनाग्नि मानवीय भूल के कारण लगती है और हर वर्ष 90 हजार एकड़ वन आग से प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि वनों में आग लगने से पर्यावरणीय संकट पैदा होने के साथ ही जंगली जानवरों को भी नुकसान पहुंचता है। अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने कहा जंगलों को आग से बचाना हम सबका सामूहिक दायित्व है। इस मौके पर प्रधानाचार्य श्रीराम यादव, बालम सिंह रावत डिप्टी रेंजर भारत सिंह गुसाईं वन दरोगा, नवेंदु मठपाल, सी पी खाती, रक्षित पांडेय वन दरोगा, पूजा तिवारी वन दरोगा, मोनिका टम्टा वन आरक्षी, गोधन सिंह वन आरक्षी, करन सती, बालकृष्ण चंद, सुभाष गोला आदि मौजूद रहे।

### समान वेतन को लेकर निगम कर्मियों ने दिया ज्ञापन

**नैनीताल :** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के पदाधिकारियों ने निगम प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप तिवारी से मुलाकात की। महासंघ ने निदेशक मंडल में नियमित कर्मचारियों की 20 लाख ग्रेच्युटी करने, समय पर वेतन दिलाने, कार्मिकों के विभिन्न मामलों को निदेशक मंडल की बैठक में निस्तारण करने की मांग की। महासंघ अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा, कर्मचारियों को सातवें वेतनमान व पांचवें वेतनमान के तहत वेतन देने पर भी सहमति बनी थी, वह कार्य भी अब तक नहीं हो पाया है। लिहाजा कर्मचारियों की समस्या का जल्द निस्तारण हो। इस दौरान महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन चंदोला, उपाध्यक्ष पीतांबर दुम्का, विपिन खुल्बे, दीपक जोशी, नरेंद्र थापा, रमेश कपकोटी, गौतम कुमार आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनेगा शनि मंदिर का स्थापना दिवस

**नैनीताल :** ठंडी सड़क स्थित शनि मंदिर का 24 वां वार्षिकोत्सव 10 फरवरी को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए तैयारी भी शुरू कर दी गई है। शनि मंदिर के व्यवस्थापक हेमचंद्र जोशी ने बताया कि स्थापना दिवस के मौके पर 10 फरवरी को सुबह से पूजा अर्चना शुरू की जाएगी। सुंदरकांड भजन कीर्तन, आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### शिक्षक चंदन बिष्ट के निधन पर शोक


चंदन बिष्ट

**रामनगर :** राजकीय इंटर कालेज ढिकुली में सहायक अध्यापक पद पर कार्यरत चंदन बिष्ट का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन पर राइंका ढेला में एक शोक सभा की गई। शिक्षक संघ के पूर्व मंडलीय मंत्री नवेंदु मठपाल ने बताया कि 57 वर्षीय बिष्ट अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री व पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। शोक सभा में श्रीराम यादव, मनोज जोशी, सी पी खाती, हरीश कुमार, महेंद्र आर्य, शैलेंद्र भट्ट, संत सिंह, बालकृष्ण चंद, सुभाष गोला, प्रदीप शर्मा, संजीव कुमार, उषा पवार, जया बाफिला मौजूद रहे। उधर राइंका ढिकुली के विद्यालय के प्रधानाचार्य आसाराम निराला, अध्यापक प्रेमचंद कांडपाल, दिनेश चंद्र सिंह रावत, रमेश बिष्ट, चंदन सिंह रावत, सीबीएस कन्याल, नवीन कांडपाल, रघुवर सिंह, कुंदन लाल, हेम पांडे, प्रभात सक्सेना बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ललित मोहन छिमवाल, जगदीश छिमवाल, प्रकाश सती आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### दो करोड़ 92 लाख की वसूली, 4.50 करोड़ का है लक्ष्य

**नैनीताल :** नगर पालिका को वित्तीय माली हालत से उबारने के लिए ईओ राहुल आनंद ने वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निजी व सरकारी संस्थानों की आरआरसी काटनी शुरू कर दी है, जिसके बाद बकायेदारों द्वारा बकाया जमा करना शुरू कर दिया है। पालिका ने मार्च 22 से जनवरी 23 तक दो करोड़ 92 लाख की हुई वसूली कर ली है। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि अब तक दो करोड़ 92 लाख की वसूली हो चुकी है जबकि उनका लक्ष्य 4.50 करोड़ रुपये का है।

### स्वामी बालकृष्ण यति महाराज का जन्म दिवस मनाया



**हल्दूचौड़ :** ब्रह्मलीन महामंडलेश्वर श्री स्वामी बालकृष्ण यति महाराज का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। श्री अष्टादशभुजा महालक्ष्मी मंदिर बेरीपड़ाव में सुबह शिव रुद्राभिषेक के बाद संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शिरकत की। गुरु प्रवचन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी सोमेश्वर यति महाराज, मोहन चंद्र पांडे, पंडित कमल शास्त्री, लक्ष्मी नारायण, नवीन भट्ट उपस्थित रहे।

### तीन बाल कलाकार मध्य प्रदेश में मचाएंगे धूम

स्वस्तिका जोशी

हर्षित कुमार

वेदांती जोशी

**नैनीताल :** 23 से 25 फरवरी को छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश में युवा प्रतिभा प्रोत्साहन मंच के सहयोग से तीन दिवसीय शास्त्रीय संगीत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें नैनीताल जनपद की तीन प्रतिभाएं अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम में नैनीताल से सबसे छोटे उम्र के सितार वादक लेक्स इंटरनेशनल स्कूल भीमताल में दसवीं के छात्र हर्षित कुमार, प्रतिष्ठित युवा कथक नृत्यांगना वेदांती जोशी और भरतनाट्यम नृत्य की बाल प्रतिभा सेंट थेरेसा स्कूल हल्द्वानी की कक्षा पांच की छात्रा स्वस्तिका जोशी प्रतिभाग करेंगी।

### हस्तशिल्प प्रशिक्षण का समापन, प्रमाण पत्र दिए

महिलाओं को प्रमाण पत्र देते अतिथि। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** गिरिजा बुटीक एवं महिला विकास संस्था की ओर से गदरपुर में आयोजित नि:शुल्क पर्यावरण अनुकूल हस्तशिल्प उत्पाद प्रशिक्षण का समापन हो गया। जिस पर 50 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर विधायक अरविंद पांडे ने महिलाओं को रोजगार वृद्धि के उद्देश्य से 5 सिलाई मशीनें दीं। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि अतुल ने महिलाओं को गूलरभोज डाम में आजीविका उपार्जन का बेहतर विकल्प बताया तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के परियोजना समन्वयक बालकृष्ण जोशी ने महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए रोजगार संबंधी जानकारियां दी। संस्था अध्यक्ष गीता सत्यवली ने विधायक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक सोनाली, माया रानी, प्रशिक्षिका मोहिनी आदि मौजूद रहीं।

### चुनाव आ रहे हैं, जमीन पर करें काम : सांगुड़ी

महानगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस मधु सांगुड़ी का स्वागत करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

**हल्द्वानी :** मल्ला चौपला वार्ड 37 दमुवाढूंगा में महानगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस मधु सांगुड़ी के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की बैठक हुई। बैठक में मधु सांगुड़ी ने सुनीता टम्टा को ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी और कहा– आगामी चुनाव के लिए तैयार रहें और जमीन पर उतर कर काम करें। अध्यक्षता दीपा गोस्वामी और संचालन मन्नू गोस्वामी ने किया। इस दौरान जया कर्नाटक, भगवती बिष्ट, बीना देवी मौजूद रहीं।

---

4 खिलाड़ी मिले, युवाओं ने स्क्वैश में रूचि नहीं दिखाई तो बनने के बाद से ही पड़ा था बंद

# 6 साल बाद खुला स्क्वैश कोर्ट का ताला

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** 6 साल तक बंद पड़े स्क्वैश कोर्ट का ताला मंगलवार को खुल गया है। अब यहां 4 खिलाड़ी नियमित प्रैक्टिस करेंगे।

साल 2017 में शहर के मिनी स्टेडियम में बना राज्य का पहला स्क्वैश कोर्ट बनने के बाद से ही बंद पड़ा था, क्योंकि शहर के युवाओं ने इस खेल में रूचि नहीं दिखाई लेकिन अब 4 युवा इसमें हाथ आजमाना चाहते हैं। मंगलवार को उनके लिए स्क्वैश कोर्ट का ताला खोला गया।

अनंत गर्ग, राघव गर्ग, चिराग गर्ग व हर्षित सनवाल अब यहां नियमित प्रैक्टिस करेंगे। अनंत गर्ग ने बताया कि पूर्व में उन्होंने स्क्वैश खेला, बाद में खेलना छूट गया लेकिन वह फिर से खेलना चाहते हैं। स्क्वैश खेलने के लिए उन्हें दूसरा खिलाड़ी नहीं मिल रहा था तो उन्होंने अपने भाई को इसके लिए तैयार किया लेकिन अब वे 4 खिलाड़ी हो गए हैं।

स्क्वैश खेलने आए नए खिलाड़ी।

> यह खुशी की बात है कि कुछ खिलाड़ी स्क्वैश के प्रति आकर्षित हुए हैं। उन्हें सुविधाएं दी जाएंगी।
> – रशिका सिद्दीकी, सहायक निदेशक

उन्होंने कहा कि उनके पास एक पुराना रैकेट था लेकिन दूसरा 3500 रुपये में दिल्ली से मंगाया। उन्होंने बताया कि सालों से बंद होने के कारण कोर्ट में काफी गंदगी है, जिससे खेलते समय काफी धूल उड़ती है। हर्षित सनवाल ने कहा कि वह ओपन टूर्नामेंट की तैयारी करेंगे, स्क्वैश में 21 आयु वर्ग से ऊपर के खिलाड़ियों के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं होती हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए उन्हें 6-7 महीने तक कड़ी मेहनत करनी होगी।

#### 45 लाख की लागत से बने थे तीन कोर्ट

मिनी स्टेडियम में करीब 45 लाख रुपये में इंडोर स्क्वैश के लिए तीन कोर्ट बनाए गए हैं, जिनमें एक खिलाड़ियों के प्रैक्टिस व दो अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर बनाए गए हैं।

#### ऐसे खेला जाता है गेम

स्क्वैश टेनिस से मिलता जुलता है लेकिन नियम व गेंद का फर्क होता है। इसमें बीच में कोई नेट नहीं लगी होती व न ही दोनों तरफ से खिलाड़ी इसे खेलते हैं। इस खेल में प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी एक ही तरफ होते हैं, जो रैकेट से एक छोटी रबर की गेंद को दीवार पर पटकते हैं।

राज्य स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट में खेलतीं देहरादून व चमोली की टीमें। ● अमृत विचार

### नैनीताल ने उत्तरकाशी को 5 गोलों से रौंदा

**हल्द्वानी :** राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को पांच मुकाबले हुए, जिसमें नैनीताल व उत्तरकाशी के बीच खेले गए एक रोचक मुकाबले में नैनीताल ने जबरदस्त जीत दर्ज की। इस मैच में नैनीताल ने 5 गोल किए, जबकि उत्तरकाशी आखिर तक एक गोल के लिए भी तरसती रही। निदेशालय उत्तराखंड देहरादून व उत्तराखंड फुटबॉल संघ के समन्वय जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी द्वारा राज्य स्तरीय फुटबॉल ओपन पुरुष प्रतियोगिता इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्टेडियम कॉम्प्लेक्स गौलापार में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उत्तराखंड राज्य से 15 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं, जिसमें मंगलवार को दूसरे दिन प्रथम लीग मैच चंपावत व पिथौरागढ़ के बीच खेला गया, जिसमें चंपावत ने 3-2 से जीत दर्ज की। दूसरा मैच ऊधम सिंह नगर व बागेश्वर के बीच हुआ, जिसमें ऊधम सिंह नगर 1-0 से विजयी रही। तीसरा मैच रुद्रप्रयाग व पौड़ी के बीच खेला गया, जिसे पौड़ी ने 3-0 से जीता।

---

# एक बड़े कारोबारी के हाथ में नकली ऑयल धंधे की डोर

फॉलोअप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ट्रांसपोर्ट नगर में नकली इंजन ऑयल बेचने का मामला सुर्खियों में है। चर्चा है कि पूरे ट्रांसपोर्ट नगर में एक बड़ा कारोबारी इस पूरे खेल को अंजाम दे रहा है। इस कारोबारी के पास जो नकली इंजन ऑयल पहुंचता है वह बिना बिल के आता है। जिसे कुछ ट्रांसपोर्टर इस तक पहुंचाते हैं।

असली की आड़ में धड़ल्ले से नकली इंजन ऑयल बेचने के मामले को 'अमृत विचार' ने उठाया है। पिछले चार दिनों से लगातार प्रकाशित हो रही खबरों से इस कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप मचा है। बताया जाता है कि कुछ छोटे दुकानदारों ने खबर छपने के बाद अपनी दुकानों से नकली इंजन ऑयल को हटा दिया है। उसकी जगह असली इंजन ऑयल रख दिया है। हालांकि चोरी छिपे अब भी दुकानदार कारोबार कर रहे हैं। अब इस खेल में एक बड़े कारोबारी का नाम उभरकर सामने आ रहा है।

सूत्रों के अनुसार नकली इंजन ऑयल बेचने का वाले इस बड़े कारोबारी के पास ट्रांसपोर्ट नगर में करीब 3 से 4 दुकानें हैं। इतना ही नहीं इसके शहर में कई जगहों पर गोदाम हैं। जिनमें हजारों लीटर नकली इंजन ऑयल रखा है। इस कारोबारी के पास दिल्ली, बरेली, रामपुर से बड़ी मात्रा में हर दिन नकली इंजन ऑयल पहुंचता है जो बिना बिल के आता है। बड़े कारोबारी के इस खेल में ट्रांसपोर्ट नगर के अलावा शहर के कुछ ट्रांसपोर्टर भी शामिल हैं। जो बड़ी आसानी से छुपते-छुपाते नकली इंजन ऑयल की खेप को बड़े कारोबार तक पहुंचाते हैं।

#### तीन ट्रांसपोर्टों से आता है नकली माल

ट्रांसपोर्ट नगर में नकली इंजन ऑयल बेचने वाले बड़े कारोबारी के पास तीन ट्रांसपोटों के जरिए माल पहुंचता है। सूत्रों के अनुसार इन तीनों ट्रांसपोर्ट से दिल्ली, बरेली और रामपुर से नकली इंजन ऑयल ट्रकों से हल्द्वानी पहुंचता है, जो ट्रांसपोर्ट नगर व शहर के कुछ ट्रांसपोटों में उतरता है। इसके बाद ये ट्रांसपोर्टर बड़े कारोबारी की दुकान व गोदाम तक माल को पहुंचाते हैं।

#### ग्रीस और ब्रेक ऑयल भी बिक रहा है नकली

नकली इंजन ऑयल के साथ-साथ ट्रांसपोर्ट नगर में ग्रीस और ब्रेक ऑयल भी नकली बिक रहा है। बड़े कारोबारी के अलावा इस धंधे में कई दुकानदार भी शामिल हैं, जो आपसी सांठगांठ से लोगों को चूना लगाकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। बताया जाता है कि पाउच में आने वाला ऑयल भी नकली बिक रहा है। इस बात की पुष्टि कुछ वाहन मालिकों ने स्वयं की है।

> मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई निर्देश दिए जाएंगे। कार्रवाई में अगर कोई भी नकली इंजन ऑयल बेचते पकड़ा गया तो उसके सख्त कार्रवाई होगी।
> – दीपक रावत, मंडलायुक्त

---

# 16 किमी परिधि के भीतर ऑटो संचालन का विरोध

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** ऑटो रिक्शा चालकों ने तिपहिया वाहनों के लिये नगर निगम के केंद्र से 16 किमी. परिधि के भीतर चलने का विरोध किया है। उनका कहना है कि परमिट का विस्तार किया जाना चाहिये और इसे 20-25 किमी. किया जाना चाहिये। चालकों का कहना है कि अभी तक शहर से चलने वाले ऑटो गौलापार, बेलबाबा, ब्लॉक के साथ ही अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जा सकते थे लेकिन नया नियम आने के बाद नगर निगम परिधि समाप्त होते ही लोगों को दूसरे ऑटो रिक्शा में सफर करना पड़ेगा जिससे अतिरिक्त रुपये व समय खर्च होगा। बता दें कि पिछले 9 जनवरी को हुई आरटीए की बैठक में परिवहन विभाग के हल्द्वानी संभाग में ऑटोरिक्शा (तिपहिया वाहन) के लिये यह प्रस्ताव पारित हुआ कि उनको नगर निगम या नगर पालिका क्षेत्र में शहर के केंद्र से 16 किमी. परिधि के अंदर चलने की अनुमति मिलेगी। आरटीए की बैठक में पारित किये गए प्रमुख बिंदुओं में यह एक महत्वपूर्ण बिंदु है। दूसरी तरफ विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कुछ ऑटोरिक्शा चालक परमिट शर्तों का उल्लंघन कर आंतरिक मार्गों पर भी जा रहे थे जिससे उनमें आपस में विवाद की स्थिति पैदा हो रही थी जिस कारण इसे लागू किया गया। ऑटो यूनियन के अध्यक्ष डॉ. केदार पलड़िया ने बताया कि यह नियम बिल्कुल भी व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने बताया कि यूनियन ने कई बार परमिट के विस्तार के लिये आरटीओ के साथ ही मंडलायुक्त को भी ज्ञापन दिया लेकिन इसका विस्तार नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र से बाहर रहने वाले लोगों को शहर आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

#### सख्ती

▸▸ पिछले 9 जनवरी को आरटीए की बैठक में ऑटो रिक्शा के लिये प्रस्ताव हुआ था पारित

> रूट पर चलने वाले ऑटो रिक्शा पर यह नियम लागू नहीं है। नगर निगम क्षेत्र के लिये केवल 150 ऑटोरिक्शा का परमिट है जबकि शहर में 2.5 हजार से अधिक ऑटो चलते हैं जिससे लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी। – संदीप सैनी, आरटीओ, हल्द्वानी संभाग

### ड्राइविंग स्कूल के लिए पहली किस्त में मिले 1.5 करोड़

गौलापार में बनने वाले ड्राइविंग स्कूल के लिये 22.93 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल गई है। इसके साथ ही चालू वित्तीय वर्ष में पहली किस्त के रूप में 1.5 करोड़ रुपये खर्च करने की अनुमति मिली है। योजना में पेयजल निगम की निर्माण इकाई काम कर रही है।

---

# जान का खतरा बता चौकी पहुंची महिला

**गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित खैरना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व महिला को बार बार फोन कर दरवाजा खटखटाने का मामला फिर तूल पकड़ गया। महिला ने चौकी पहुंचकर बाजार में कुछ लोगों पर लगातार तंज कसने का आरोप लगा जान का खतरा जताया। मामला एक बार फिर चौकी पहुंचने से हड़कंप मच गया। घंटों तक चौकी परिसर में दो पक्षों में तीखी बहस भी हुई। आरोप प्रत्यारोप के बीच कार्रवाई की मांग भी उठी। बाद में बामुश्किल मामला शांत हुआ। चौकी प्रभारी दिलीप कुमार के अनुसार दोनों पक्षों में आपसी में समझौता हो गया। साफ कहा की यदि शांति व्यवस्था भंग हुई तो फिर कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

क्षेत्र में रहने वाली एक महिला खैरना चौकी पहुंच गई। तमाम गंभीर आरोप लगाए। बताया की पूर्व में उसको फोन में परेशान कर दरवाजा खटखटाने की घटना के बाद अब बाजार क्षेत्र में कुछ लोग लगातार उसे तंज कस परेशान कर रहे हैं। महिला ने खुद की जान पर खतरा होने का अंदेशा भी जताया। पुलिस से कार्रवाई की मांग की। मामले की सूचना पूरे बाजार क्षेत्र में आग की तरह फ़ैल गई। स्थानीय व आसपास के लोग भी चौकी जा पहुंचे। चौकी परिसर में धीरे धीरे भीड़ बढ़ती चली गई। मामले को लेकर आरोप प्रत्यारोप लगने शुरु हुए। घंटों तक हंगामा होता रहा।

---

### धनियाकोट में शराबियों के बढ़ते आतंक का मामला सीएम पोर्टल में दर्ज

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के धनियाकोट क्षेत्र में शराबियों के बढ़ते आंतक पर अंकुश न लगने से अब मामला मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल तक पहुंच गया है। स्थानीय कृपाल सिंह मेहरा ने सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया है की लगातार माहौल बिगड़ते जा रहा है। कभी भी बड़ी वारदात सामने आ सकती है बावजूद जिम्मेदार अनदेखी पर आमादा है।

रातीघाट – बेतालघाट मोटर मार्ग पर स्थित धनियाकोट क्षेत्र में शराबियों का आतंक सिर चढ़कर बोल रहा है। दिन ढलने के साथ ही बाजार क्षेत्र का माहौल बिगड़ जा रहा है। स्थानीय कास्तकार कृपाल सिंह मेहरा ने आरोप लगाया है कि बाजार क्षेत्र में शराबियों की बढ़ती अधिकता से माहौल खराब होता जा रहा है। बच्चों व महिलाओं को भी आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार पुलिस को सूचना दिए जाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। कृपाल सिंह ने अब मामला मुख्यमंत्री समाधान पोर्टल पर दर्ज करा कार्रवाई की मांग उठा दी है। बताया है कि कई बार कहने के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही। कृपाल ने माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

---

# लखपति दीदी योजना बनाएगी आत्मनिर्भर

लखपति दीदी सम्मेलन के दौरान सम्मानित महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित "लखपति दीदी" जिला सम्मेलन के दौरान उद्यमिता की दिशा में आत्मनिर्भर बन रही महिलाओं को सम्मानित किया गया। भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा रामनगर के जस्सागांजा में एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने कहा कि लखपति दीदी योजना के लागू होने से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी करोड़ों महिलाओं को लाभ मिलेगा। भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अलका जीना की अध्यक्षता में सम्पन्न कार्यक्रम के दौरान विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट ने महिला स्वयं सहायता समूह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र रावत, नगर अध्यक्ष मदन जोशी, ग्रामीण मंडल मीडिया प्रभारी चंदन सिंह अधिकारी, भावना महरा प्रदेश महामंत्री, मोहनी पोखरियाल प्रदेश उपाध्यक्ष, रेखा रावत मौजूद रहे।

---

लापरवाही | 6 दिन बाद भी रोडवेज बस स्टेशन में लगा है गंदगी का अंबार

# ठेकेदार ने उड़ाया आरएम के नोटिस का मखौल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** रोडवेज स्टेशन में 6 दिन बाद भी गंदगी का अंबार लगा है। ठेकेदार ने हल्द्वानी स्टेशन में मंगलवार को भी सफाई नहीं करवाई, जिससे पूरा स्टेशन परिसर गंदगी से पटा पड़ा था। रोडवेज कर्मचारियों ने बताया कि सुबह के समय ठेकेदार के सफाईकर्मियों ने खानापूर्ति करने के लिये एक जगह पर पानी से साफ किया जबकि पूरे स्टेशन परिसर में सफाई नहीं की गई। हर तरफ गंदगी फैले होने से यात्रियों को परेशानी हुई। बारिश के कारण कूड़ा परिसर में चारों तरफ बिखरा हुआ है जिसे उठाया नहीं गया है।

सोमवार को आरएम पूजा जोशी ने स्टेशन का मुआयना किया था और ठेकेदार को नोटिस देने की बात कही थी। लेकिन ठेकेदार आरएम के नोटिस का भी मखौल उड़ा रहा है। कार्यशाला में भी बसों की धुलाई-सफाई नहीं हो रही है। इस कारण अधिकांश गंदी बसों को मार्ग पर दौड़ाया जा रहा है जबकि कई बसों के चालक-परिचालक स्वयं धुलाई-सफाई करने को मजबूर हैं।

रोडवेज बस स्टेशन में फैली गंदगी। ● अमृत विचार

रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें
(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में)
मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें * | मुफ्त भर्ती एवं पलंग * | मुफ्त फेफड़ों के टी.बी. की दवा * | मुफ्त टीकाकरण *
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन * | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा *
विशेष कैम्प 1 से 15 फरवरी 2024 तक
हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे *
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक
हड्डी रोग विभाग: एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।
स्त्री रोग विभाग: स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग: अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।
बाल रोग विभाग: बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।
छाती एवं क्षय रोग विभाग: छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।
मेडिसिन विभाग: अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनलमेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्यता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनलमेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

## एक नजर

### निवर्तमान सभासद ने ईओ पर लगाए अनियमितता के आरोप

**खटीमा।** मगर पालिका परिषद के बाद संख्या 14 के निवर्तमान सभासद पावस गुप्ता ने शहरी विकास निदेशालय के निदेशक को पत्र भेजकर पालिका के प्रभारी अधिशासी अधिकारी पर कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। निदेशक को भेजे शिकायती पत्र में पावस गुप्ता ने तहबाजारी, पार्किंग, स्लॉटर हाउस, डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, पुरानी तहसील की भूमि पर कार्यालय, दुकान बनाने के लिए बिना टेंडर व अनुबंध के संबंधित फर्म को भुगतान किए जाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि शहरी विकास निदेशालय सहित सचिव विकास विभाग देहरादून, आयुक्त कुमाऊं, डीएम ऊधम सिंह नगर, एसडीएम खटीमा आदि को 10 शिकायती पत्र भेजे जा चुके हैं, बावजूद उसके कोई कार्रवाई नहीं हुई। निवर्तमान सभासद ने पालिका में हुई अनियमितताओं की जांच करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मामले की उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई तो उन्हें मजबूर होकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ेगा।

### ट्रक चालक की मौत पर बस ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा

**काशीपुर।** ट्रक का टायर चेक करने उतरे चालक की रोडवेज बस की चपेट में आकर मौत के मामले में पुलिस ने भाई की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चैती गांव निवासी पलविंदर सिंह ने आईटीआई पुलिस को तहरीर सौंपकर कहा कि 24 जनवरी की रात उसका भाई गुरमुख सिंह बाजपुर में ट्रक से गेहूं उतारकर वापस घर आ रहा था। हाईवे पर बल्ली ढाबे के पास उसके ट्रक के टायर से तेज आवाज आई, जिसको सुनकर उसने ट्रक रोका और टायर देखने गया। इसी बीच रोडवेज के चालक ने उसको टक्कर मार दी, जिसके चलते उसके भाई की मौत हो गई।

### ट्रैक्टर की ट्रॉली चोरी

**काशीपुर।** चोर एग्रीकल्चर वर्क्स के सामने खड़ी ट्रैक्टर की ट्रॉली को चुरा ले गये। कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम केसरीपुर निवासी हरपाल सिंह ने बताया कि वह अपने ट्रैक्टर ट्रॉली से खेती का काम व अनाज ढुलान का कार्य करता है, 26 जनवरी को ट्रॉली गढ़ीनेगी स्थित सैफी एग्रीकल्चर वर्क्स के पास छोड़ दी, दुकान में जगह न होने के कारण उसे सड़क के दूसरी तरफ खड़ी कर घर आ गया। अगले दिन वहां देखने पर ट्राली अपने स्थान पर नहीं मिली। जिसे चोर चुरा ले गये। ट्रॉली स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार ट्रॉली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कॉलोनी से हाईटेंशन लाइन ले जाने पर लोगों का प्रदर्शन

## नाराज फाजलपुर महरौला के लोगों ने जल्द तार हटाने की मांग कर अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन, तार नहीं हटाने पर करेंगे आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** फाजलपुर महरौला-तराई विहार कॉलोनी के मध्य हाईटेंशन लाइन के तार ले जाने पर भड़के लोगों ने यूपीसीएल के खिलाफ प्रदर्शन किया। अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर तार हटाने की मांग की। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही तार को नहीं हटाया गया तो आंदोलन किया जाएगा।

मंगलवार को फाजलपुर महरौला के लवकुश भारद्वाज शास्त्री ने स्थानीय लोगों के साथ तराई बिहार कॉलोनी में प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि फाजलपुर महरौला व तराई विहार कॉलोनी के मध्य स्थित एक निजी विद्यालय के बीचोंबीच 11 हजार वोल्टेज की विद्युत तार गुजर रही है, जबकि विद्युत पोल लगाने के लिए स्थान भी चिह्नित है। ऐसे में हाईटेंशन विद्युत तार की वजह से स्कूली विद्यार्थियों के अलावा स्थानीय लोगों के ऊपर हमेशा खतरा मंडराता रहता है। आरोप है कि कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड को ज्ञापन देकर विद्युत पोल व विद्युत तार को हटाकर दूसरे सुरक्षित स्थान पर लगाने की मांग की है। इस अवसर पर गेंदल लाल कोली, राजेश गुप्ता, मनोज कुमार, अंजू गुप्ता, राधेश्याम, तेजपाल सिंह, छोटे लाल, राजपाल, मोहन लाल, मीरावती, अंगूरी देवी, भगवती देवी आदि मौजूद रहे।

हाईटेंशन तार लगाने के विरोध में मंगलवार को प्रदर्शन करते कॉलोनी के लोग। ● अमृत विचार

### बिजली विभाग ने कैंप लगाकर दो लाख वसूले

**खटीमा।** विद्युत विभाग के उपखंड विद्युत अधिकारी अंबिका यादव के निर्देशन में पुरनापुर और मझोला गांव में विद्युत कैंप लगाकर बिजली के बड़े बिल बकाएदारों से दो लाख रुपए का राजस्व वसूला और बिल जमा न करने वाले 20 बड़े बकाएदारों के कनेक्शन काटे। जेई विनोद जोशी ने बिजली उपभोक्ताओं से बकाए का जल्द से जल्द जमा करने की अपील की। इस दौरान लाइनमैन जोसेफ गिल, गुलाब सिंह, फ्रांसिस मसीह, दीपक रावत, मदन सिंह धामी, सुभाष राणा, मनोज राणा आदि थे।

### भतीजे को जेल से छुड़ाने के नाम पर ठगे 3.68 लाख

**काशीपुर।** साइबर ठग ने एक व्यक्ति से उसके भतीजे को जेल में बंद होने की बात कहकर 3.68 लाख रुपए ठग लिया। पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मोहल्ला आवास विकास निवासी परमवीर सिंह पुत्र मक्खन सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि 10 जुलाई को उनको जगमोहन नंदा नाम के व्यक्ति का कॉल आया, जिसने खुद को वकील बताया, जिसके बाद उसने एक अन्य व्यक्ति से बात कराई, जिसकी आवाज उसके भतीजे जैसी थी। उसने कहा कि मैं जेल में बंद हूं। आप वकील साहब को तीन लाख रुपये दे दो, जिसके बाद उन्होंने अलग-अलग बार में 3.68 लाख रुपये उसके खाते में डाल दिया, जिसके बाद दूसरे व्यक्ति ने जो खुद को भतीजा बता रहा था।

उसने कहा कि मैंने आपके खाते में 1.76 लाख डॉलर डाल दिया है, जो कि भारतीय 10 लाख रुपये के बराबर हैं, लेकिन वह पैसा उनके खाते में नहीं आया। तब उनको अपने साथ हुई साइबर ठगी का पता चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात साइबर ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# बिल जमा नहीं करने पर 58 उपभोक्ताओं की बिजली काटी

**अभियान**

- **26 लाख रुपये का बकाया यूपीसीएल की टीम ने शिव नगर प्रीत विहार समेत कई इलाकों में चलाया अभियान**

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** यूपीसीएल की टीम ने पिछले लम्बे समय से बिजली का बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की है। इसके तहत करीब 58 उपभोक्ताओं के बिजली के कनेक्शन काटे गए हैं। इन उपभोक्ताओं पर करीब 26 लाख रुपये का बकाया है। वहीं यूपीसीएल की इस कार्रवाई से उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया।

प्रीत विहार में कनेक्शन काटते कर्मचारी।

मंगलवार को यूपीसीएल की टीम ने रुद्रपुर के प्रीत विहार, तराई विहार, शिव नगर, ट्रांजिट कैंप, बत्रा कॉलोनी, शुभ डेल्स कॉलोनी, रॉयल रेजीडेंसी, देव होम और खेड़ा में बिल जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने एक के बाद एक कई उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट डाले। कनेक्शन काटने की कार्रवाई के बाद यूपीसीएल के एसडीओ अंशुल मदान ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली के कनेक्शन काटे गए हैं उनका अंतिम बिल मार्च 2023 में जमा हुआ है। इसके बाद से इन उपभोक्ताओं ने बिजली के बिल जमा नहीं किये हैं। बिल जमा करने को लेकर कई बार सूचना भी दी गयी। बावजूद उपभोक्ताओं ने बिल जमा नहीं किये हैं। इस कारण यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने बताया कि यूपीसीएल की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस अवसर एसडीओ अमित आर्या, जेई सुभम कुमार समेत कई तकनीकी कर्मचारी मौजूद रहे।

### 64 उपभोक्ताओं से की 34 लाख की वसूली

यूपीसीएल के एसडीओ ने बताया कि उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने के साथ ही पुराने बिल जमा करने के लिए भी अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने 64 उपभोक्ताओं से 34 लाख रुपये की वसूली की है। उन्होंने बताया कि इन उपभोक्ताओं ने पिछले एक और डेढ़ साल से बिल जमा नहीं कर रखा था।

### चार उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर

यूपीसीएल के एसडीओ ने बताया कि कनेक्शन काटने की कार्रवाई के दौरान प्रीत विहार और तराई विहार में चार उपभोक्ता बिजली की चोरी करते रंगे हाथ पकड़े गये। इसमें तराई विहार में तबस्सुम, नगमा और प्रीत विहार में हरभजन सिंह, धीरेंद्र चंद्र आदि उपभोक्ता शामिल हैं। इन सभी के खिलाफ कोतवाली में प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

# नर्सिंग छात्र समर्पण भाव से करें कार्यों का निर्वाह

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के शपथ ग्रहण समारोह पर मुख्य अतिथि जिला अस्पताल की नर्सिंग अधीक्षक मंजू खेड़ा ने कहा फ्लोरेंस नाइटेंगल (नर्सिंग की स्थापक) ने रोगियों के प्रति निस्वार्थ एवं बिना भेदभाव के समर्पण के भाव से कार्य किया था। उन्होंने नर्सिंग छात्र-छात्राओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए उन्हीं की भांति समर्पण भाव से अपना कार्य एवं उत्तरदायित्वों को निर्वाह करने की अपील की। अतिथियों ने नर्सिंग छात्र- छात्राओं की विदाई से पूर्व अपने दायित्वों को निष्ठावान तरीके पूर्ण करने की शपथ दिलायी।

दिनेशपुर सिक्स सिग्मा संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन मुख्य अतिथि।

मंगलवार को विदाई समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला अस्पताल नर्सिंग अधीक्षक मंजू खेड़ा व डा.एसके गोस्वामी, विशिष्ट अतिथि राउमावि मदनापुर के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार शर्मा, हेड नर्स शशि प्रभा राय, सरस्वती विद्या मदिर गदरपुर प्रधानाचार्य सुभाष शर्मा, संस्थान निर्देशिका डॉ सीमा अरोड़ा, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट व प्राचार्य डॉ विजय सिंह ने संयुक्त रूप से किया। संस्थान की नर्सिंग विभागाध्यक्षा कल्पलता सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। इस दौरान छात्र- छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान संस्थान की डायरेक्टर डॉ. सीमा अरोरा, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, प्राचार्य डॉ. विजय सिंह, अनुभव बाठला, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर रजत धवन, मुकेश कुमार, कल्पलता सिंह, पूजा वाल्मीकि, बबिता यादव, सीमा सरकार, दिग्विजय सिंह सहित शिक्षक- शिक्षिका मौजूद थी।


## कार्यालय मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन) उत्तराखण्ड परिवहन निगम, टनकपुर

उत्तराखण्ड परिवहन

पत्रांकः 2432 ट.क्षे./म०प्र० (सं०) सफाई-धुलाई / निविदा/2024 दिनांक : 06-02-2024

**टेण्डर-निविदा**

**सफाई व्यवस्था बाबत निविदा आमंत्रण**

एतद्द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड परिवहन निगम के टनकपुर मण्डल के टनकपुर डिपो के सितारगंज बस स्टेशन में बस अड्डे की सफाई-धुलाई हेतु 02 कार्मिक की आवश्यकता है।

सितारगंज बस स्टेशन में सफाई धुलाई व्यवस्था बाबत इच्छुक ठेकेदारों से सीलबन्द निविदा डाक/स्पीड/पोस्ट/कार्यालय काउन्टर पर दिनांक 07.02.2024 से दिनाँक 15.02.2024 समय मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। दिनाँक 15.02.2024 को ही 14:30 बजे गठित समिति एवं उपस्थित रहने वाले निविदाकर्ताओं के समक्ष प्राप्त निविदा खोली जायेगी। इस हेतु शर्ते एवं निविदा फार्म दिनाँक 07.02.2024 से किसी भी दिवस में धनराशि रु0 100/ जमा कर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। भविष्य में निर्धारित तिथि को अकस्मात सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने पर निविदा कार्यालय खुलने के कार्यदिवस पर खोली जायेगी।

(पवन मेहरा)
मण्डलीय प्रबन्धक (संचालन)
उत्तराखण्ड परिवहन निगम टनकपुर


# गुलदार के हमले में घायल ने तोड़ा दम

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** गोसीकुआं भुड़ाई गांव में कुछ दिन पूर्व गुलदार ने घर में सोते तीन लोगों को घायल कर दिया था। इनमें से एक ने मंगलवार को दम तोड़ दिया।

बता दें कि घोसीकुआं भुड़ाई गांव में 13 जनवरी की रात को गुलदार द्वारा घर में घुस का तीन लोगों भुड़ाई निवासी दिनेश सिंह राणा, भड़ा भुड़िया निवासी अनुराग और बिसौटा नौगवानाथ निवासी रजनीश सिंह राणा को घायल कर दिया था। जिन्हें 14 जनवरी सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों और ग्रामीणों ने बताया कि गुलदार ने हमला कर तीनों को घायल कर दिया है। जिस पर वन विभाग द्वारा तीनों घायलों को पांच-पांच हजार की तात्कालिक सहायता मुहैया कराई गई। इधर रविवार दोपहर भुड़ाई निवासी दिनेश सिंह राणा को गंभीरावस्था में नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां आपातकालीन सेवा में तैनात डॉ. केसी पंत ने उसे प्राथमिक उपचार देते हुए मरीज को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजन दिनेश को मंगलवार को रूद्रपुर से अन्यत्र ले जा रहे थे रास्ते में उसकी मौत हो गई।

# सिडकुल में चोरी के दो आरोपी धरे, माल बरामद

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** तीन फरवरी को थाना पंतनगर इलाके में सिडकुल कंपनी में हुई चोरी का खुलासा कर पुलिस ने दो आरोपियों को दबोच कर चोरी का माल बरामद कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि सिडकुल कंपनी के दिवाकर राणा ने बताया था कि 19 जनवरी की रात्रि को कंपनी से चोरों ने मशीन के महंगे उपकरण चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। चार फरवरी को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध युवक चौकी क्षेत्र में देखे गए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने सिडकुल तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाकर मौके पर गंगापुर रोड निवासी अंकल सिंह और सिरौली कला किच्छा निवासी मो. दानिश को गिरफ्तार कर लिया और आरोपियों की निशानदेही पर मशीन के पुर्जे, 38 कैप इलेक्ट्रॉल, नौ इलेक्ट्रॉल सहित चोरी का सारा माल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

**जोश** दोनों भक्त साइकिल से पांच दिन में पहुंचे अयोध्या, रुद्रपुर पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

# साइकिल से श्री रामलला के दर्शन कर लौटे भक्त

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** साइकिल से कई किलोमीटर की यात्रा कर अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कर लौटे दो राम भक्तों का शहर में पहुंचने पर शिवनगर के लोगों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। वहीं भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने भी स्वागत किया। इस दौरान लोगों ने जय सियाराम के नारे भी लगाए।

शिव नगर निवासी रामभक्त अनिकेत और ऋषभ 10 दिन पूर्व साइकिल से यात्रा कर अयोध्या धाम पहुंचे, जहां उन्होंने भव्य और दिव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन किए और मंगलवार को साइकिल से ही रुद्रपुर पहुंचे। जहां शिव नगर के प्राचीन मंदिर में उनका वरिष्ठ भाजपा नेता चुघ व अन्य शिवनगर वासियों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। अनिकेत और ऋषभ ने बताया कि वह पांच दिन में साइकिल से अयोध्या धाम पहुंचे और दर्शन के बाद फिर लौट गये।

शिव नगर में रामभक्तों का फूलमाला पहनाकर स्वागत करते भारत भूषण चुघ व अन्य। ● अमृत विचार

इस दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक चुघ ने कहा कि अयोध्या धाम में भव्य दिव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद देश भर के लाखों लोग प्रतिदिन रामलला के दर्शन कर रहे हैं। पूरा देश आस्था के सैलाब में डूबा हुआ है और प्रत्येक देशवासी अयोध्या धाम पहुंचकर प्रभु राम मंदिर में दर्शन करना चाहता है। इस मौके पर संजीव गुप्ता, विनय बंसल, सतपाल गंगवार, कृष्णपाल गंगवार, राम अवतार, उर्मिला, सुधा, अभिषेक कुमार, शिव कुमार शिबू, दीपक राणा, राखी देवी, विमल, ओमवती समेत कई लोग मौजूद रहे।


## कार्यालय तहसीलदार, रामनगर

पत्र संख्या : 404/सहा.वा.बा.न./2023-24 दिनांक : 31-01-2024

**इश्तहार नीलामी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न बकायेदार द्वारा खनन देय के बकाये की अदायगी नहीं किये जाने की दशा में बकायेदारों की कुर्क की गयी अचल सम्पत्ति स्वरूप भूमि की नीलामी दिनांक 19-02-2024 की तिथि नियत की गयी है। इच्छुक बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया में उक्त नियत तिथि एवं समय पर प्रतिभाग कर सकते हैं।

| क्र.सं. | नाम पता बकायेदार | मद | बकाया | कुर्क सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री हरनेक सिंह पुत्र श्री प्रीतम सिंह, निवासी- ग्राम मढ़ैया, तहसील रामनगर, जिला-नैनीताल। | खनन | 1,44,86,400/- +10%(संग्रह व्यय)+ (नीलामी प्रचार प्रसार व्यय) | फसली वर्ष 1427-1432 के वर्ग 1(क) के खाता संख्या 023 के खसरा नम्बर 68/1/1 मि. रकबा 0.316 है., 69/1/1 मि. रकबा 0.629 है. कुल रकबा 0.495 है.। |

आज्ञा से
कुर्क/नीलामी अधिकारी

**नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु शर्तें :-**

01. बोलीदाता भारतीय नागरिक हो।
02. बोलीदाता मानसिक रूप से अक्षम, दिवालिया या अव्यस्क ना हो।
03. बिक्री की गयी संम्पत्ति के लिए बिक्री अधिकारी तथा उसके अधीनस्थ कर्मचारी बोली नहीं लगायेंगे (वसूली मैन्यूअल का पैरा 280)।
04. बोली सर्किल रेट से ऊपर बोली जायेगी।
05. बोली कम आने की दशा में नीलामी अधिकारी को नीलामी निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
06. अस्सिटेंट कलैक्टर / सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही नीलामी शुदा सम्पत्ति का निस्तारण किया जायेगा।
07. नीलामी स्वीकृति होने के उपरान्त कोई भी प्रत्यावेदन अधोहस्ताक्षरी के स्तर पर स्वीकार नहीं होगा।
08. नीलामी में प्रतिभाग हेतु सभी बोलीदाता नीलामी से पूर्व तहसील कार्यालय के संग्रह कक्ष से कोई भी सरकारी बकाया न होने का अदेयता प्रमाण पत्र प्राप्त कर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करायेगा।
09. बोली स्वीकृत होने के उपरान्त बोलीदाता बकाया धनराशि 1,44,86,400/- का 25 प्रतिशत (Earnest Money) 36,21,600/- चैक के माध्यम से दिनांक 19-02-2024 को नीलामी स्थल / तहसील कार्यालय में तत्काल जमा करना सुनिश्चित करेंगे अथवा सम्पूर्ण धनराशि भी जमा कर सकते हैं।
10. बोलीदाता नीलामी कार्यवाही में प्रतिभाग करने हेतु रू. 10,000/- टोकन धनराशि को कार्यालय तहसीलदार, रामनगर के नाजरात कक्ष में जमा कर रसीद प्राप्त करेंगे। बोली उपरान्त टोकन धनराशि (नीलामी में प्रतिभाग हेतु 10,000/-) वापस कर दी जायेगी।
11. उच्चतम बोलीदाता बकाया धनराशि के 25 प्रतिशत धनराशि चैक के माध्यम से भुगतान करने के उपरान्त अवशेष धनराशि 1 सप्ताह के भीतर जमा कराना सुनिश्चित करेगा।
12. अवशेष सम्पूर्ण धनराशि यदि नियत समय के भीतर जमा नहीं की गयी तो 1/4 भाग जमा धनराशि जब्त कर दी जायेगी।
13. राज्य में प्रचलित भू-अधिनियम/ विधिक सुसंगत प्रावधानों के अतिरिक्त वसूली मैन्यूअल के पैरा 274 का अनुपालन किया जाना आवश्यक होगा।
14. उच्चतम बोलीदाता नीलामी धनराशि के अतिरिक्त उपरोक्त भूमि की नीलामी से पूर्व एवं वर्तमान में प्रचार-प्रसार में किये गये व्यय का भुगतान करना सुनिश्चित करेगा।
15. नीलामी प्रक्रिया को बिना किसी कारण बताये, निरस्त करने का अधिकार, कुर्क अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

(कुलदीप पाण्डे)
तहसीलदार, रामनगर

### ई-रिक्शा से सिडकुल जाते समय प्लाईवुड कंपनी के पास हादसा, चालक ट्रक छोड़कर फरार

# ट्रक की टक्कर से 10 श्रमिक घायल, दो गंभीर

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सिडकुल चौकी इलाके में ट्रक की टक्कर से ई-रिक्शा सवार 10 श्रमिक घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर राहगीर घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। दो श्रमिकों की नाजुक हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

मंगलवार की सुबह थाना ट्रांजिट कैंप के राजा कॉलोनी निवासी रामबाबू रोजमर्रा की भांति ई-रिक्शा को लेकर गोल मढैया पहुंचा और श्रमिकों को लेकर सिडकुल की निकल पड़ा। बताया जा रहा कि सिडकुल इलाके में स्थित एक प्लाईवुड कंपनी के सामने अचानक पीछे से आ रहे ट्रक ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गया और उसमें बैठी सवारियां छिटककर सड़क पर जा गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गई। टक्कर लगते ही सवारियां में चीख पुकार मचने लगी। जिसे सुनकर वहां मौजूद घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे में नारायण कालोनी का गंगाराम, प्रियंका, उसकी बहन शिवानी, कृष्ण कॉलोनी निवासी राधा, ठाकुरनगर निवासी आरती, मछली मार्केट निवासी दिव्य, विनोद, राजा कालोनी निवासी लालता प्रसाद, प्रेम राज और ई- रिक्शा चालक रामबाबू घायल हो गए। जिसमें से दो श्रमिकों की हालत नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने घटना की जानकारी ली और हादसे की जांच शुरू कर दी।

सिडकुल पुलिस चौकी में खड़ा ट्रक से क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

## वाहन की चपेट में आया अधेड़, मौत

**रुद्रपुर।** सोमवार की देर शाम सड़क पार कर रहे एक अधेड़ को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। गांव भगवानपुर निवासी 52 वर्षीय दशरथ मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। रोजमर्रा की भांति वह मजदूरी कर सोमवार की देर शाम को घर जे रहे थे और काशीपुर हाईवे पार करते समय अचानक तेज गति से आ रहे वाहन ने अधेड़ को टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दशरथ को मृत घोषित कर दिया। दरोगा जितेंद्र सिंह पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आखिर डायरी में किन-किन के नाम लिख गया राजबहादुर

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** चकरपुर में पत्नी पर जानलेवा हमला कर खुद जहर खाकर जान देने के मामले में पुलिस को सुसाइड नोट सहित 24 पन्ने की डायरी बरामद हुई, जिसमें मृतक ने अपने शादी से लेकर अब तक की कई बातें लिखी हैं। पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। इधर पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

चकरपुर निवासी राज बहादुर बीते दिवस पत्नी आशा देवी को बुरी तरह से घायल करने के बाद खुद जहर खाकर जान दे दी।

**जांच**

- **खुदकुशी करने वाले राजबहादुर के घर से पुलिस को मिली 24 पन्ने की डायरी**

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घर का दरवाजा खोल बेहोश पड़ी आशा देवी को अस्पताल में भर्ती कराया जबकि राज बहादुर के शव को कब्जे में ले लिया था। पुलिस को मृतक के कमरे में सुसाइट नोट एवं 24 पन्ने की डायरी मिली है। जिसमें उसने पत्नी समेत स्वयं को मौत के घाट उतारने की बात लिखी है। साथ ही डायरी में कुछ नाम सामने आए हैं, जिनकी भूमिका की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। डायरी में मृतक राजबहादुर ने प्रेम विवाह वनखंडी महादेव शिव मंदिर में होने, परिजनों की रजामंदी न होने सहित कई बातें लिखी है। डायरी में कुछ लोगों के नाम सामने आया है जिस वजह से पति पत्नी में विवाद होता था। पुलिस डायरी में मिले नाम सहित विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

एएसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया की फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से मिले सबूत इकट्ठा कर लिए हैं। जिन्हे जांच के लिए भेजा जा रहा है। इधर पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों ने पुलिस को तहरीर नहीं सौंपी है।

# राशन कार्ड ऑनलाइन करने के लिए हर गांव में लगाएं शिविर : सचिव

### तहसील दिवस में 100 से अधिक शिकायतें आई, अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण, राशनकार्ड की शिकायतें अधिक आने पर सचिव नाराज

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** तहसील दिवस पर खनन से भरे ओवरलोड वाहनों और पूर्ति विभाग की शिकायतें आईं। राशन कार्ड बनने में आ रही दिक्कतों की शिकायत अधिक आने पर कार्यक्रम क्रियान्वयन सचिव नाराज दिखे। उन्होंने राशन कार्ड ऑनलाइन करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कैंप आयोजित करने के निर्देश पूर्ति विभाग के अधिकारियों को दिए।

मंगलवार को ब्लॉक सभागार में तहसील दिवस एवं जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कार्यक्रम क्रियान्वयन सचिव दीपक कुमार, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार द्वारा जन संवाद कर समस्याएं सुनी गईं और अधिकांश समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया गया। तहसील दिवस एवं जन सुनवाई में सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई, राशन कार्ड, अतिक्रमण, जमीनी विवाद, रास्ता, पेंशन, जल भराव आदि से संबंधित 100 से अधिक समस्याएं और प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण किया गया। सचिव दीपक कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनपदों के साथ ही सचिवालय स्तर के अधिकारियों द्वारा जनपदों में पहुंचकर जनसंवाद किया जा रहा है, ताकि जन समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण होने के साथ ही शासन स्तर की समस्याओं का निस्तारण तथा पॉलिसी परिवर्तन आदि की आवश्यकताओं के अनुरूप पॉलिसी परिवर्तन कार्य शीघ्र हो सके, जिससे कि जनता अधिक से अधिक लाभान्वित हो और योजनाओं का लाभ दूरस्थ क्षेत्र की जनता भी आसानी से उठा सके। डीएम ने कहा कि जनता की कोई भी समस्या हो, उसका निस्तारण व्यक्तिगत रुचि लेकर समाधान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो भी समस्या है, उनका सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण के क्रम में शीघ्रता से निस्तारण करना है।

काशीपुर में तहसील दिवस में शिकायतें सुनते सचिव और जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

### मेरी योजना ई-बुक पढ़ने का किया आह्वान

कार्यक्रम क्रियान्वयन सचिव दीपक कुमार ने जन संवाद कार्यक्रम में मेरी योजना ई-बुक पढ़ने और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह मेरी योजना ई-बुक में 55 विभागों की 400 योजनाओं को रखा गया है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधि से इस डाउनलोड कर पढ़ने का आह्वान किया। ताकि अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके।

बाजपुर में तहसील दिवस पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा-निर्देश देते एसडीएम आरसी तिवारी।

### तहसील दिवस में ये प्रमुख समस्याएं छाई रहीं

पूर्व सैनिक एकता समिति ने बसंत विहार कॉलोनी में रोड बनवाने, पानी निकासी की समस्या, नाले की सफाई और आगे से नाला ब्लॉक होने की शिकायत की। जिस पर डीएम ने जनता से अपील करते हुए कहा कि जहां भी कोई कॉलोनी में जमीन खरीदे, पहले कॉलोनाइजर से पूछे कि क्या-क्या सुविधाएं मुहैया कराएंगे, बिजली पानी, जल निकासी, सड़क आदि की सुविधा देंगे या नहीं। सरकार कॉलोनी पास करती है तो कॉलोनाइजर से उचित चार्ज भी लेती है, जिसे विकास में लगाया जाता है। उन्होंने समस्या निदान के लिए 15 दिन के भीतर सर्वे करने के निर्देश दिए। मोहम्मद यासीन ने प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत आवास के लिए आवेदन दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि आवास चाहने वाले व्यक्तियों का सर्वे कर क्रमांक सहित सूची तैयार की जाए। हयात सिंह ने दो साल से दाखिल-खारिज न होने की शिकायत की, इस संबंध में पटवारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस खसरे में रोक लगी हुई है और जांच चल रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस जमीन की रजिस्ट्री हुई है, रजिस्ट्री कराने वाले के नाम है या नहीं और कोई विवाद तो लंबित नहीं है आदि की जांच कर यदि सभी कुछ सामान्य है तो दाखिल खारिज की कार्यवाही की जाए। केदार दत्त पुरोहित ने खनन वाहनों से आरबीएम रास्ते में गिरने से नाले जाम होने, नाले चोक होने से पानी खेतों में भर जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने एसडीएम को स्थलीय निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार कर खनन विकास निधि में प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ग्राम प्रधान दभौरा मुस्तकम ने सीसी रोड, हैंड पम्प, राशन कार्ड ऑनलाइन करवाने, डामरीकरण कराने, अतुल कुमार ने घर के ऊपर से बिजली के तार हटाने आदि की मांग की।

### विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर दी लोगों को जानकारी

तहसील दिवस में चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, उद्यान, खाद्य नागरिक आपूर्ति, पशुपालन,बाल विकास, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास, राजस्व, चकबंदी, सेवायोजन, उद्योग, समाज कल्याण, गन्ना विकास, पुलिस, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, शहरी विकास, विद्युत, सहकारिता आदि विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र व्यक्तियों के मौके पर ही फार्म भरवाए गए।

### डीएम ने किया लक्ष्मीपुर माइनर का निरीक्षण

जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने लक्ष्मीपुर माइनर का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देश दिए कि नहर कवरिंग एवं सड़क निर्माण के दौरान इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था हो और जलभराव की स्थिति का सामना न करना पड़े। ड्रेनेज सिस्टम तैयार करते समय ढलान का विशेष ध्यान रखा जाए और नहर की सफाई के लिए भी उचित व्यवस्था की जाए।

### विभिन्न प्रस्तावों पर दिया अनुमोदन

जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय पहुंचकर चिकित्सालय प्रबंधन समिति की बैठक ली। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए समिति द्वारा विभिन्न प्रस्तावों पर अनुमोदन दिया गया।

### बाजपुर में मिलीं 16 शिकायतें

बाजपुर। तहसील दिवस में 16 शिकायतें दर्ज की गईं। मंगलवार को तहसील कार्यालय सभागार में आयोजित तहसील दिवस में एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी की ओर से समस्याएं सुनी गईं। विभिन्न विभागों से संबंधित 16 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से अधिकांश शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष बची शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया। इस मौके पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, नायब तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण, राजस्व निरीक्षक सुनीतिपाल सैनी, राजस्व उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह जंगपांगी, नवलकिशोर, पशु चिकित्साधिकारी डा .जीएस खड़ायत, मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा, नगरपालिका से रामगोपाल यादव, सुरेंद्र सिंह दुग्तयाल, मो .इस्राइल, विपिन चौहान, हेमा मिश्र, मुकेश कुमार सिंह, दिनेश कुमार सक्सेना, दीपक कुमार चौहान, विनोद कुमार, सुखी सिंह, विशाल सिंह, गोविंद सिंह आदि विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### ये लोग रहे मौजूद

**काशीपुर।** ब्लॉक प्रमुख अर्जुन कश्यप, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री राजेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, नगर आयुक्त विवेक राय, एएसपी अभय सिंह, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, तहसीलदार पंकज चंदोला, एडीपीआरओ महेश कुमार, बीईओ आरएस नेगी, बीडीओ कुंदन सिंह बिष्ट, नीता पंत आदि।

# दोस्तों ने घर से बुला ताइक्वांडो खिलाड़ी को किया अधमरा

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना पंतनगर इलाके में दोस्तों ने अपने ही दोस्त को धोखे से बुलाकर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित युवक ताइक्वांडो खिलाड़ी है। आरोपी अटरिया मार्ग पुल के नीचे खून से लथपथ युवक को अधमरा समझकर मौके से फरार हो गए। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। घायल की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्रेम नगर अटरिया मंदिर निवासी तुलसी देवी ने बताया कि उसका बेटा आशु चिलवाल ताइक्वांडो का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। रोजमर्रा की भांति पांच फरवरी को वह घर के बाहर टहल रहा था और देर शाम तक घर नहीं लौटा। इसी दौरान छह फरवरी की रात एक बजे किसी व्यक्ति ने फोन किया और बताया कि उनका बेटा खून से लथपथ अटरिया मंदिर पुलिस के नीचे पड़ा हुआ। सूचना मिलने पर आनन-फानन में परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। होश में आने के बाद बेटे ने बताया कि पांच फरवरी की देर शाम को उसके कुछ दोस्तों का फोन आया और उन्होंने धोखे से बुलाकर अचानक गंडासा, तलवार व धारदार हथियार से प्रहार कर मरा समझकर छोड़कर फरार हो गए। युवक की हालत स्थिर बनी हुई है। घायल की मां ने सिडकुल चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है और मामले की जांच कर जल्द आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

**दुस्साहस**

- **धारदार हथियारों से बोला हमला मरा हुआ समझकर छोड़ गए**
- **खून से लथपथ मिले युवक की हालत अस्पताल में स्थिर**

## प्रॉपर्टी डीलर को बंधक बनाकर लूट लिए दो चेक

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप के रहने वाले एक प्रॉपर्टी डीलर ने कुछ लोगों पर बंधक बनाकर जबरन खाते के दो चेक लूटने का आरोप लगाया है। आरोप है कि चेक लूटने के आरोपी चेक का दुरुपयोग कर रकम निकालने की कोशिश कर सकते हैं। पीड़ित ने संबंधित बैंक प्रबंधक को शिकायती पत्र देकर चेक से निकासी नहीं करने की मांग की है।

जनपथ फेस-दो फूलसुंगा निवासी छेदा लाल शर्मा ने बताया कि घर के नीचे स्थित दुकान में उसका प्रॉपर्टी डीलर का कार्यालय है। पीएनबी बैंक में बचत खाते के अलावा चेक बुक भी जारी है। आरोप था कि चार फरवरी को अज्ञात लोगों ने उसका रास्ता रोका और जबरन बंधक बनाकर बैग में रखी चेक बुक से दो अलग-अलग नंबर के चेक लूटकर मौके से फरार हो गए। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई कि अज्ञात लोग उसका चेक का दुरुपयोग कर खाते से रकम निकाल सकते हैं। प्रॉपर्टी डीलर ने बैंक प्रबंधक को शिकायती पत्र देकर चेक की निकासी पर रोक लगाने की मांग की है।

**सख्ती** सीएम पोर्टल पर शिकायत के बाद टीम ने की कार्रवाई, 12वीं पास युवक कर रहा था संचालन

# बिना मानकों के संचालित हो रहा डेंटल क्लीनिक सील

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बिना मानकों के संचालित एक डेंटल क्लीनिक को सील कर दिया। मंगलवार को सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम पाकिजा कॉलोनी स्थित एक डेंटल क्लीनिक पहुंची, जहां पर 12वीं पास युवक क्लीनिक संचालित करते पाया गया। इस दौरान टीम को क्लीनिक पर चिकित्सक उपलब्ध नहीं मिला। साथ ही दांतों के इलाज का सामान एवं दवाइयों मिलीं। साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट का सही से निस्तारण नहीं होता पाया गया। जिस पर नायब तहसीलदार भुवन चंद्र आर्य व राजस्व निरीक्षक फूल सिंह की उपस्थिति में क्लीनिक को सील कर दिया गया। सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि सीएम पोर्टल पर शिकायत मिली है। क्लीनिक बिना पंजीकरण के संचालित हो रहा था। क्लीनिक से डेंटल चेयर, कई डेंचर, एलोपैथिक औषधि, इंजेक्शन, सिरिंज, लोकल एनेस्थीसिया, दांत निकालने वाले यंत्र आदि सामान मिला है। नैदानिक स्थापन के संबंधित कोई भी पंजीकरण नहीं पाया गया। संचालक दानिश के पास क्लीनिक संचालन संबंधित कोई भी डिग्री एवं प्रपत्र नहीं पाए गए हैं। एहतियातन जन स्वास्थ्य की दृष्टि से डेंटल क्लीनिक को सील किया गया है। संचालक पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। पहली बार पकड़े जाने पर करीब 50 हजार का जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं नगर निगम की टीम ने बायो मेडिकल वेस्ट का सही से निस्तारण नहीं करने पर क्लीनिक पर पांच हजार का जुर्माना भी लगाया है। टीम में सीएमएस डॉ. खेमपाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, एसआई दीवान सिंह बिष्ट, गिरीश चंद्र आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में डेंटल क्लीनिक में छापा मारती टीम। ● अमृत विचार

## एक नजर

### तमंचा, कारतूस और चाकू के साथ दो युवक गिरफ्तार

**बाजपुर।** पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को तमंचा, दो कारतूस व एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। थाना बाजपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धनसारा की ओर से आ रहे बाइक सवार ग्राम धनसारा निवासी हैदर पुत्र जाकीर अली व ग्राम नई सड़क बरहैनी निवासी पारस बोरा पुत्र बसंत सिंह को बाइक के साथ पकड़ लिया। तलाशी में आरोपियों के पास से तमंचा व 2 कारतूस, चाकू बरामद हुआ हुआ है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया, जिन्हें मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेजने के आदेश दे दिए गए हैं। आरोपियों के कब्जे से बरामद बाइक को भी सीज कर दिया है।

### बाजार से बाइक चोरी

**काशीपुर।** आईआईएम के पुस्तकालय विभाग के तकनीकी सहायक की बाइक चोरी हो गई। गुलड़िया निवासी संजीव कुमार ने कोतवाली पुलिस को बताया कि वह कुंडेश्वरी स्थित आईआईएम में पुस्तकालय में तकनीकी सहायक है। चार फरवरी को वह खरीदारी करने बाजार आया था, जहां वह नगर निगम स्थित एक दुकान के पास बाइक खड़ी कर खरीदारी करने चला गया। जब वह वापस आया तो उसकी बाइक वहां नहीं थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### पुलिस ने मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली सीज की

**खटीमा।** सत्रहमील पुलिस ने सोमवार देर रात्रि यूपी सीमा से सटे मझोला गांव में अवैध रूप से मिट्टी लेकर जा रहे टैक्टर ट्रॉली चालक को रोकना चाहा तो उसने पुलिस को देख बहन की स्पीड बढ़ा दी और आगे जाकर ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। चौकी प्रभारी ललित बिष्ट ने टैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर अवैध खनन अधिनियम में मामला दर्ज कर सीज कर दिया। टीम में कांस्टेबल हरेंद्र थापा, रवि कुमार, विपिन कुमार आदि थे।

### 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बाजपुर।** बन्नाखेड़ा चौकी की पुलिस ने जनपदभर में संचालित नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कार्रवाई कर ग्राम इटव्वा निवासी हरवंश सिंह पुत्र मान सिंह को 20 लीटर कच्ची शराब के साथ इटव्वा चौराहा के पास से गिरफ्तार किया है।

### 10 से अधिक दोपहिया वाहन चालकों के चालान

**काशीपुर।** पुलिस ने शहर में वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। चीमा चौराहे पर बीती शाम चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान से दोपहिया वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। बीती शाम कटोराताल पुलिस चौकी पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान में 10 से अधिक दोपहिया वाहन चालकों का मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान किए गए। कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी ने बताया कि यह अभियान जारी रहेगा।

### महाविद्यालय में उद्यमिता विकास कार्यक्रम 10 से

**खटीमा।** हेमवती नन्दन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत उद्यमिता विकास कार्यक्रम 10 से 21 फरवरी तक आयोजित होगा। प्राचार्य आशुतोष कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले छात्र-छात्रा आधार कार्ड, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र और पासबुक की छायाप्रति के साथ नोडल अधिकारी डॉ. हरेंद्र मोहन सिंह और डॉ. केके मिश्रा के पास पहुंचकर नामांकन करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्रा, स्थानीय युवा उद्यमी, मुक्त विश्वविद्यालय एवं पॉलीटेक्निक संस्थानों में अध्यनरत छात्र-छात्रा शिरकत कर सकते हैं।

# यूसीसी बिल को लेकर चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की नजर

## महाराणा प्रताप, दीनदयाल, आदित्य व अंबेडकर चौक पर विशेष सतर्कता, सीओ ने नगर के कई क्षेत्रों का निरीक्षण कर पुलिस टीम को दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचारः** उत्तराखंड विधानसभा में यूसीसी बिल को सदन के पटल पर रखे जाने के बाद शांति व्यवस्था के मद्देनजर प्रदेश में पुलिस प्रशासन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। शांति व्यवस्था के दृष्टिगत नगर के सभी सार्वजनिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

ज्ञात हो कि समान नागरिक संहिता कानून को विधानसभा में रखे जाने के बाद पुलिस सतर्क है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में नगर के महाराणा प्रताप चौक, दीनदयाल चौक, आदित्य चौक, अंबेडकर चौक सहित समुदाय विशेष वाले क्षेत्रों में भारी फोर्स की तैनाती कर अप्रिय घटना को रोकने के लिए फोर्स सतर्क नजर आया। सीओ ने नगर के तमाम क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस टीम को अलर्ट किया गया है तथा सोशल मीडिया पर भी पूरी निगाह रखी जा रही है। उन्होंने जनता से सहयोग तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान नगर के तमाम सार्वजनिक स्थानों के अलावा धार्मिक स्थलों के बाहर भी पुलिस टीम तैनात नजर आई।

किच्छा के दीनदयाल चौक पर शांति व्यवस्था के मद्देनजर तैनात पुलिस टीम। ● अमृत विचार

### यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल ऐतिहासिक : लवी सहगल

**किच्छा।** भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष लवी सहगल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से विधानसभा में पेश किए गए यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि पूरे देश में यूसीसी बिल लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन गया है। भाजपा नेता ने कहा कि इस कानून का हर वर्ग को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि यूसीसी कानून में बच्चों को गोद लेने का प्रावधान तथा संपत्ति के बंटवारे में पुत्र एवं पुत्री को समान अधिकार मिलेगा एवं विवाह के उपरांत विवाह रजिस्ट्रेशन भी जरूरी होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिलाओं के अधिकारों को सुरक्षित करने का काम किया है तथा इस बिल के आने से अल्पसंख्यक महिलाओं सहित अन्य समाज की महिलाओं को भी इसका पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि समाज एवं महिलाओं के हित में यूसीसी का विरोध उचित नहीं है।

### यूसीसी से उत्तराखंड देश के लिए बनेगा नजीर : रामपाल

रुद्रपुर। उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पेश किये जाने पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने हर्ष व्यक्त कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से उत्तराखंड देश के लिए एक नजीर बनेगा। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने पूरे देश में इतिहास रचने का काम किया है। विधेयक की जरूरत उत्तराखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश में कई वर्षों से महसूस की जा रही थी। यह कानून उत्तराखंड को ही नहीं बल्कि पूरे देश को एक नई दिशा प्रदान करेगा। इस कानून का लक्ष्य बिना धर्म जाति लिंग में भेदभाव किये सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का है, जो लोग इस कानून को लेकर भ्रम फैला रहे हैं वास्तव में वह जनता और देश के हितैषी नहीं है। उन्होंने कहा कि विधेयक को जनता की राय से बनाया गया है। विधेयक का ड्राफ्ट बनाने वाली विशेषज्ञ समिति ने इस विधेयक के लिए लम्बे समय तक मंथन करने के बाद निष्कर्ष निकाला है। इसमें जो प्रावधान किये हैं उनमें सभी के हित सुरक्षित हैं। यूसीसी पर विधेयक लाकर सरकार ने अपना वादा निभाया है। मुख्यमंत्री धामी ने साबित कर दिया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह वह जो भी कहते हैं वो करके दिखाते हैं।

### राज्य आंदोलनकारियों ने यूसीसी का स्वागत किया

**खटीमा।** राज्य आंदोलनकारियों ने बैठक आयोजित कर प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा देश में सबसे पहले यूसीसी लागू करने के निर्णय स्वागत किया। वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी कै. शेर सिंह दिगारी की अध्यक्षता में उनके ही आवास पर राज्य आंदोलनकारियों की बैठक में धामी सरकार द्वारा प्रदेश में यूसीसी लागू करने के निर्णय और चालू सत्र में 10 प्रतिशत शेतिज आरक्षण को विशेष सत्र में पास करने के निर्णय का भी स्वागत किया गया। राज्य आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री धामी से खटीमा, मंसूरी और मुजफ्फरनगर (रामपुर तिराहे) के शहीद मंचों से आंदोलनकारियों के पक्ष में की गई समान पेंशन और वंचितों के चिन्हिकरण की घोषणा को अमल में लाने की मांग की। उन्होंने इन मांगों को लोकसभा चुनाव से पूर्व ही करने को कहा। संचालन प्रदेश महामंत्री भगवान जोशी ने किया। मुख्यमंत्री के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करने वालों में खटीमा गोली कांड के याचिकाकर्ता मोहन चंद, गोपाल सिंह बिष्ट, प्रकाश तिवारी, सुरेश बिष्ट, भैरव दत्त पांडे, सुरेश चंद, आलोक गोयल, सर्वेश पाठक, मनोज ओली, हीरा राजपूत, प्रकाश चंद, उमेद सिंह, बहादुर रावत, विशन नाथ आदि थे।

विधान सभा सत्र के दौरान सदन को जाते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

# विधेयक पेश कर उत्तराखंड इतिहास बनाने जा रहा : शिव

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

**कहा**

▸▸ समाज में भेदभाव खत्म होकर आपसी तालमेल बेहतर होगा

**अमृत विचार :** विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पेश किये जाने पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने खुशी जताई है। सत्र के दौरान विधायक अरोरा भी वहां मौजूद रहे।

मंगलवार को यूसीसी को सत्र में पेश करने के बाद विधायक अरोरा ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य इतिहास बनाने जा रहा है। यह सभी के लिये गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता को समान नागरिकता समान अधिकार के साथ जीने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस बिल को लाने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बनने जा रहा है। जिससे देवभूमि उत्तराखंड की जनता को एक राज्य एक कानून का अधिकार प्राप्त होगा। इससे समाज में भेदभाव खत्म होकर आपसी तालमेल को बेहतर बनाने की ओर यह हमारी सरकार का ऐतिहासिक कदम है।

# मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे

बाजपुर में क्रमिक अनशन के दौरान प्रदर्शन कर नारेबाजी करते आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** बाजपुर के 20 गांवों की 5838 एकड़ भूमि को लेकर तहसील परिसर में भूमि बचाओ सत्याग्रह 190वें दिन भी जारी रहा।

इस दौरान आंदोलनकारियों ने मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही। संयुक्त किसान मोर्चा के तत्वावधान में 20 गांव की भूमि बचाने के लिए तहसील परिसर में एक अगस्त से सत्याग्रह आंदोलन चल रहा जिसमें प्रातः 10 बजे सभी प्रभावित किसान, मजदूर, व्यापारी आंदोलनकारियों ने भूमि पर मालिकान हक प्राप्त होने तक आंदोलन जारी रखने की प्रतिज्ञा को दोहराया। मंगलवार को गुरविंदर सिंह, नीरज जोशी, सर्वजीत सिंह, सुबेग सिंह, गुरप्रताप सिंह क्रमिक अनशन पर बैठे। वहीं धरना स्थल पर हुई सभा को संबोधित कर वक्ताओं ने कहा कि हम संगठित होकर संघर्ष कर रहे हैं और पूरा भरोसा है कि इस लड़ाई में हमारी जीत जरूर होगी, इसके लिए इसी तरह आंदोलन को बनाए रखना है। बताया गया कि आंदोलन को प्रतिदिन और तेज करने की योजनाएं हैं, अगर सरकार जल्द से जल्द आंदोलनकारियों की मांगों को पूरा नहीं करती हैं, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा जिसमें देशभर से किसान व किसान संगठनों की भागीदारी भी रहेगी। इस मौके पर भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन के संरक्षक भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, सत्याग्रह के अगुवा रजनीत सिंह सोनू, गुरविंदर सिंह सिद्धू, अमरनाथ शर्मा, हरप्रीत सिंह निज्जर, बल्देव सिंह, हरदेव सिंह, सतपाल सिंह सोनी, राजकिशोर सिंह, देवेश प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

यूसीसी विधेयक पेश होने की खुशी में बाजपुर के भगत सिंह चौक पर मिष्ठान वितरित करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# विधेयक पेश होने पर की आतिशबाजी

**बाजपुर।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पेश होने की खुशी में मंगलवार देर सायं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह चौक पर आतिशबाजी की। साथ ही मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई तथा वादा पूरा करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया।

मंगलवार को काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मुख्य बाजार स्थित भगत सिंह चौक पर पहुंचे और आतिशबाजी के साथ ही मुख्यमंत्री एवं सरकार के पक्ष जमकर नारेबाजी की। इसके पश्चात मिष्ठान वितरित कर एक-दूसरे को बधाई दी गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जो कहते हैं उसे करके दिखाते हैं। इस मौके पर भाजपा नेता राजेश कुमार, बिट्टू चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष विमल शर्मा, विकास गुप्ता, विहिप गौरक्षा प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस, भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बल्देव सिंह बड़ैच, नरेंद्र चौधरी, डा.विनय चौहान, महेश राठौर, राकेश गुप्ता, गणेश यादव, इदरीश अहमद, हेम कांडपाल, गुलाम मुस्तफा, जोनी मौर्य, सरताज आलम, आलम सिद्धिकी, मोहम्मद उमर आदि मौजूद थे।

# अखिल भारतीय टूर्नामेंट आज से

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचारः** शातिंपुरी नंबर-2 मनसा देवी मंदिर के पास सार्वजनिक खेल मैदान में ग्रीन शांतिपुरी के तत्वावधान में आयोजित होने वाले दो दिवसीय अखिल भारतीय वालीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ बुधवार प्रातः 10 बजे से होगा।

आयोजन समिति के संयोजक मुन्ना त्रिपाठी उर्फ खीमानंद ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ऊधम सिंह नगर जिलाधिकारी उदय राज सिंह करेंगे। त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता को रोचक बनाने के लिए ग्रीन शांतिपुरी ग्रुप की ओर से हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। बताया कि प्रतियोगिता में इंडियन आर्मी, नॉर्दर्न रेलवे, गुरु नानक देव बहादुर यूनिवर्सिटी अमृतसर, एचआरसी संभल, फैजाबाद हॉस्टल, मुजफ्फरनगर वालीबॉल क्लब, यूपीसीएल और शांतिपुरी वालीबॉल क्लब की टीमें प्रतिभाग करेंगे। मंगलवार को प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु अंतिम चरण की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी रहीं। इस दौरान जिला खेल समन्वयक लक्ष्मण सिंह टाकुली, पीटीआई चिदंबर जोशी, प्रताप सिंह कोरंगा, प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा, सुभाष जोशी, विनोद कोरंगा, नारायण सिंह बिष्ट, राजेंद्र शर्मा, नारायण कोरंगा, यशु कोरंगा, नीरज रावत, जीवन कोरंगा, पंकज कोरंगा, जीपी उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

शांतिपुरी में वालीबॉल टूर्नामेंट की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# वीरेंद्र बने प्रदेश अध्यक्ष और अरविंद महामंत्री

**खटीमा।** अशासकीय वित्त विहीन मान्यता प्राप्त विद्यालय प्रबन्धन शिक्षक संघ की प्रांतीय बैठक में नागेंद्र जनता इंटर कॉलेज धौलधार के संरक्षक वीरेंद्र सिंह गोसाई को प्रांतीय अध्यक्ष और अरविंद सिंह रौथाण को महामंत्री चुना गया। वहीं मनोहर डबराल को गढ़वाल मंडल और डॉ. योगेश जोशी को कुमाऊं मंडल का उपाध्यक्ष चुना गया।

देहरादून में हुई बैठक से लौटे कुमाऊं मंडल उपाध्यक्ष डॉ. जोशी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैठक में सुखपाल कोहली को प्रांतीय कोषाध्यक्ष, अवनीश कुमार (हरिद्वार), वंशीलाल बेरी (अल्मोड़ा), जिला संयोजक विनोद सिंह चौहान, सुरेश ममगाई, दौलत सिंह भण्डारी, विनोद कुमार, प्रदीप कुमार, यशवन्त भंडारी, गोविन्द सिंह नेगी, लोकेश तोमर, हरीश दानू, गिरीश तिवारी को मंत्री तथा संरक्षक मंडल में अशासकीय विद्यालयों से सम्बन्धित सभी संगठनों के प्रांतीय अध्यक्ष, महामंत्री, प्रबन्धक शामिल रहेंगे। वहीं मुख्य संरक्षक मंडल में योगेश अग्रवाल, वीरेन्द्र सिंह रावत आदि को रखा गया है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

श्रद्धा | एकम सनातन भारत दल की ओर से लाई गई रामशिला का लोगों ने किए दर्शन

# ढोल नगाड़ों के साथ रामशिला को लाए श्रद्धालु

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचारः** एकम सनातन भारत दल की ओर से लाई गई रामशिला का लोगों ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत के बाद रामशिला को दर्शनों के लिए रखा गया जहां लोगों ने रामशिला के दर्शन किए।

मंगलवार को एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.आरके महाजन के नेतृत्व में रामशिला पत्थर को नगर में लाने पर भुड्डी धर्मशाला में स्वागत किया। इसके बाद ढोल नगाड़ों के साथ रामशिला को सजाए गए मंच पर दर्शनों के लिए रखा गया। दर्शन से पूर्व पंडित बाबूराम शर्मा द्वारा रामशिला की पूजा की गई और फिर दर्शनों का कार्यक्रम शुरू हुआ। एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने बताया कि त्रेता युग में जब रावण सीता को हर कर लंका ले गया था उसे दौरान राम की सेना को समुद्र को पार कर लंका जाना था, तो उनकी सेना में तैनात नल और नील ने पत्थरों से समुद्र में पुल का निर्माण किया था। उन्होंने बताया कि राम का नाम लेने से समुद्र में पत्थर तैरने लगे थे। उन्होंने कहा वही पत्थर रामशिला बन गए और उसी राम शिला को दर्शनों के लिए नगर में लाया गया। उन्होंने बताया कि शिला का वजन करीब ढाई किलो था और सबके सामने उसे पानी में डाला गया जो तैरता रहा। इस मौके पर चरणजीत सिंह चन्ना, अमित ढींगरा, गोपाल कश्यप, अमरीक सिंह, नेमपाल दिवाकर, अजय सैनी, हरविंदर सिंह, राजकुमार नैयर, कुंवर सिंह, सियाराम, राम श्री, विजया पांडे, पूजा पांडे, आरती, सरोज वाला, बेबी चंद्रा, सुनील सिंह, शंकर शर्मा, कुंवर सिंह, सियाराम आदि मौजूद थे।

गदरपुर में रामशिला के दर्शनों के लिए नगर में पहुंचते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# स्वच्छता एवं सिंगल यूज पॉलीथिन का प्रयोग न करने का संदेश दिया

**काशीपुर।** राजकीय पॉलिटेक्निक काशीपुर राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय कुमाऊं कॉलोनी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कचनालगाजी में स्वच्छता एवं सिंगल यूज पॉलीथिन का प्रयोग नहीं करने के लिए जन जागरूकता रैली निकाली गई। बौद्धिक सत्र में आशीष सागर जेई आईओसीएल द्वारा स्वयं सेवियों को कैरियर काउंसलिंग एवं इंडस्ट्री में टीम वर्क के बारे में जागरूक किया गया। वहां पर कार्यक्रम अधिकारी राजीव यादव, डॉ. ओपी सिंह, मनमोहन, आदेश कुमार, प्रिंस चौहान, कुमार गौरव, भानु व प्रशांत मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

# राम मंदिर से होगा रामराज्य का प्रयास : तोगड़िया

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा- अब काशी और मथुरा में भव्य मंदिर बनाए जाएंगे, हिंदुओं की समृद्धि पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन गया है। अब राम मंदिर से राम राज्य की ओर ले जाने का प्रयास किया जाएगा। अब काशी और मथुरा में भव्य मंदिर बनाए जाएंगे और हिंदुओं की समृद्धि पर जोर रहेगा।

मंगलवार को रामपुर रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हुए कार्यक्रम में तोगड़िया ने कहा कि हिंदुओं को सशक्त करने के लिए हिंदू हेल्प लाइन बनाई गई है। इसके अलावा मोहल्लों में 15-20 सदस्य मिलकर एक स्थान पर हर सप्ताह मंगल या शनि को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे जो हनुमान चालीसा केंद्र बनेगा। देश में 1 लाख हनुमान चालीसा केंद्र बनाने का लक्ष्य है। अब तक 9 हजार केंद्र बनाए जा चुके हैं। प्रत्येक हनुमान चालीसा केंद्र से आसपास के 300 से 400 परिवारों को कानूनी, आर्थिक व रोजगार के लिए मदद दी जाएगी। उन्होंने राम मंदिर पर बोलते हुए कहा कि 496 साल पुराने राम मंदिर का सपना पूरा करने के लिए 3 लाख से अधिक लोगों ने अपनी आहुति दी। 25 पीढ़ियों तक इंतजार किया गया।

अन्तराष्ट्रीय हिन्दू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया का हल्द्वानी आगमन पर स्वागत करते कार्यकर्ता।

पहली बार वर्ष 1984 में ताला खोलो या ताला तोड़ो से शुरू हुआ था जो वर्ष 2024 में जाकर साकार हुआ। उन्होंने कहा कि अमूमन इतना भव्य मंदिर में 8-10 साल लग जाते हैं लेकिन राम मंदिर इतना जल्दी बन गया। इसकी वजह है कि पिछले 32 वर्षों से कारसेवक मंदिर के पत्थर तराश रहे थे। उन्होंने इस अवधि में 60 हजार घनमीटर पत्थर तराशा था इसमें 54 हजार घनमीटर पत्थर मंदिर में लग गया।

बाकी का 6 हजार घनमीटर भी लग जाएगा। अंत में उन्होंने जन संख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की। इस दौरान सावित्री चंद, ईश्वरी प्रसाद, सुभाष जोशी, कृष्णा कांडपाल, वीरेंद्र अधिकारी, रोशन रावत, करन सिंह, मोहन सिंह, अतुल, किशन बजवाल आदि मौजूद रहे।

### बच्चों को किया सम्मानित

इससे पूर्व उन्होंने योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हर्ष पांडे, हर्षिका, कृतिका पांडे, भरत पांडे, लावण्या कांडपाल, काव्यांजलि बसेड़ा, अर्पणा पंत, अनन्या भैसोड़ा, मीमांशा, तनुजा नेगी, रिया रावत को सम्मानित किया। इसके अलावा कुमाउंनी संस्कृति को बढ़ावा देने वाली दंपत्ति मनोज एवं रेखा आर्य को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही

# कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम से मिला मंदिर

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया का नगर में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा समान नागरिक संहिता विधेयक कानून विधानसभा में पेश किए जाने पर सरकार को को बधाई दी। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार इस्लामी कट्टरपंथियों और देश विरोधी ताकतों को पनपने ना दें।

मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. तोगड़िया का नगर में पहुंचने पर विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सैनी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। लोगों को संबोधित कर डॉ. तोगड़िया ने कहा विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता वर्षों से मंदिर निर्माण की अलख जगाए हुए थे। कार्यकर्ताओं की मेहनत का फल था कि रामलला अपने भव्य निर्मित मंदिर में विराजमान हो गए। उन्होंने कहा कि हिंदुओं का अगला लक्ष्य मथुरा में भव्य मंदिर का निर्माण कराना है। उन्होंने कहा सभी हिंदुओं को शंकराचार्य के आदेश का पालन करना चाहिए। प्रदेश सरकार द्वारा समान नागरिकता कानून विधेयक विधानसभा में पेश किए जाने पर कहा कि जिस तरह का कानून उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रदेश में लागू किया गया है। इस तरह का कानून पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए। सभी को एक जैसे अधिकार होने चाहिए। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सैनी, सनातन धर्म मंदिर के अध्यक्ष जयकिशन अरोड़ा, शिव मंदिर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनिल गुंबर, सह संगठन मंत्री ईश्वरी प्रसाद, सुभाष जोशी, निपुण गगनेजा, अमित सेतिया, निशांत सिंगल, हरीश रहलन आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

# निशुल्क शिविर में 121 नेत्र रोगियों की जांच

किच्छा में आयोजित शिविर में उपस्थित अधिकारी एवं जांच करतीं चिकित्सक।

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित लालपुर पुलिस चौकी पर पुलिस प्रशासन द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस मौके पर करीब 121 नेत्र रोगियों ने अपने नेत्रों की जांच कराते हुए शिविर का लाभ उठाया। शिविर में आयुष्मान योजना के तहत 12 नेत्र रोगियों को निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। इससे पूर्व लालपुर चौकी परिसर में आयोजित नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के ने किया। प्रभु नेत्रालय रुद्रपुर की टीम के प्रतीक सुखीजा, नेत्र विशेषज्ञ निशा त्रिपाठी, सना नाज, शिवम राजपूत, फरहीन खान, संगीता मंडल, दिव्या, शीतल ध्यानी की टीम ने शिविर में आए लोगों का पंजीकरण करने के बाद मशीनों के माध्यम से उनके नेत्रों की जांच की। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ओम प्रकाश शर्मा, सीओ ट्रैफिक तपेश कुमार, सीपीयू प्रभारी राकेश कुमार, किच्छा कोतवाली निरीक्षक सुंदरम शर्मा, लालपुर चौकी प्रभारी सतीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं को दिए करियर के टिप्स

खटीमा के राउमावि बिरिया मझोला आयोजित बालिका करियर परामर्श कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरिया मझोला में बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना के तहत बालिका करियर परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य महेन्द्र प्रताप पांडे ने किया। बालिकाओं को सुखद भविष्य के लिए करियर चुनने की सलाह दी गई। जिसमें उन्हें चिकित्सा के क्षेत्र में जाकर डॉक्टर बनने, शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षक बनने अथवा अन्य व्यवसायिक शिक्षा को चुनकर आगे बढ़ने को कहा गया। बालिकाएं नर्सिंग के क्षेत्र के लिए भावना बोरा, कॉमर्स और बैंकिंग के क्षेत्र में सफलता पाने के लिए दीपा भंडारी ने इंटर कक्षाओं में संबंधित विषय के चयन तथा तैयारी के लिए समय, श्रम और साधन पर विस्तार से निर्देशन एवं परामर्श दिया। परामर्शदाताओं में डॉ. सुनाक्षी सक्सेना, डॉ. देश दीपक गौड़, सरस्वती पाल, डॉ. विवेक कुमार सक्सेना, किरन आदि भी शामिल रहे। प्रधानाचार्य महेंद्र प्रताप पाण्डेय ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन मनोज कुमार चन्याल ने किया। इस अवसर पर तारावती, पिंकी चंद, रतन सिंह राना, ललित मोहन कापड़ी, मनीष सिंह राना, पुष्पा देवी, लक्ष्मी देवी आदि थे।

# हेपेटाइटिस की औषधि उपलब्ध करने के निर्देश

- स्वास्थ्य मंत्री के जिला प्रतिनिधि के प्रयास लाए रंग

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** ऊधम सिंह नगर मुख्यालय स्थित जिला चिकित्सालय में हेपेटाइटिस बी एवं सी की औषधि को लेकर मरीजों को हो रही दिक्कत का मामला संज्ञान में आने के बाद स्वास्थ्य मंत्री के जिला प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना के प्रयासों से दो दिनों के भीतर जिला चिकित्सालय में औषधि उपलब्ध करने के निर्देश जारी हो गए।

उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के जिला प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना ने जाकारी देते हुए बताया कि मरीजों द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि जिला मुख्यालय में हेपेटाइटिस बी तथा हेपेटाइटिस सी की औषधि उपलब्ध न होने के कारण मरीजों को उपचार कराने में परेशानी का सामना तथा दर-दर भटकना पड़ रहा है। मामला संज्ञान में आने के बाद जिला स्वास्थ्य प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना ने स्वास्थ्य मंत्री रावत को मामले से अवगत कराया और विभागीय अधिकारियों से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री रावत में दो दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से हेपेटाइटिस सी एवं बी की औषधि जिला चिकित्सालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

अभिषेक सक्सेना।

# सरस मार्केट का ताला तोड़कर प्रशासन ने जड़ा अपना ताला

- समूह से जुड़ी महिलाओं का मार्केट के बाहर प्रदर्शन
- टकराव की स्थिति पैदा होने पर बीडीओ व पुलिस बल पहुंचा

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** सरस मार्केट में कब्जे को लेकर जोहार सांस्कृतिक समिति तथा महिलाओं समूहों का विरोध लंबे समय से चल रहा है। मंगलवार को समूह से जुड़ी महिलाओं के मार्केट के बाहर प्रदर्शन करने से टकराव की स्थिति पैदा हो गई।

बीडीओ व पुलिस बल ने प्रशासनिक कार्य का हवाला देते हुए जोहार संगठन के लगाए गए ताले को खोल दिया है। दोनों पक्षों के बीच विवाद के चलते बाद में प्रशासन ने अपना ताला लगा लिया। जिला अस्पताल के समीप सरस मार्केट में कब्जे को लेकर जोहार समुदाय व महिला समूहों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। जोहार संगठन इस भूमि को अपना मानता है तथा यहां पर अपना कब्जा जमाता आया है।

विगत कुछ साल पहले प्रशासन ने इस स्थान पर सरस मार्केट का निर्माण किया तथा इसे उत्पाद बेचने के लिए महिला समूहों को आवंटित किया। उत्तरायणी मेले पर इस पर कब्जे को लेकर एक बार फिर विवाद तेज हो गया तथा मेले के बाद जोहार संगठन के कुछ सदस्यों ने इन दुकानों पर अपना ताला लगा दिया। मंगलवार को महिला समूहों से जुड़ी महिलाएं यहां पर पहुंची व उन्होंने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। इस बीच जोहार सांस्कृतिक समिति के लोग भी पहुंच गए। दोनों के बीच तनातनी देखकर भारी संख्या में पुलिस भी मौके पर पहुंची। बीडीओ आलोक भंडारी समेत अन्य अधिकारी भी वहां पहुंच गए। महिलाओं के विरोध को देखते हुए मार्केट का ताला खोला गया। बाद में प्रशासन ने इस पर अपना ताला लगा लिया। इधर, आजीविका समूह से जुडी अनीता देवी, सुनीता खेतवाल, सुनीता टम्टा, मंगला देवी ने कहा कि प्रशासन ने उन्हें यह स्थान आवंटित किया है, परंतु जोहार संगठन इस पर अपना अधिकार जमा रहा है। जोहार संगठन की उषा जंगपांगी ने कहा कि यह भूमि प्राचीन काल से उन्हें पड़ाव के रूप में मिली है, जिस पर उनका अधिकार है।

# जोगीठेर नगला में सीसी मार्ग का लोकार्पण

**खटीमा।** कृषि उत्पादन मंडी समिति से जोगीठेर नगला में 14.63 लाख की लागत से नवनिर्मित सीसी मार्ग का पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत ने लोकार्पण किया। पूर्व मंडी अध्यक्ष खड़ायत ने कहा कि मंडी समिति की ओर से क्षेत्र में अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए का लाभ लेने और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा नौसर मंडल अध्यक्ष सोमनाथ मौर्य, जितेंद्र सिंह राणा, विपिन सिंह राणा, मुन्नालाल भारती, ग्राम प्रधान जितेंद्र गौतम, विनय कुमार आदि मौजूद थे।

# पाइप गायब होने से जल जीवन मिशन योजना का कार्य ठप पड़ा

- सात लाख रुपये के पांच सौ से अधिक पाइप हैं गायब
- कार्यदाई कंपनी की तहरीर के आधार पर प्रशासन ने दर्ज किया है मुकदमा

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के दाडिमा गांव से जल जीवन मिशन योजना के पांच सौ से ज्यादा पाइप गायब होने से योजना का कार्य ठप हो गया। पाइपों के न होने से कार्य में जुटे श्रमिक भी वापस लौटने लगे हैं। मुकदमा दर्ज होने के दो सप्ताह बाद भी मामले का खुलासा न होने से गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। राजस्व उपनिरीक्षक कपिल कुमार के अनुसार मामले के खुलासे के लिए सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जल्द खुलासा कर लिया जाएगा।

ब्लॉक के दाडिमा व ओडाब्रास्कोट गांव में इन दिनों जल जीवन मिशन योजना का कार्य गतिमान है। रुड़की की कंपनी दोनों गांवो में योजना के पेयजल टैंक निर्माण तथा पाइप लाइन बिछाने का कार्य कर रही है। बीते दिनों कंपनी ने लगभग सात लाख रुपये से भी अधिक के लागत के पांच सौ से भी अधिक लोहे के पाइप गांव में भिजवाए। जब श्रमिकों को जरुरत पड़ी तो श्रमिक पाइप लेने पहुंचे तो पाइप गायब थे। सात लाख रुपये के पांच सौ से भी अधिक लोहे के पाइप गायब होने से हड़कंप मच गया। सूचना पर कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर गौरव भारद्वाज भी मौके पर पहुंचे। प्रशासन को तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग उठाई। प्रशासन ने भी मामला दर्ज कर लिया। मुकदमा दर्ज होने के दो सप्ताह बाद भी मामले का खुलासा नहीं हो सका है। प्रोजेक्ट मैनेजर गौरव भारद्वाज के अनुसार अब तक पाइपों का पता चल पाने से योजना से संबंधित कार्य ठप हो गया है। गायब पाइपों की जांच भी बेहद धीमी गति से चल रही है जिससे योजना का कार्य लंबित होता जा रहा है। प्रोजेक्ट मैनेजर ने जल्द खुलासे की मांग दोहराई है। राजस्व उपनिरीक्षक गौरव कुमार के अनुसार मामले से जुड़े सभी बिंदुओं पर जांच गतिमान है। दावा किया की जल्द खुलासा कर लिया जाएगा।

# जल्द भरे जायेंगे आयुर्वेदिक दवाखानों में रिक्त पड़े पद

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में शहरी क्षेत्र के बाहर 53 आयुर्वेदिक दवाखाने हैं। एक दवाखाना में एक आयुर्वेदिक डाक्टर, एक फार्मासिस्ट, वार्डब्वाय व एक स्वीपर की तैनाती का प्रावधान है। इस समय 37 आयुर्वेदिक डाक्टर ही उपलब्ध हैं। फार्मासिस्टों की भी कमी है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी अमरदीप सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में एक हजार फार्मासिस्टों की भर्ती की जा रही है। इसके अलावा 600 से ज्यादा चिकित्साधिकारियों की भर्ती की गई। इन्हें विभिन्न जिलों के अस्पतालों में तैनात किया जाएगा। इससे हमारे जिले में भी चिकित्सकों व फार्मासिस्टों की कमी पूरी हो जायेगी।

### मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति के लिए अल्का चयनित

**खटीमा।** राजकीय इंटर कॉलेज चारुबेटा की कक्षा छह की छात्रा अल्का का चयन मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के लिए किया गया है। यह जानकारी परीक्षा प्रभारी गया प्रसाद मौर्य ने दी। अल्का की इस सफलता पर उसकी मां रुक्मिणी देवी, पिता रविंद्र कुमार बेहद खुश हैं। प्रधानाचार्य राम नारायण वर्मा, नोडल अधिकारी रावेंद्र कुमार रवि सहित शिक्षकों ने अल्का को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सोनी को अंग्रेजी में पीएचडी की उपाधि

**खटीमा।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के 18वें दीक्षांत समारोह में सोनी उप्रेती को अंग्रेजी विषय में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया है। उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत की मौजूदगी में यह सम्मान दिया गया। सोनी उप्रेती अमाऊं निवासी सेवानिवृत्त पशुधन प्रसार अधिकारी किशोर चंद्र उप्रेती की पुत्री है। प्रोफेसर डॉ. विद्या शंकर शर्मा की देखरेख में किए गए शोध कार्य की सफलता का श्रेय सोनी ने अपने परिजनों एवं गुरूजनों को दिया है।

### भंडारे के साथ वार्षिकोत्सव का हुआ परायण

**हल्द्वानी।** गोलज्यू महाराज के आठवें वार्षिकोत्सव का मंगलवार को हवन के साथ परायण हुआ। गोलज्यू स्थापना समिति राजपुरा की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गोलज्यू महाराज को भोग लगाया और इसके बाद 11 कन्याओं का पूजन किया और प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में गोलज्यू महाराज के जयकारों के साथ लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर दर्जा मंत्री दिनेश आर्य, जिला अध्यक्ष भाजपा प्रताप बिष्ट, रविंद्र बाली आदि उपस्थित रहे।

# तेलंगाना में प्रतिभाग करेंगे शांतिपुरी के तीन प्रतिभागी

**शांतिपुरी।** आगामी 8 से 11 फरवरी तक हैदराबाद के तेलंगाना में आयोजित होने वाली पांचवीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शांतिपुरी के तीन प्रतिभागी डॉ. भवान सिंह कार्की, प्रेम सिंह देउपा एवं घनानंद पांडे प्रतिभाग करेंगे। इस प्रकार की प्रतिभाओं में कई बार अपनी योग्यता का लोहा मनवा चुके स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर निवासी 55 वर्षीय प्रेम सिंह देउपा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में देश भर के करीब 3500 प्रतिभागी अपने अलग-अलग आयुवर्ग में प्रतिभाग करेंगे। जिसमें पंतनगर, जवाहर नगर एवं शांतिपुरी के खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सफलता की शुभकामनाएं दी हैं।

# जगतपुर में उर्स के पोस्टर फाड़ने पर घेरी चौकी, हंगामा

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग की टीम पर जगतपुर में उर्स के पोस्टर फाड़ने का आरोप लगाकर कुछ लोगों ने हंगामा किया। उसके बाद अकीदतमंदों ने जगतपुर चौकी का घेराव कर लिया। पोस्टर फाड़ने वाले कर्मचारी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। ऑल इंडिया रजा एक्शन कमेटी के मुहम्मद साकिब रजा ने बताया कि मौलाना तहसीन रजा के उर्स के पोस्टर कुछ लोगों ने फाड़ दिए। जिससे उनके अकीदतमंदों में आक्रोश फैल गया। पोस्टर फाड़ने वाला बिजली विभाग का कर्मचारी बताया जा रहा है। आरोपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर लोगों ने जगतपुर चौकी का घेराव कर दिया।

# 20 तीर्थयात्रियों का कोसी घाटी में स्वागत

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना के तहत 20 तीर्थयात्रियों के दल के कोसी घाटी पहुंचने पर स्वागत किया गया। कुछ देर रुकने के बाद बाबा भोलेनाथ के जयकारों संग दल जागेश्वर रवाना हो गया। दल चार दिवसीय यात्रा के दौरान मानस खंड के मंदिरों का भ्रमण करेगा।

देहरादून से विभिन्न मंदिरों के भ्रमण को रवाना हुआ दल खैरना स्थित कुमाऊं मंडल विकास निगम के विश्राम गृह पहुंचा। गढ़वाल मंडल विकास निगम के गाइड रमेश शर्मा की अगुवाई में पहुंचे दल में शामिल सुमित्रा देवी, रमेश चंद्र डोभाल, मधु रावत, गंभीर सिंह भंडारी आदि बुजुर्गो ने सरकार की मातृ-पितृ तीर्थाटन योजना की सराहना की। गाइड रमेश शर्मा के अनुसार चार दिवसीय यात्रा में शामिल बुजुर्ग जागेश्वर धाम समेत कई मंदिरों का भ्रमण करेंगे। खैरना स्थित केएमवीएन के विश्राम गृह में कुछ देर रुकने के बाद दल जागेश्वर रवाना हो गया। भोलेनाथ के जयकारों से समूची कोसी घाटी गूंजायमान हो उठी। इस दौरान प्रबंधक पारस सत्यवली, लाखी राय पंवार, बालिका भंडारी, करन सिंह पडियार, मधु रावत, शक्ति मोहन बिजल्वाड़, कृष्णा नंद भट्ट, विजया भट्ट, शूरवीर सिंह, बीडी खंडूरी, लक्ष्मी खंडूरी, रुक्मणी देवी, कमलेश्वर प्रसाद नौटियाल आदि मौजूद रहे।

# ट्रेनों में वसूली करते किन्नरों से यात्री तंग

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रेनों में यात्रियों से किन्नरों द्वारा वसूली की जा रही है। पिछले एक सप्ताह में पांच किन्नरों को पकड़कर रेलवे मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जा चुका है।

यात्री पैसे नहीं देते तो उनके साथ अभद्रता करते हैं। कई बार किन्नरों की हरकतों से यात्रियों के सामने असहज कुछ दिनों पहले बरेली जंक्शन पर दो किन्नर वेशधारियों को मुरादाबाद से आई टीम ने पकड़ा था। मंगलवार को दो और किन्नर वेशधारियों को पकड़ा गया। इनके अलावा एक अवैध वेंडर को भी पकड़ा। दोनों को रेलवे मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। जंक्शन और ट्रेन पर घूमने वाले किन्नरों पर रोक लगाई जाएगी।

नगराध्यक्ष जीवन सिंह सैनी व सदस्यों का स्वागत करते किसान नेता जगतार सिंह बाजवा।

### पत्रकारों के हित में अनेक विषयों पर चर्चा

**बाजपुर।** उत्तराखंड पत्रकार यूनियन की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार फुटेला की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें पत्रकारों के हित में अनेक विषयों पर चर्चा की गई। बाजपुर की इकरई का गठन कर सर्वसम्मति से जीवन सिंह सैनी को अध्यक्ष बनाया गया। मंगलवार को राजराम रोड स्थित एक होटल में हुई उत्तराखंड पत्रकार यूनियन से जुड़े जनपदभर के पत्रकारों की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार फुटेला व जिलाध्यक्ष कंचन वर्मा ने संगठन की नीति व आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। इस दौरान सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष कंचन वर्मा द्वारा बाजपुर के वरिष्ठ पत्रकार जीवन सिंह सैनी को बाजपुर शाखा का अध्यक्ष घोषित किया गया जिसका अनुमोदन काशीपुर महानगर अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार सुरेश शर्मा द्वारा भी किया गया। बैठक का संचालन रूपेश कुमार सिंह ने किया। इस दौरान जिला महामंत्री विनोद कुमार द्वारा जयपाल सिंह, सुशील कुमार राधे, लव श्रीवास्तव, कुश श्रीवास्तव आदि को सदस्य बनाया गया। इस मौके पर मौके पर पहुंचे किसान नेता जगतार सिंह बाजवा, राजकिशोर आदि ने नवनियुक्त नगराध्यक्ष जीवन सिंह सैनी व सदस्यों का स्वागत किया गया।

# शांति सेना मिशन के हवलदार का निधन

- दो साल तक सोमालिया में रहे पांच महर रेजीमेंट के हवलदार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** शांति सेना मिशन में दो साल सोमालिया में रहे पांच महर रेजीमेंट के सेवानिवृत्त हवलदार पुष्कर गिरी (53) का आकस्मिक निधन हो गया।

कुटरा निवासी हवलदार पुष्कर गिरी शांति सेना मिशन में दो साल सोमालिया में रहे। 2008 में सेवानिवृत्त हुए पुष्कर गिरी का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया।

उनका अंतिम संस्कार बनबसा शारदा घाट में किया गया। मृतक हवलदार अपने पीछे पत्नी मंजू देवी, पुत्री पायल, पलक व पुत्र आशुतोष गिरी को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका छोटा भाई राजेश गिरी वर्तमान में 4 महर रेजीमेंट में सेवारत है और नंदन गिरी कृषि कार्य करता है। अंतिम संस्कार में हरीश गिरी, विजेंद्र गिरी, महेश गिरी, गणेश गिरी, हरीश मेहरा, कैलाश गिरी, राजेंद्र गिरी, कैलाश सिंह भंडारी, केदार भंडारी, उर्वा दत्त जोशी, गणेश जोशी, दीपक जोशी, गिरीश चंद्र जोशी, प्रकाश जोशी आदि थे।

पुष्कर गिरी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शक्नोतीहैव यः सोढुं प्राक्शरीरविमोक्षणात्।
कामक्रोधोद्भवं वेगं स युक्तः स सुखी नरः॥

जो साधक इस मनुष्य शरीर में, शरीर का नाश होने से पहले-पहले ही काम-क्रोध से उत्पन्न होने वाले वेग को सहन करने में समर्थ हो जाता है, वही पुरुष योगी है और वही सुखी है।

## संपादकीय

# राज्यों के लिए उदाहरण

समान नागरिक संहिता (यूसीसी) भारत में एक अत्यधिक विवादित और राजनीतिक रूप से ज्वलंत मुद्दा रहा है। यूसीसी का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है, जो राज्य के नीति निर्देशक तत्व का अंग है। इस दृष्टि से राजनीति की सभी धाराएं इस बात पर एकमत रही हैं कि देश में सभी पंथों, आस्थाओं से जुड़े लोगों पर एक ही तरह के कानून लागू होने चाहिए। इसे व्यवहार में लाने पर अगर असहमति रही तो उसका आधार यह था कि किसी समूह को ऐसा नहीं लगना चाहिए कि उसे उसकी आस्था या संस्कृति से जबरन अलग किया जा रहा है। मंगलवार को उत्तराखंड विधानसभा में बहुप्रतीक्षित यूसीसी विधेयक पेश कर दिया गया। माना जा रहा है कि उत्तराखंड में यूसीसी सफलतापूर्वक लागू हो गई तो वह दूसरे राज्यों के लिए एक उदाहरण बन सकती है। गोवा में पुर्तगाली शासन के दिनों से ही यूसीसी लागू है। असम और गुजरात जैसे राज्य भी उत्तराखंड वाले मॉडल पर ही समान आचार संहिता को लागू करने की तैयारी में हैं। यूसीसी पर अधिनियम बनाकर में लागू करना 2022 में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा जनता से किए गए प्रमुख वादों में से एक था। वर्ष 2000 में अस्तित्व में आए उत्तराखंड में भाजपा ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर इतिहास रचने के बाद मार्च 2022 में सत्ता संभालने के साथ ही मंत्रिमंडल की पहली बैठक में यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन को मंजूरी दे दी थी। यूसीसी का कुछ लोगों द्वारा राष्ट्रीय अखंडता और लैंगिक न्याय को बढ़ावा देने के एक तरीके के रूप में समर्थन किया जाता है तो कुछ लोगों द्वारा इसे धार्मिक स्वतंत्रता और विविधता के लिए खतरा बताकर विरोध किया जाता है।

इधर भाजपा ने इस मुद्दे को जोरदार ढंग से उठाया है। न्यायपालिका की तरफ से भी बार-बार इसे लागू करने की जरूरत बताई जा रही है। ऐसे में यह माना जा सकता है कि देश में इसे लेकर जागरूकता हाल के दिनों में बढ़ी है। यूसीसी सभी नागरिकों के बीच एक समान पहचान और अपनेपन की भावना पैदा करके राष्ट्रीय एकता एवं धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देगी। इससे विभिन्न पर्सनल लॉज़ के कारण उत्पन्न होने वाले सांप्रदायिक और पंथ-संबंधी विवादों में भी कमी आएगी। यह सभी के लिए समानता, बंधुता और गरिमा के संवैधानिक मूल्यों को भी संपुष्ट करेगी। बहरहाल, राज्य सरकार की यह एक बड़ी पहल है और इस पर अमल की प्रक्रिया ही नहीं, इसके नतीजों पर भी पूरे देश की नजरें रहेंगी। चूंकि एकता एकरूपता से अधिक महत्वपूर्ण है।

# गाजा युद्धः फिलहाल विश्व शांत पर समस्या विकट

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

हालांकि कुछ जल शोधकर्ता चेतावनी दे रहे हैं कि सुरंगों में समुद्री पानी भरने से गाजा की पहले से ही दुर्लभ पीने के पानी की आपूर्ति पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है और इमारतें अस्थिर हो सकती हैं। ऐसी भी चिंताएं हैं कि सुरंगों में पानी भर जाने से शेष बचे लगभग 130 इजरायली बंधकों में से कई खतरे में पड़ सकते हैं।

इजराइल-हमास युद्ध का सौवां दिन भी कब का बीत चुका। खबरों की दुनिया ने तो एक नए विश्व युद्ध की आशंका जता दी थी। इस्लामिक देशों के संगठन ने भी खूब बंदर घुड़की दी। मगर अब लगता है सारा प्रतिरोध खत्म है। जब 7 अक्टूबर 2023 को हमास के लड़ाकों ने इजरायल पर हवाई और जमीनी हमला किया था, उसके तत्काल बाद ही इजरायल ने हमास के खिलाफ ऐसा युद्ध छेड़ा कि गाजा का एक हिस्सा मानो कब्रिस्तान बन गया। युद्ध में लंबे समय तक बंधकों पर संकट के साथ ही घटनाओं में विनाशकारी मोड़ आते गए हैं। दुनिया अपनी गति से चल रही है। इस भयावक युद्ध को विश्व ने जैसे अनदेखा कर दिया हो। इजराइल मानो आतंकवाद को निर्मूल करने के अपने संकल्प पर अडिग है।

अब नई और पुष्ट खबर है कि इजराइल की सेना ने 'आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निष्क्रिय' करने के अपने प्रयास में गाजा पट्टी के नीचे हमास द्वारा निर्मित सुरंगों में 'उच्च प्रवाह' के साथ समुद्री जल डालना शुरू कर दिया है। वैज्ञानिक जर्नल नेचर के हालिया अंक के मुताबिक 30 जनवरी को, इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने पुष्टि की है कि गाजा पट्टी के नीचे सुरंगों में 'बाढ़ की योजना'-एक रणनीति जो वस्तुतः दिसंबर से अफवाहों का विषय रही है, कई अज्ञात स्थानों पर लागू की जा रही है। आईडीएफ के बयान में कहा गया है कि यह कदम एक 'महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग और तकनीकी सफलता' है मगर ऐसी सुरंगों को ही चुना गया है जिससे क्षेत्र में पीने वाला भूजल संदूषित न हो।

हालांकि कुछ जल शोधकर्ता चेतावनी दे रहे हैं कि सुरंगों में समुद्री पानी भरने से गाजा की पहले से ही दुर्लभ पीने के पानी की आपूर्ति पर विनाशकारी प्रभाव पड़ सकता है और इमारतें अस्थिर हो सकती हैं। ऐसी भी चिंताएं हैं कि सुरंगों में पानी भर जाने से शेष बचे लगभग 130 इजरायली बंधकों में से कई खतरे में पड़ सकते हैं, जिन्हें 7 अक्टूबर 2023 के हमलों में हमास द्वारा अपहरण कर लिया गया था। बंधकों के स्थान अज्ञात बने हुए हैं, लेकिन एक शोधकर्ता की जब नेचर से बात हुई तो उनका कहना है कि उन्हें संदेह है कि बाढ़ का प्रभाव सीमित होगा, क्योंकि गाजा का भूजल पहले से ही समुद्री जल से दूषित है। सबसे बड़ी चिंताओं में से एक यह है कि सुरंगों में बाढ़ के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला समुद्री जल महत्वपूर्ण तटीय भूजल को दूषित कर देगा, जो गाजा, मिस्र और इजराइल के बीच स्थित है और गाजा को लगभग 80 प्रतिशत पानी की आपूर्ति करता है।

> कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि तट के नजदीक के क्षेत्रों का पानी स्रोत पहले से ही खारा है और पीने योग्य जल का बड़ा हिस्सा पहले से ही अनियमित सीवेज सिस्टम, उर्वरकों और अन्य चीजों से दूषित हो चुका है। उनका यह भी मानना है कि इजराइल की योजना का सीमित प्रभाव हो सकता है। क्योंकि वहां की आतंकवादियों की शरणगाह बने सुरंग नेटवर्क "न्यूयॉर्क या लंदन की तरह एक बड़ी मेट्रो योजना नहीं है, बल्कि आइसोलेटेड हैं। सुरंगों पर शुरू यह बहस वैसे तो उस समस्या पर प्रकाश डालती है, जो इस नए समुद्री जल प्रवेश के शुरू होने से पहले मौजूद थी।

जल इंजीनियर और स्विट्जरलैंड में जिनेवा वॉटर हब के महानिदेशक मार्क जिटौन का कहना है कि गाजा के पीने के पानी का मुख्य स्रोत दूषित हो रहा है। उनके अनुसार यदि आप पीने के पानी के स्रोत में खारा पानी डालते हैं तो यह प्रदूषणकारी है, जहरीला है। जिटौन आगे कहते हैं कि ऐसी संभावना है कि समुद्री जल, एक बार सुरंगों में डालने के बाद, आसानी से नियंत्रण के बाहर चला जाएगा। 'यदि आप सुरंगों को पानी से भरने का प्रयास करते हैं तो मैं मानता हूं कि उन्हें पानी रखने के लिए पर्याप्त रूप से सील नहीं किया गया है। पानी बहकर पीने के जलस्रोत में चला जाएगा,' वह कहते हैं। एन-नजाह नेशनल यूनिवर्सिटी के भूगोलवेत्ता अहमद रफत भी इस बात से सहमत हैं कि खारे पानी से पीने योग्य जलस्रोतों (एक्विफर) के अपूर्णीय रूप से दूषित होने की संभावना है। यदि वे इन सुरंगों में समुद्री जल से बाढ़ लाते हैं तो समुद्री जल भूवैज्ञानिक स्तर में एक्विफर की ओर प्रवेश करेगा। इस तरह की कार्रवाई से गाजा में जीवन के सभी पहलुओं पर गंभीर परिणाम होंगे - कृषि पर, मिट्टी पर, बुनियादी ढांचे पर आदि पर भी। समुद्री जल सिंकहोल बना सकता है, जो इमारतों की नींव को भी अस्थिर कर सकता है।

जलविज्ञानी नोम वीस्ब्रोड, जो इजराइल के नेगेव के बेन-गुरियन विश्वविद्यालय में जैकब ब्लास्टीन इंस्टीट्यूट फॉर डेजर्ट रिसर्च के डीन हैं, का कहना है कि जो लोग चिंतित हैं कि संपूर्ण तटीय एक्विफर अपूरणीय रूप से दूषित हो जाएगा, वे शायद बाढ़ के प्रभावों को कम आंक रहे हैं। वे कहते हैं, 'मुझे यकीन नहीं है कि पर्यावरणीय जोखिम उतना चरम है जितना लोग विश्वास करना चाहते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि बाढ़ का प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि प्रभावित सुरंगें कहां स्थित हैं। वाटर जर्नल में प्रकाशित 2020 के एक अध्ययन के अनुसार गाजा के तटीय एक्विफर का जल स्तर पूर्व में सतह से लगभग 60 मीटर नीचे से लेकर समुद्र तट के पास कुछ मीटर गहराई तक है। इनसे जितना पानी प्राकृतिक रूप से ताजे पानी द्वारा प्रतिस्थापित किया जा सकता है, उससे अधिक निकाला जा रहा है और परिणामस्वरूप एक्विफर्स में पहले से ही समुद्री जल का प्रवेश करता रहा है।

कुछ वैज्ञानिकों का कहना है कि तट के नजदीक के क्षेत्रों का पानी स्रोत पहले से ही खारा है और पीने योग्य जल का बड़ा हिस्सा पहले से ही अनियमित सीवेज सिस्टम, उर्वरकों और अन्य चीजों से दूषित हो चुका है। उनका यह भी मानना है कि इजराइल की योजना का सीमित प्रभाव हो सकता है, क्योंकि वहां की आतंकवादियों की शरणगाह बने सुरंग नेटवर्क "न्यूयॉर्क या लंदन की तरह एक बड़ी मेट्रो योजना नहीं है, बल्कि आइसोलेटेड हैं। सुरंगों पर शुरु यह बहस वैसे तो उस समस्या पर प्रकाश डालती है, जो इस नए समुद्री जल प्रवेश के शुरू होने से पहले मौजूद थी। गाजा में साफ पानी की पहले से ही कमी है। 2020 में संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों ने अनुमान लगाया कि केवल 10 प्रतिशत आबादी के पास ही सुरक्षित पेयजल तक पहुंच थी। कुछ पानी इज़राइल और मिस्र द्वारा पहुंचाया जाता रहा है। यूरोपीय संघ द्वारा वित्त पोषित 10 मिलियन डालर का समुद्री जल अलवणीकरण संयंत्र 2017 में गाजा में खोला गया था, लेकिन संभवतः यह बिजली की आपूर्ति के बिना काम नहीं कर सकता है। युद्ध से पहले, गाजा की लगभग आधी बिजली इजराइल से आती थी, लेकिन अक्टूबर में, इजराइली सरकार ने आपूर्ति बंद कर दी। युद्ध के कारण लगभग 1.9 मिलियन लोग विस्थापित हो गए हैं जिनमें से कई लोग दक्षिणी गजान शहर राफा में तंबू में या सड़कों पर रह रहे हैं। जनवरी में मूसलाधार बारिश के बाद कई लोग पीने का पानी बर्तनों और बाल्टियों में इकट्ठा कर रहे हैं। अन्य लोग टैंकर ट्रकों से पानी खरीदते हैं, क्योंकि एक्विफर से निम्न गुणवत्ता वाला पानी ही निजी कंपनियों द्वारा अलवणीकृत किया गया है। इजराइल के अरावा घाटी में अरावा इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट स्टडीज में सेंटर फॉर एप्लाइड एनवायरनमेंट डिप्लोमेसी के निदेशक डेविड लेहरर कहते हैं कि जब युद्ध समाप्त हो जाएगा, तो इजराइल और गाजा को बेहतर जल भविष्य के लिए योजना बनाना शुरू करना होगा।

2023 में इजराइली कंपनी वॉटरजेन, सामुदायिक विकास के लिए फिलिस्तीनी गैर-सरकारी संगठन दामूर और इजराइली नागरिक प्रशासन के साथ साझेदारी के माध्यम से, अरावा इंस्टीट्यूट गाजा में नगर पालिका स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में पांच सौर ऊर्जा संचालित वायुमंडलीय जल जनरेटर स्थापित करेगा। अरावा इंस्टीट्यूट के अनुसार ये आर्द्रता को ग्रहण करके संघनित करके और फिल्टर करके प्रतिदिन लगभग 900 लीटर स्वच्छ पेयजल उत्पन्न कर सकते हैं। यह पहल और ऑफ-ग्रिड अपशिष्ट जल उपचार जैसे अन्य अंतरिम उपाय, 'आशा की एक किरण प्रदान करेंगे कि अंततः स्थिति में सुधार होगा'। फिलहाल तो समस्या विकट है और विश्व शांत है।

## प्रसंगवश

# अवगुन कहूं शराब का

शराब ने कैसे-कैसे गुल खिलाए हैं, कहने की जरूरत नहीं। न जाने कितने नामचीन हस्तियों को इसने बरबाद किया। नाम गिनाऊं तो अभी याद आ रहे हैं गायक और अभिनेता सहगल, गायिका गीता दत्त, नायिका मीना कुमारी, संगीतकार जयकिशन और मदनमोहन, गीतकार शैलेन्द्र, शायर मजाज, अंग्रेज कवि डायलन टामस, कहानीकार ओ हेनरी, उपन्यासकार स्कॉट फिजराल्ड जिन्हें शराब ने अल्पायु में ही दुनिया से विदा कर दिया। देश में हर साल इस शराबखोरी के चलते सैकड़ों मर रहे हैं।

मेरे एक परिचित बैंककर्मी थे। राम जाने कब और कैसे शराब की लत उनको लगी? रिटायरमेंट के बाद उनकी स्थिति यह थी कि शराब के चक्कर में अपने तमाम परिचितों से किसी न किसी बहाने पैसा ले चुके थे। शराबखोरी ने इस हद तक उनको बेशर्म बना दिया था कि किसी परिचित के घर अहले सुबह पहुंच जाते और पत्नी की बीमारी के नाम पर पैसा मांगते। बीमारी, वह भी पत्नी को, तो कोई इंकार कैसे करता? धीरे-धीरे लोगों को इसका पता चला तो उनको बाहर पैसा मिलना बंद हो गया। खुशकिस्मती से अब वे शराब छोड़ चुके हैं।

शराब की प्रशंसा में गीतों की भरमार है। साहित्य में ईश्वर, प्रेम, प्रकृति और शराब चिरकालीन विषय वस्तु रहे हैं। ऋग्वेद में सोमरस का गुणगान है। उर्दू शायर तो शराब के लिए खुदा और जन्नत से भी तौबा कर लें। उनकी कलम में शराब की स्याही रहती है। हिन्दी के हरिवंश राय बच्चन ने एक पूरी किताब "मधुशाला" शराब और शराबियों का गुणगान करते लिख डाली।

शराब की इतनी बढ़ाई और बड़े बड़े लोगों में इसके पीने की चर्चाएं सुनकर एक बार मुझे भी इच्छा हो आई कि जरा मैं भी चखकर देखूं। सो एक बोतल ले आया। कौन ब्रांड था, नाम नहीं याद आ रहा। खैर बोतल खोली और थोड़ा सा हलक में ले गया। इतना खराब और इतना कड़वा लगा मानों सूअर या गंदे नाले में लोट-पोट करने वाले ऐसे ही किसी अन्य जानवर का पेशाब हो। तुरंत ब्रश किया, इलायची दाना खाया, सौंफ खाया। घंटों बाद मन ठीक हुआ। बोतल नाली में फेंक आया। ऐसा नहीं है कि शराब के खिलाफ नहीं लिखा गया। बहुत कुछ लिखा गया है। कबीर ने पांच सौ साल पहले चेतायाः अवगुन कहूं शराब का, आपा अहमक साथ। मानुष से पशुआ करे, दाय गांठ से खात॥

> शराब की इतनी बढ़ाई और बड़े-बड़े लोगों में इसके पीने की चर्चाएं सुनकर एक बार मुझे भी इच्छा हो आई कि जरा मैं भी चखकर देखूं। सो एक बोतल ले आया। कौन ब्रांड था, नाम नहीं याद आ रहा। खैर बोतल खोली और थोड़ा सा हलक में ले गया। इतना खराब और इतना कड़वा लगा मानों सूअर या गंदे नाले में लोट-पोट करने वाले ऐसे ही किसी अन्य जानवर का पेशाब हो। तुरंत ब्रश किया, इलायची दाना खाया, सौंफ खाया।

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शेक्सपियर के शब्द हैंः ओ शराब की अदृश्य आत्मा, अगर तेरा कोई ज्ञात नाम न हो तो तुझे हम 'शैतान' के नाम से पुकारें। हे ईश्वर! आदमी अपने मुंह में एक बैरी रख ले जो उसकी बुद्धि का ही अपहरण कर ले! कि हम हंसते, गाते, उत्सव मनाते, तालियां बजाते खुद ही अपने आपको जानवर में बदल डालें। (ऑथेलो)

टॉलस्टाय की एक कहानी है-द इंप एंड द पीजेंट्स क्रस्ट। कहानी का सार है कि शराब शैतान का आविष्कार है जिसे बनाने के लिए उसने पहले लोमड़ी का खून लिया, फिर उसमें भेंडिया का खून डाला और अंत में उसमें सूअर का खून मिलाया। सो इस प्रकार तीन निकृष्ट जानवरों के खून के मिश्रण से शराब बनी। इसलिए आदमी जब शराब का पहला पेग पीता है तो शुरू में लोमड़ी की तरह मीठी-मीठी बातें करता है, दूसरे पेग के साथ वह भेड़िया की तरह गुर्राना शुरू करता है, तीसरा पेग उसको सूअर में बदल देता है और वह कहीं नाले में पड़ा पाया जाता है।

सत्ताधारी भी चाहते हैं कि आम आदमी बेसुध होकर नाले में पड़ा रहे और वे चैन से राज करते रहें।

# महाभारत काल से है प्रयाग की प्रतिष्ठा

भारतीय संस्कृति की विशिष्टता प्रकृति के साथ तादात्म्य है। भारतीय मानस में गंगा-यामुना जैसी नदियों के प्रति आस्था का स्वरूप भौतिक और आध्यात्मिक रहा है। इन नदियों के साथ हमारी देवी प्रगाढ़ता में कभी व्यवधान नहीं आया, हमारे साथ इनका जीवित संबंध रहा है। माघ मकरगत जब रवि होई, तीरथपतिहिं आब सब कोई, तीर्थराज प्रयाग के आस्थामय इस अमृत महोत्सव में ऋषियों, महर्षियों, पुरावेत्ताओं, धर्माधिकारियों, दार्शनिकों सहित समाज के अंतिम व्यक्ति की उपस्थिति का दर्ज होना किसी अंधश्रद्धा की परिणति मात्र नहीं कहा जा सकता।

यह सहस्त्रों वर्ष की वह निरंतरता है जिसके मूल में गंभीर शास्त्रीय एवं वैज्ञानिक मंतव्य अंतर्निहित हैं। प्रयाग के संगम तट पर जुड़ने वाले इस मेले ने भारत की उस सांस्कृतिक धरोहर को समृद्ध किया है, जिस धरोहर ने प्रकृति के प्रत्यक्ष स्वरूप से ज्ञान और चेतना में सामंजस्य स्थापित कर ऐसी संस्कृति विकसित की जिसमे ज्ञाता ज्ञान की विवेचना करके उसे परिष्कृत विचारों और भावनाओं के माध्यम से वास्तविक व्यवहारों में संप्रेषित करता रहा है। इस सांस्कृतिक विरासत के कारण भारत अपने जिस गौरव की पराकाष्ठा के लिए विख्यात है, वह गौरव समृद्ध ज्ञान और समरसता का अमृतत्व है जिससे भारतीय मन और भारतीय आदर्श सदाशयता व आत्म बलिदान की भूमि पर पुष्पित पल्लवित हुआ।

परंपरागत भारतीय समाज की आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाएं, जिन शाश्वत सिंद्धांतों पर आधारित हैं, वे किसी न किसी रूप में प्रकृति से जुड़ी हुई हैं।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

> तुलसी बाबा ने 'को कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ' कहते हुए तीर्थराज की महिमा में लिखा है कि सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी, माधव सरिस मितु हितकारी।

प्राणदायिनी विशाल नदियां, पर्वत और वन ऐसे पुण्यप्रद दिव्य स्थल रहे हैं, जो ऋषियों, महर्षियों और महापुरुषों के अपूर्व धैर्य, साहस, पुण्य और सौख्य के अनेक प्रसंगों के माध्यम से निरंतर चेतना का संचार करते रहे हैं। ये विशिष्ट स्थल अपनी पवित्रता के कारण तीर्थ कहलाए, तरति अनेन इति तीर्थं अर्थात जिसके द्वारा मनुष्य इस अपार संसार से तर जाए।

युगों से भारत की सांस्कृतिक एकता को बनाए रखने में तीर्थ स्थानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कई राज्यों में विभाजित अनेक जातियों में बंटा हुआ, संकीर्णताओं में फंसा हुआ भारतवासी यदि कहीं आध्यात्मिक चेतना प्राप्त करता है तो वे तीर्थस्थल हैं। इन तीर्थस्थलों में धर्म और अध्यात्म के समागम ने क्षुद्र मानव में न केवल उच्चतर नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों का संचरण किया, बल्कि उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम की सांस्कृतिक विविधताओं को एक स्थल पर बैठा दिया।

भारत के तीर्थों में प्रयाग की प्रतिष्ठा महाभारत काल से ही तीर्थराज के रूप में होती रही है। वन पर्व में उल्लेख है कि प्रजापति ब्रह्मा ने यहां प्राचीन काल में यज्ञ किया इसी से यज धातु से प्रयाग बना। स्कंद पुराण में प्रयाग का अर्थ यागेभ्यः प्रकृष्टह अर्थात् जो यज्ञों से बढ़कर है। अथवा प्रकृष्ट यागेभ्यः अर्थात् जहां उत्कृष्ट यज्ञ है के रूप में किया गया है। ब्रह्मपुराण में प्रयाग को प्रकृष्टता के कारण तीर्थराज कहा गया है। प्रयाग ब्रह्मा की वेदियों में बीच वाली वेदी है। अन्य वेदियों में कुरुक्षेत्र उत्तर वेदी है तथा गया पूर्व वेदी है। महाभारत में तीर्थराज प्रयाग को पवित्रतम और श्रेष्ठतम बताते हुए सोम, वरुण और प्रजापति का जन्मस्थान कहा गया है।

तुलसी बाबा ने को 'कहि सकहि प्रयाग प्रभाऊ' कहते हुए तीर्थराज की महिमा में लिखा है कि सचिव सत्य श्रद्धा प्रिय नारी, माधव सरिस मितु हितकारी। चारि पदारथ भरा भंडारु, पुन्य प्रदेश देसअति चारु।। अर्थात् तीर्थराज प्रयाग का मंत्री सत्य है, श्रद्धा उनकी प्यारी स्त्री है तथा माधव सरीखे हितैषी मित्र हैं। तीर्थराज का भंडार चार पदार्थ -अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष से भरा हुआ है। यह पुण्य प्रदेश बहुत सुंदर है। शास्त्रों में कहा गया है कि प्रयाग क्षेत्र का विस्तार परिधि में पांच योजन है और ज्यों ही कोई इस क्षेत्र में प्रवेश करता है उसके प्रत्येक पद पर अश्वमेध का फल मिलता है। प्रयाग की प्रधानता और इसका तीर्थराज होना इसलिए है कि यह एक साथ वैष्णव, शैव और शाक्त क्षेत्र है तथा ऋषि, नाग, बौद्ध, जैन, योग, सितासित क्षेत्र और त्रिवेणी क्षेत्र है।

अज्ञः सुविज्ञाः प्रभावोपिज्ञाह सप्त स्विपद्धाह सुकृतान भिज्ञा। विज्ञापयांतः सततं हि काले स तीर्थराजो जयति प्रयागः।। अर्थात् मुर्ख, पंडित, स्वामी यज्ञ, ज्ञानी तथा समस्त वर्गों के पुण्यवान जिनके यश का निरंतर विज्ञापन करते रहते हैं ऐसे तीर्थराज प्रयाग की जय।

## सोशल फोरम

# कलियुग की संकल्पना

जिस युग में हम जी रहे हैं, वह कलियुग के नाम से जाना जाता है। लोगों में यह धारणा बद्धमूल है कि सृष्टि के आरंभ में सतयुग था। उसके बाद त्रेता, फिर द्वापर आया। उसके बाद कलियुग। इन चारों युगों को गलत ढंग से समझा गया है।

दरअसल ये चारों युग काल सूचक न होकर चार प्रकार के लोगों और चार प्रकार की मानसिक दशाओं के सूचक हैं। ठीक उसी तरह जैसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र हैं। ये भी चार जातियां नहीं हैं। चार प्रकार की मनोवृत्तियां हैं। ज्ञानार्जन में रुचि रखने वाला ब्राह्मण, लड़ने-भिड़ने और राजनीति में रुचि रखने वाला क्षत्रिय, धनोपार्जन में तत्पर रहने वाला वैश्य और सेवा में लीन रहने वाला शूद्र है।

मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चारों के मान बराबर हैं। इनमें कोई बड़ा-छोटा नहीं। जिस तरह उपर्युक्त चारों प्रकार के लोग हर युग में पाए जाते हैं, उसी तरह चारों युग हर समय विद्यमान रहते हैं। ऐसा नहीं कि आज कलियुग है और सृष्टि के आरंभ में कलियुग नहीं था। ऐसा भी नहीं कि आज सतयुग नहीं है। कलियुग एक प्रवृत्ति है। दूसरों के धन और दूसरों की स्त्रियों का अपहरण करने वाला, अकारण दूसरों को सताने वाला, झूठ-फरेब, नशा-सेवन, चोरी और हिंसा में संलग्न रहने वाला कलियुगी व्यक्ति कहलाता है। ऐसा व्यक्ति जिसे हम सतयुग कहते हैं, उसमें भी था। सत्य हरिश्चंद्र के साथ छल करने वाला सतयुग में ही था। राम त्रेता में हुए। रावण तो उन्हीं के समय में था। कंस तो द्वापर में ही था।

इसलिए इस धारणा पर पुनर्विचार करना चाहिए कि कलियुग का संबंध वर्तमान युग से है। मेरे इस चिंतन का समर्थन वाल्मीकि रामायण से भी होता है। बालकांड में एक श्लोक मिलता है-आसीत् पुरा कलियुगे कलिको नाम लुब्धकः। परदारपरद्रव्यहरणे सततं रतः।। अर्थात् प्राचीन कलियुग में एक कलिक नामवाला व्याध रहता था। वह सदा परायी स्त्री और पराये धन के अपहरण में ही लगा रहता था। स्पष्ट है कि प्राचीन काल में भी कलियुग था। कलियुग कोई आज की संकल्पना नहीं है। वह केवल आज का युग नहीं है। कलियुग सदा से रहा है। यही सत्य शेष तीन युगों के साथ भी है। **-फेसबुक वॉल से**

# भयावह नहीं, आनंददायी हों परीक्षा यात्राएं

प्रथम दृष्टया वह बच्चा एकदम संतुलित था। विद्यालय में नियमितता हो अथवा अन्य क्रियाकलापों में सहभागिता, पर परीक्षा के दिनों में अनुपस्थित। मौजूदा विद्यालय में उसका नव प्रवेश था। अतः उसके व्यवहार से जुड़ा कोई पुराना रिकॉर्ड भी न था। माता-पिता से बात की गई तो हैरान करने वाली बात सामने आई। शिक्षा के शुरुआती दिनों में किसी परीक्षा में फेल कर दिए जाने का असर उसके अवचेतन में परीक्षा का भय बनकर व्याप्त था। यही कारण था कि वह परीक्षा के दिनों में अक्सर बीमार हो जाता था और परीक्षा से अनुपस्थित। उस बच्चे के साथ हुए इस वाकये ने परीक्षा प्रक्रियाओं से संबंधित कई स्थापित मान्यताओं और विचारों पर पुनर्विचार को बाध्य कर दिया। जैसे कि परीक्षा का स्वरूप क्या हो, मूल्यांकन का प्रारूप क्या हो तथा बच्चों से परिणाम साझा किए जाने के तरीके क्या हों?

परीक्षाएं आते ही बच्चों को परीक्षा से भय, तनाव जैसे मुद्दों पर नसीहतें और ज्ञान देने वालों की झड़ी लग जाती है। शिक्षाविद, काउंसलर, आहार-विहार विशेषज्ञ, योगाचार्य से लेकर तमाम प्रबुद्ध सलाहकार विद्यार्थियों को परीक्षा के भय से मुक्ति का मार्ग सुझा रहे होते हैं। निश्चित ही उक्त सभी यह मान रहे होते हैं और इसी पक्ष में माहौल भी बना रहे होते हैं कि 'परीक्षा सचमुच एक भय है', परवास्तव में यह भय ही है या कुछ और कोई भी इसकी तह में नहीं जाना चाहता। विद्यालय स्तर पर

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

> अगर कोई बच्चा इस यात्रा में असफल घोषित किया जाता है तो उसके व्यक्तित्व में कुछ ऐसा बुझ जाता है कि जिसे रौशन करना बहुत कठिन हो जाता है।

आयोजित परीक्षा किसी भी बच्चे के जीवन में प्रथमतः वह प्रक्रियागत औपचारिक चरण होती है, जो उसे सफल या असफल साबित करती है। इस प्रक्रिया में कदाचित उन कारणों पर चर्चा नहीं की जाती कि कोई बच्चा किस वजह से सफल या असफल रहा। जबकि परीक्षा के परिणाम से कहीं ज्यादा जरूरी यह होता है कि बच्चे की मनःस्थिति और त्रुटियों के कारणों को समझकर उनमें सुधार का मौका तब तक दिया जाए जब तक कि वह स्वयं को सफल साबित न कर दे। बार-बार अपने द्वारा किए गए प्रयासों का आंकलन करते हुए आगे बढ़ने से बच्चे को जो संतुष्टि और प्रेरणा मिलती है वह उसके भविष्य का ठोस आधार और आकार बनती है। दुर्भाग्य से कुछ अपवादों को छोड़कर परीक्षा के बाद के इस जरूरी पक्ष पर ध्यान नहीं दिया जाता और असफल साबित किए गए बच्चे के मन में परीक्षा एक हौवा या भय का भूत बनती जाती है। शिक्षक का दायित्व केवल ज्ञान प्राप्ति में सहायक होना ही नहीं, बल्कि बच्चों में यह विश्वास जगाना भी है कि उनमें अपार अंतर्निहित क्षमताएं हैं तथा उनमें न केवल विद्यालय, बल्कि जीवन की हर परीक्षा में सफल होने की काबिलियत है। किसी भी विद्यालय में बच्चों की शिक्षा तो सामूहिक होती है, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर वे अपने ज्ञान की रचना स्वयं करते हैं। इस दौरान बच्चों की सफलता उनका अधिकार है और इस बात की सगर्व अनुभूति भी कि वह इस पथ पर अपेक्षित उद्देश्यों को हासिल करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

अगर कोई बच्चा इस यात्रा में असफल घोषित किया जाता है तो उसके व्यक्तित्व में कुछ ऐसा बुझ जाता है कि जिसे रौशन करना बहुत कठिन हो जाता है। परिमाणतः वह शिक्षण प्रक्रियाओं व परिवेश के प्रति उदासीन हो जाता है, अपनी शक्ति व योग्यता में विश्वास खो बैठता है तथा हताशा, निराशा और कुंठा के गहन अंधियारों की और मुड़ जाता हैं। जहां से लौटना असंभव तो नहीं, लेकिन मुश्किल जरूर होता है। अध्ययनकाल में सफलता का अनुभव बच्चे के मनोबल को बढ़ाने का सबसे महत्वूर्ण कारक है। इस मनोबल से उसे भविष्य में आगे बढ़ने और कठिन चुनौतियों का सामना करने की शक्ति मिलती है। अगर ऐसा नहीं हो पा रहा तो सीधे-सीधे इसका जिम्मेदार वह प्रणाली और प्रक्रियाएं होती हैं, जो उसके माथे पर असफलता का ठप्पा लगा रही हैं। क्योंकि कोई भी बच्चा विद्यालय में असफल होने के लिए नहीं आता। ऐसा कभी नहीं होने देना चाहिए कि बच्चों के परीक्षा परिणाम उनके भावी जीवन की बेड़ियां बन जाएं। जरूरी यह है कि बच्चों की बालसुलभ जिज्ञासाओं का समुचित समाधान करते हुए उन्हें गर्व, आत्मसम्मान और सफलतापूर्वक निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने में सहयोगी हुआ जाए।

परीक्षा को किन्हीं निर्धारित समयों पर आयोजित कार्यक्रम के बजाय दैनिक शिक्षण योजनाओं का अभिन्न अंग बनाया जाए जिसमें बच्चे बिना किसी तनाव के स्वआंकलन करते हुए अपेक्षित अधिगम परिणामों को प्राप्त करें, जो बच्चा एक बार अपने मन और मस्तिष्क को पूर्णतः सक्रिय करते हुए लक्ष्य प्राप्ति का सफर तय करता है। वह जीवन में वैध एवं नैतिक तरीकों से सफलता हासिल करने के सूत्र को भी जान लेता है। विद्यार्थियों में यह एहसास जगाना आवश्यक है कि सफलता निरंतर प्रयत्न करने, लक्ष्य के प्रति एकाग्रचित्त रहने प्राप्त होती है। इस संबंध में विद्यालय स्तर पर संवाद कार्यक्रम विशेष प्रभावी होंगे। बच्चे सीखने और सफल होने की जन्मजात शक्तियों के साथ विद्यालय आते हैं। इन शक्तियों को तलाशना और तराशना विद्यालय का प्रमुख दायित्व होता है। यह एक अनगढ़ शिलाखंड से तराशी हुई प्रतिमा हो जाने का सफर है। परीक्षाएं इस सफर में अहम पड़ाव हैं। इस सफर को सहज, सुगम और आनंददायी ही होना चाहिए, डरावना नहीं।

## एक नजर

### गुमशुदा महिला को बिंदुखत्ता से किया बरामद

**अल्मोड़ा :** जिले के भैंसियाछाना विकास खंड के एक गांव से लापता महिला को पुलिस ने बिंदुखत्ता से बरामद कर लिया है। बीते 28 जनवरी को भैंसियाछाना के ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि उसकी पत्नी नाराज होकर घर से कहीं चली गई है। पुलिस ने महिला को तलाशने के लिए थानाध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने सर्विलांस की मदद से महिला की लोकेशन बिंदुखत्ता में पाई। पुलिस टीम बिंदुखत्ता रवाना हुई और महिला को बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### खुशी राठौर ने छात्रवृत्ति परीक्षा की उत्तीर्ण

रानीखेत : राजकीय जूनियर हाईस्कूल, गाड़ी, ताड़ीखेत की छात्रा खुशी राठौर ने राष्ट्रीय साधन सह योग्यता एनएमएमएसएस छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की है। परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रतिमाह 1500 रुपए की छात्रवृति 12वीं कक्षा पास होने तक मिलती है। खुशी खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेती हैं। छात्रा की उपलब्धि पर प्रधानाचार्य सहित अध्यापिकाएं जानकी, डॉ. विनीता खाती, शोभा आदि ने शुभकामनाएं दीं।

### नशे में वाहन चला रहा चालक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक कार चालक को शराब के नशे में तेज गति से वाहन चलाने पर गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष धौलछीना सुशील कुमार ने बताया पुलिस टीम बाड़ेछीना के पास चेकिंग अभियान पर थी। इस दौरान कार संख्या यूके-01-टीए-4130 को रोका गया तो चालक वाहन को रोकने के बजाय उसे तेज गति से दौड़ाने लगा। पीछा करने पर कुछ पूरी पर वाहन को रोक लिया गया। वाहन चालक गिरीश चंद्र, निवासी गुरकुना, दन्या शराब के नशे में पाया गया। थानाध्क्ष ने बताया कि चालक का मोटर वाहन अधिनियम में चालान कर वाहन को सीज कर दिया गया है।

# सीवर लाइन के कार्य में लापरवाही से माल रोड खस्ता

## घरों और दुकानों में घुस रहा कीचड़ और गंदा पानी, विभाग से शिकायत के बाद भी नहीं चेत रहे हैं अधिकारी, आवाजाही हो रही प्रभावित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिला मुख्यालय के माल रोड में जल निगम द्वारा बनाई जा रही सीवर लाइन अब स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता के कारण यह मार्ग कीचड़ के ढेर में तब्दील हो गया है। बारिश के समय बरसाती पानी सीवर लाइन के लिए खोदे गए मलबे के साथ लोगों के घरों और दुकानों में घुस जा रहा है। साथ ही, यहां से गुजरने वाले पैदल राहगीरों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पिछले कई दिनों से माल रोड स्थित शिखर तिराहे से जाखनदेवी मार्ग तक जल निगम सीवर लाइन निर्माण का कार्य कर रहा है। निर्माण कार्य के कारण विभाग ने कुछ दिनों के लिए इस मार्ग पर चौपहिया वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई थी। लेकिन इसके बाद भी निर्धारित समय पर काम पूरा नहीं हो पाया। इस बीच कार्यदायी संस्था के एक ट्रेक्टर चालक की लापरवाही के कारण हादसा भी हो गया और एक व्यक्ति की असमय मौत हो गई। लेकिन इतना सब कुछ होने के बाद भी जल निगम की कार्यप्रणाली में कोई सुधार नहीं हो पाया है। निर्माण कार्य आज भी कछुआ गति से चल रहा है।

सीवर लाइन बिछाने में हो रही लापरवाही के कारण माल रोड पर फैला कीचड़।

इन दिनों बारिश के कारण यह मार्ग कीचड़ के ढेर में तब्दील हो गया है। पैदल राहगीरों को इधर उधर जाने में जहां दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सबसे अधिक परेशानी का सामना उन लोगों को करना पड़ रहा है, जिनके घरों और दुकानों में बारिश के दौरान कीचड़ घुस रहा है।

अल्मोड़ा के व्यापारियों ने विभाग की इस कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं और निर्माण कार्य शीघ्र पूरा ना करने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

**आक्रोश**

- अव्यवस्था के कारण सड़क हादसों का भी बना है भय
- व्यापारियों और आम लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

## पेयजल योजना न बनी तो अधिकारियों का करेंगे घेराव

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** जिला मुख्यालय पर चार साल पूर्व स्वीकृत पांडेखोला पेयजल समूह योजना का कार्य शुरू नहीं होने पर स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने योजना का काम शीघ्र पूरा न करने पर अधिकारियों के घेराव और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। पेयजल योजना का निर्माण नहीं होने से नाराज खत्याड़ी, तलाड़बाड़ी, रेखोली, स्यालीधार समेत अनेक गांवों के लोगों का शिष्टमंडल जल निगम के अधिकारियों से मिला। अधिकारियों से वार्ता के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि चार साल पहले जल जीवन मिशन योजना के तहत पांडेखोला पेयजल समूह योजना को स्वीकृत किया गया था। लेकिन बाद में वन विभाग और डीआरडीओ इस योजना के बीच में वन क्षेत्र होने के कारण योजना में रोक लगा दी थी। जिसके बाद योजना के निर्माण के लिए दूसरी जगह भूमि चयनित कर ली गई थी। लेकिन भूमि चयन और उसमें कोई अवरोध ना होने के बाद भी आज तक इस योजना का काम शुरू नहीं हो पाया है। शिष्टमंडल के सदस्यों के कहा कि ग्रामीणों को उम्मीद थी कि योजना का निर्माण होने के बाद उनकी पेयजल समस्या का निदान हो जाएगा। लेकिन योजना का निर्माण ना हो पाने के कारण हर घर नल योजना अस्तित्व में नहीं आ पा रही है। ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों से इस योजना को शीघ्र पूर्ण करने की मांग की है। ग्रामीणों ने अल्टीमेटम दिया है कि अगर शीघ्र कार्य शुरू नहीं किया गया तो वह अधिकारियों के घेराव के साथ ही उग्र आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। इस दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य हितेश नेगी, ग्राम प्रधान तलाडबाड़ी किशन बिष्ट, ग्राम प्रधान रेखोली हेम भंडारी, हरीश कनवाल, महेंद्र सिंह रावत, मोहन सिंह कनवाल, गौरव कनवाल आदि मौजूद रहे।

## तेंदुए व आवारा पशुओं से निजात को सौंपा ज्ञापन

**रानीखेत, अमृत विचार:** भिकियासैंण के ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर फसलों को नष्ट कर रहे आवारा पशुओं व क्षेत्र में भय का पर्याय बने तेंदुए से निजात दिलाने की मांग की। उन्होंने प्रशासन के सख्त कदम न उठाने पर चक्का जाम की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि हरनोली, पानी, धारड़, पीपलमंडी आदि गांवों में आवारा पशुओं ने फसलों व छोटे पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाया है। साथ ही, क्षेत्र में एक लंगड़े तेंदुए का आंतक भी बना हुआ है। ज्ञापन में आवारा पशुओं को गौशाला पहुंचाने व तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाकर अल्मोड़ा चिड़ियाघर भेजने की मांग की गई है। साथ ही, ग्रामीणों ने एक सप्ताह के भीतर ऐसा न किए जाने पर भतरौंजखान-भिकियासैंण मोटर मार्ग में चक्का जाम करने की चेतावनी दी गई है।

## सीएम कार्यक्रम में पारंपरिक परिधान में पहुंचेंगी महिलाएं

संवाददाता,लोहाघाट

**अमृत विचार:** सीएम पुष्कर सिंह धामी की जनसभा एवं संगज्यू 2024 कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने तैयारी शुरू कर दी है। लोहाघाट और बाराकोट ब्लाक में हुई बैठकों में 11 फरवरी को लोहाघाट रामलीला मैदान में होने वाली सीएम की सभा में अधिक से अधिक जनता की उपस्थित दर्ज कराने की रणनीति तैयार की गई।

लोहाघाट ब्लाक सभागार में ब्लाक प्रमुख नेहा ढेक की अध्यक्षता और बाराकोट में ब्लाक प्रमुख विनीता फर्त्याल की अध्यक्षता में हुई। निर्णय लिया कि सीएम के कार्यक्रम में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। स्वयं सहायता समूह के साथ संगठनों से जुड़ी महिलाएं पारंपरिक वेषभूषा में कार्यक्रम में पहुंचेंगी। अधिक से अधिक महिलाओं से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। बैठक में मौजूद बीडीओ लोहाघाट अशोक अधिकारी ने बताया कि हर ग्राम पंचायत में ग्राम स्तरीय नोडल और राजस्व उपनिरीक्षक न्याय पंचायत नोडल के रुप में कार्य करेंगे।

## गोविंद खाती का हृदय गति रुकने से निधन

**अल्मोड़ा:** होमगार्ड विभाग में तैनात वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी गोविंद सिंह खाती का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। मंगलवार को रानीबाग चित्रशिला घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान होमगार्ड विभाग के अफसरों व जवानों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही, पुलिस गार्द ने सलामी दी।

इस दौरान कुमाऊ के मंडलीय कमांडेंट ललित मोहन जोशी, जिला कमांडेंट यूएस नगर प्रतिमा, इंस्पेक्टर कमला पांडे, प्लाटून कमांडर शशि बोरा समेत कई अधिकारी एवं होमगार्ड जवान मौजूद रहे।

# प्राधिकरण के विरोध में गरजी सर्वदलीय समिति

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिला विकास प्राधिकरण को लेकर सर्वदलीय संघर्ष समिति को विरोध जारी है। मंगलवार को समिति के सदस्यों ने नगर के गांधी पार्क में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व धरना दिया। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्वतीय क्षेत्र के लोगों के सब्र का इम्तिहान ले रही है लेकिन अगर सरकार ने इस मांग को गंभीरता से नहीं लिया तो उसे इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

मंगलवार को सर्वदलीय समिति के सदस्य चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में एकत्र हुए। यहां उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व प्राधिकरण को पूरी तरह समाप्त करने की मांग की। यहां आयोजित धरना सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि एक ओर सरकार प्रदेश के आम लोगों के हितों के लिए कार्य करने की बात करती है। वहीं दूसरी ओर सरकार ने पर्वतीय क्षेत्रों में प्राधिकरण जैसा नियम लागू कर यहां के लोगों को परेशान करने का काम किया है।

गांधी पार्क में प्रदर्शन करते सर्वदलीय समिति के सदस्य। ● अमृत विचार

समिति के सदस्यों ने कहा है कि प्रदेश की सरकार अपनी ही पार्टी के मुख्यमंत्रियों की घोषणाओं पर अमल करने को तैयार नहीं है। ऐसे में आम आदमी सरकार से क्या उम्मीद कर सकता है। वक्ताओं ने कहा कि प्राधिकरण को लेकर जनता सरकार के दोहरे चरित्र को पहचान गई है। जनता को धोखा देने के साथ साथ सरकार ने निकायों को भी कमजोर करने का प्रयास किया है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन व धरना सभा में पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश जोशी, हेम चंद्र जोशी, शहाबुद्दीन, प्रत्येश पांडे, आनंद सिंह बगडवाल, महेश चंद्र आर्या, ललित मोहन पंत, आनंदी वर्मा, भारत रत्न पांडे, अख्तर हुसैन समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# सीएम के कार्यक्रम स्थलों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

- अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के दिए निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** दस फरवरी को अल्मोड़ा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए मंगलवार को जिलाधिकारी विनीत तोमर ने सीएम पुष्कर धामी के सभी कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम टीम द्वारा आर्मी हैलीपैड पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पलटन बाजार से लाला बाजार से शिखर तिराहे तक पैदल स्थलीय निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि जो विद्युत तार झूल रहे हैं उन्हें तत्काल ठीक किया जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि केबल नेटवर्क के तारों को भी ठीक किया जाए।जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगरपालिका को शहर में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही आवारा पशुओं को भी शहर से हटाने के लिए भी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा । जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल हवालबाग पहुंकर विभागीय स्टॉल लगाए जाने वाले स्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने बनाए जा रहे मंच व आने वाले लोगों व जनप्रतिनिधियों के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियों को समय से पूर्ण कर लिया जाय। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को कार्यक्रम से पूर्व शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने को कहा।। निरीक्षण के दौरान एसएसपी देवेंद्र पींचा, सीडीओ आकांक्षा कोंडे, उप जिलाधिकारी सदर जयवर्धन शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक विमल प्रसाद, परियोजना निदेशक पुष्पेंद्र सिह सहित जिला प्रशासन व पुलिस विभाग की टीम उपस्थित रही।

अल्मोड़ा में सीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते डीएम विनीत तोमर।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** जनपद चम्पावत के लोहाघाट में 11 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी संग्ज्यू-2024 कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके लिए जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने अधिकारियो के साथ बैठक की। बैठक में डीएम ने कहा कि लोहाघाट में 11 फरवरी को संगज्यू-2024 कार्यक्रम को बड़ी भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम विशेष तौर पर महिलाओं का कार्यक्रम है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जीआइसी लोहाघाट के हेलीपैड में 90 वर्दीधारी पीआरडी, एनसीसी तथा होमगार्ड की महिलाएं गार्ड ऑफ ऑनर देंगी। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए सड़क के दोनों तरफ महिलाएं मौजूद रहेंगी। मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करने के अतिरिक्त रोड शो में प्रतिभाग करेंगे। जिसके तहत जीआईसी से रोड शो प्रारंभ होगा तथा हथरंगिया तिराहे से होते हुए शिशु मन्दिर आएंगे। उन्होंने जवाहर नवोदय स्कूल को कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं द्वारा बैंड के माध्यम से मुख्यमंत्री का स्वागत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जीआईसी लोहाघाट, संपर्क मार्ग, हेलीपेड की मरम्मत, सौंदर्यीकरण करने के निर्देश लोनिवि के अधिकारियों को दिए।

डीएम ने कार्यक्रम में 5 सांस्कृतिक एवं 3 छोलिया दल को पारंपरिक वेशभूषा में प्रतिभाग कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने एआरटीओ को 11 फरवरी को कार्यक्रम के दौरान बाइक रैली को फ्री हेलमेट कराने को कहा। डीएम ने पशुपालन, उद्यान, कृषि आदि विभागों को जिम्मेदारी देते हुए आकर्षक, विभागीय योजनाओं से संबंधित लाइव स्टॉल लगाने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय केएस बिष्ट, मुख्य चिकित्साधिकारी केके अग्रवाल, उप जिला अधिकारी लोहाघाट रिंकू बिष्ट, अपर परियोजना निदेशक विमी जोशी आदि रहे।

## वर्ग पहेली-335

**बाएं से दाएं**

3. मानव के छह विकार
5. एक साथ रखना, लगाव या संपर्क स्थापन।
6. दृढ़ किया हुआ।
8. 1. वृक्ष की रेशेदार जड़ 2. कमल की जड़, भसींड 3. लता 4. कलगी, शिखा 5. हल्दी 6. नदी।
9. 1. आवेश, उत्साह, जोश, गरमजोशी 2. तेज़ी, वेग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सरपट आदि से छाकर बनाया गया स्थान 2. मंडप, शामियाना 3. किसी मंडप के अंदर होने वाला तमाशा या खेल।
2. 1. ढीला कराना 2. बंधन से छुड़ाना।
4. 1. कर्मकांड आदि जानने वाला व्यक्ति जो अपने यजमान के यहां मुंडन करता है
5. 1. उत्पन्न, दूसरे के साथ उत्पन्न 2. युक्त, सहित, संपन्न 3. योग्य, उपयुक्त 4. सदृश, समान, बराबर।
7. 1. प्यारा 2. हमदर्द 3. अनुग्रहकर्ता।



### वर्ग पहेली - 334 का हल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 ने | ग | 2 चा | र | |
| | | डु | | 3 मां |
| | | का | | ड |
| | 4 भा | र | 5 जी | वी |
| | रि | | वा | 6 पा |
| | त | | धा | व |
| | | 7 बी | र | बा | नी |

## सुडोकू-52

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 3 | | 4 | | | | |
| | | 8 | | | 7 | | 5 | |
| 1 | | | | | 5 | | | 2 |
| | 2 | | | 5 | | | 3 | |
| 9 | | | 6 | | 2 | | | 5 |
| | 1 | | | 8 | | | 4 | |
| 4 | | | 1 | | | 5 | | 3 |
| | 6 | | 5 | | | 9 | | |
| | | | | 2 | | | | 8 |

### सुडोकू - 51 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 4 | 5 | 1 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 |
| 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 4 | 8 | 2 | 9 | 6 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 3 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-द्वादशी 14 .02 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 8 फरवरी 04 .37 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** — आज किसी को धन उधार न दें। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। नई संपत्ति में निवेश की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके काम की प्रशन्सा होगी,किंतु इच्छित परिणाम मिलने में कठिनाई होगी।

**वृष** — आज समय रहते समस्याओं को सुलझाना बेहद जरूरी है। मित्रों के साथ अनबन हो सकती है। किडनी के रोगियों को स्वास्थ्य समस्या होने की आशंका है। व्यर्थ के खर्चों में बढ़ोत्तरी होगी। आर्थिक मामलों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अधिकारियों की मदद मिलेगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। नए लोगों के साथ संपर्क विकसित होंगे। धन के मामलों में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — आज आप काफी मेहनत करेंगे। पैतृक व्यवसाय में आपको कुछ सुधार करने की आवश्यकता है। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। नए लोगों के साथ आपके संपर्क बनेंगे। बिना विचार करे कोई काम न करें।

**सिंह** — आज अत्यधिक व्यस्तता के कारण थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको दूसरों पर निर्भर होना पड़ सकता है। कमीशन संबंधी कार्यों में लाभ हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकते हैं।

**कन्या** — आज अपनी महत्वकांक्षाओं को अनजान लोगों से व्यक्त न करें। विवाह आदि को लेकर तात्कालिक निर्णय लेना उचित नहीं होगा। माता के साथ अपने मन की बातें साझा करने से आपको काफी अच्छा लगेगा। जीवनसाथी से आपकी अपेक्षायें बढ़ सकती हैं।

**तुला** — आज व्यवसाय में आपको बड़ी उपलब्धियां मिलने के योग बन रहे हैं। आप कठिन से कठिन काम को समझदारी एवं सूझबूझ से सुलझा लेंगे। राजनीतिक संबंधों के लिए दिन बेहतरीन है। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय का आनंद लेंगे।

**वृश्चिक** — आज दिखावे के लिए आप ज्यादा खर्च कर सकते हैं। इससे आपकी बचत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। अपनी कमियों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। तकनीकी शिक्षा ले रहे लोगों को पढ़ाई में परेशानी होगी। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

**धनु** — आज साझेदारी से जुड़े हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी योग्यता पर विश्वास बनाए रखें। विदेशी कंपनियों से जॉब के प्रपोजल मिल सकते हैं। कला और गेम्स में आप काफी रुचि ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मकर** — आज माता के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। बच्चे पढ़ाई को लेकर लापरवाही न करें। आपको काफी थकाऊ यात्राएं करनी पड़ सकती है। पुराना रोग उभर के सामने आ सकता है। खांसी-जुकाम की समस्या होने की संभावना है।

**कुंभ** — आज शेयर मार्केट में धन निवेश करना लाभकारी होगा। परिजनों पर धन खर्च करेंगे। नए कारोबार की रूपरेखा बना सकते हैं। शत्रुओं से सावधान रहें। आपकी दबी हुई इच्छाएं पूर्ण हो सकती हैं। सभी काम तीव्र गति से पूर्ण होंगे।

**मीन** — आज वैवाहिक संबंधों में थोड़ी अनबन के बाद सब कुछ सामान्य हो जायेगा। मैनेजमेंट संबंधी कार्यों के लिए दिन विशेष है। कारोबार में योजनाएं बदलनी पड़ सकती है। समाजसेवा में आप काफी रुचि लेंगे। पार्टी व पिकनिक के लिए जा सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
धड़कन — सुबह : 11.14
यस बॉस — रात : 07.14

**SONY MAX**
पागलपंती — सुबह : 10.11
पति पत्नी और वो — रात : 07.00

**आज की सुपरहिट फिल्म**

सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

**SONY PIX**
एज ऑफ टूमारो — सुबह : 09.34
हेलबॉय — रात : 08.45

**ZEE CINEMA**
सिलसिला है प्यार का — सुबह : 10.30
स्पाइडर — रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
गब्बर इज बैक — दोपहर : 01.27
द बॉडी — रात : 10.03

## जोक्स ऑफ द डे

चंपकलाल-यार,मैं अपनी पत्नी की वजह से बहुत परेशान हो गया हूं।
शर्मा जी- क्या हो गया? वो बहुत झगड़ती हैं क्या?
चंपकलाल- नहीं यार, उसकी याददाश्त बहुत खराब है।
शर्मा जी- क्यों? काम की बातें भूल जाती हैं क्या?
चंपकलाल- अरे नहीं, वो छोटी-छोटी बातें भी याद रखती है।

मिंटू को अपना पालतू कुत्ता बेचना था, पिंटू उसे खरीदने वाला था।
पिंटू- क्या यह कुत्ता वफादार है?
मिंटू- हां जी, मैं इसको दो बार पहले भी बेच चूका हू, ये इतना वफादार है कि हर बार मेरे पास वापिस आ जाता है।

## एक नजर

### 10.65 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**टनकपुर :** पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए जनपद में पुलिस टीम की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इधर, पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने टनकपुर के सैलानीगोठ गांव में चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान अल्टो कार संख्या यूके 03सी,1586 में 10 .65 ग्राम अवैध स्मैक के साथ 28 वर्षीय शहजादे खान उर्फ संजू पुत्र स्वर्गीय जाहिद राशिद खान निवासी वार्ड नंबर-3 वर्मा लाइन, टनकपुर को गिरफ्तार किया गया। कोतवाली टनकपुर में उसके विरुद्ध धारा 8/21/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। टीम में पुलिस उप निरीक्षक नवल किशोर, एसएसबी के सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र, एजाज अहमद, शाकिर अली, नासिर हुसैन, सूरज, पुनीत शामिल रहे।

### जिला अस्पताल पहुंची कायाकल्प की टीम

**बागेश्वर :** अस्तपाल की रैंकिंग के लिए कायाकल्प की टीम जिला अस्पताल पहुंची। यहां उन्होंने एक घंटे तक अस्पताल का निरीक्षण किया। यहां लगे उपकरणों के बारे में जानकारी ली। मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं को भी देखा। मरीजों से भी बात की। सीएमएस डॉ. विनोद टम्टा ने उन्हें अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी दी और समस्याएं भी गिनाईं।

### चिकित्सा स्टाफ से उलझे माफीनामे के बाद छूटे

**बागेश्वर :** शराब के नशे में धुत चार युवक जिला अस्पताल के एक डॉक्टर के साथ उलझ गए। वे किसी मरीज को लेकर आए थे। समझाने के बाद भी जब वे नहीं माने तो स्टाफ ने सीएमएस डॉ. विनोद टम्टा को इसकी सूचना दी, जिस पर उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। चारों का मेडिकल प्रशिक्षण हुआ, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद चारों ने डॉक्टरों से माफी मांगी व भविष्य में इस तरह की बात नहीं करने का लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद पुलिस ने चारों युवकों को छोड़ दिया।

### नेहा राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में रहीं अव्वल

**बागेश्वर :** केंद्रीय विद्यालय कौसानी की नौवीं की छात्रा नेहा पांडेय ने राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में कृषि विषय में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल के साथ कौसानी का भी नाम रोशन किया है। नेहा का नेशनल के लिए चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सरोज नेगी एवं समस्त केंद्रीय विद्यालय के स्टाफ सहित अभिभावकों ने भी खुशी जाहिर की है।

# छात्र संगठन एनएसयूआई ने शुरू की न्याय यात्रा

## डबल इंजन सरकार पर युवाओं के साथ छल करने का आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** कांग्रेस के घटक छात्र संगठन एनएसयूआई की ओर से प्रदेश में अन्याय के विरुद्ध न्याय यात्रा शुरू की गई है। जिसके माध्यम से एनएसयूआई आगामी लोक सभा चुनाव के लिए युवाओं तक पहुंच बनाने की कोशिश करेगी। एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने कहा भाजपा की डबल इंजन सरकार ने युवाओं के साथ छल किया है। जिसे किसी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अल्मोड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश महासचिव गोपाल भट्ट ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन ने वर्ष 2019-2022 के बीच सेना के लिए चयनित हुए करीब डेढ़ लाख युवाओं को अभी तक नियुक्ति नहीं दी है। भाजपा सरकार को उन युवाओं को तत्काल नियुक्ति देनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि सरकार को स्थाई सेना भर्ती की बहाली कर अग्निवीर योजना को तत्काल निरस्त करना चाहिए। उन्होंने कहा वर्तमान अग्निवीरों का स्थाई प्रबंध हो, इसके लिए अभियान को कांग्रेस के सभी घटक दल चलाएंगे। प्रदेश के हर युवा को अपने एप के माध्यम से जोड़ा जाएगा।

भट्ट ने कहा कि देश में राहुल गांधी न्याय यात्रा सामाजिक व आर्थिक न्याय के लिए कर रहे हैं, इसलिए प्रदेश में एनएसयूआई के कार्यकर्ता प्रत्येक युवाओं के पास जाकर उनको अपने साथ जोड़ने का काम करेंगे। भट्ट ने कहा एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी के दिशा निर्देश पर उत्तराखंड के हर जिले में युवाओं, छात्रों के बीच जाकर जय जवान मुहिम से युवाओं को जोड़ा जाएगा और युवाओं के हित के लिए न्याय की आवाज को बुलंद किया जाएगा। पूर्व प्रदेश महासचिव ने कहा कि देश में महंगाई चरम पर है। एक के बाद एक भर्ती घोटाले और सभी सरकारी नौकरियों का निजीकरण व व्यवसायीकरण हो रहा है, इसलिए इस मुहिम के माध्यम से युवाओं से अपने हक की आवाज उठाने के लिए अपील की जाएगी।

अल्मोड़ा से न्याय यात्रा आगाज की शुरूआत करते एनएसयूआई के कार्यकर्ता।

## योग में छात्रों को किया सम्मानित

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** नगर के शारदा पब्लिक स्कूल में यूथफुल योगी स्कूल वैलनेस सीरीज थीम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्षेत्र में उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विद्यालय के छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य विनीता शेखर लखचौरा, जंग बहादुर थापा, राजेश बिष्ट व योग शिक्षक चंदन बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में नौवीं के छात्र चिरायु वर्मा, आठवीं कक्षा के विनय कनवाल, दसवीं कक्षा की छात्रा रिया जोशी व खुशबू पासवान, सातवीं के वैभव जोशी, कार्तिक कनवाल, गुंजन बिष्ट और पांचवी के अशोक वर्धन टम्टा को सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य ने बताया कि 13 वर्षीय चिरायु वर्मा ने तीन जनवरी को भारत व एशिया स्तर पर एक घंटा पांच मिनट व 30 सेकंड में पूर्ण मत्स्येंद्रासन कर रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने अपनी प्रतिभा से इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। विनय कनवाल को सूर्यपुत्र अवार्ड-2023 प्राप्त हुआ है। जबकि रिया जोशी और खुशबू पासवान 700 सूर्य नमस्कार कर चुकी हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों समेत अनेक अभिभावक मौजूद रहे।

# विद्यालय के उच्चीकरण के लिए किया प्रदर्शन

विद्यालय के उच्चीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन करते छात्र छात्राएं एवं अभिभावक।

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार:** लोहाघाट से छह किलोमीटर दूर हाईस्कूल खूनाबोरा के उच्चीकरण की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं व अभिभावकों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन किया। विद्यालय की एसएमसी अध्यक्ष भावना देवी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं व अभिभावकों का कहना है कि यहां इंटरमीडिएट की सुविधा न होने के कारण कई छात्राएं आगे की शिक्षा नहीं ले पाती हैं।

इस विद्यालय में दूर दराज क्षेत्र की छात्राएं पढ़ने के लिए आती हैं। सुविधा न होने के कारण वर्तमान में यहां की छात्राओं को लोहाघाट जाना पड़ता है, जहां जंगल के रास्तों से गुजरने पर हर समय खतरा बना रहता है। विद्यालय की पर्याप्त छात्र संख्या को देखते हुए इसे इंटरमीडिएट का दर्जा देने के लिए ग्रामीण लगातार प्रयास कर रहे हैं। लेकिन, शासन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

खूनाबोरा के पूर्व ग्राम प्रधान महेश बोरा ने बताया कि विद्यालय के उच्चीकरण की फाइल जिला शिक्षा विभाग में जमा की गई थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के लोहाघाट आगमन को देखते हुए यहां की छात्राओं एवं अभिभावकों ने इस मांग को पुरजोर तरीके से उठाया है। अभिभावकों का यह भी कहना है कि विद्यालय का वर्तमान भवन इतना जीर्ण हो गया है कि किसी भी समय दुर्घटनाएं हो सकती हैं। उन्होंने इसे भी ठीक कराने की मांग उठाई है।

## मुक्ति दत्ता की दो मुट्ठी भूमि की होगी नीलामी

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी जयवर्धन शर्मा ने बताया है कि बहुउद्देशीय वित्त निगम के बकायेदार मुक्ति दत्ता, सचिव महिला जनजागृति समिति निवासी स्नो व्यू स्टेट ग्राम कसारदेवी रोड के विरूद्ध जारी वसूली प्रमाण पत्र की धनराशि 96 लाख 45 हजार 423 एवं अन्य अदायगी न किए जाने के फलस्वरूप बकाएदार के नाम ग्राम बिनसर के 17 नाली 15 मुट्ठी तथा ग्राम माट के चार मुट्ठी भूमि को 10 जून, 2020 को कुर्क करने की गई थी।

एसडीएम ने बताया कि अचल संपत्ति के विक्रय के लिए उत्तर प्रदेश जमीदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम की धारा 284 के अधीन अवशेष 36 लाख 61 हजार 756 रुपये बकाया है। अवशेष धनराशि व अन्य की अदायगी नहीं किए जाने के फलस्वरूप बकायेदार मुक्ति दत्ता के नाम ग्राम बिनसर में 6 नाली दो मुट्ठी भूमि को कुर्क किया गया है। एसडीएम ने बताया कि उक्त सम्पत्ति भूमि की प्रथम नीलामी आगामी 17 फरवरी को कलक्ट्रेट में तहसीलदार कार्यालय में की जाएगी। जिसके लिए विक्रय अधिकारी नायब तहसीलदार को नामित किया गया है।

## पैसे मांगने गए युवक पर जानलेवा हमला

**टनकपुर, अमृत विचार:** उधार के पैसे मांगने पर चार लोगों ने एक युवक पर राड व डंडों से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। पीडित्त की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो लोगों के विरूद्ध धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मंगलवार को वार्ड नंबर-तीन निवासी अब्दुल हसमत ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह वार्ड नंबर- चार निवासी आसिफ पुत्र अलीम से उसके दिए उधार के पैसे मांगने गया था। तभी आसिफ और उसके भाई मुजम्मिल के साथ दो अन्य लोगों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। उसने पुलिस को बताया कि चारों ने उसके सिर पर राड व डंडों से लगातार वार किया। वह मौके से किसी तरह जान बचाकर भागा। पीडित्त ने बताया कि भागने के दौरान उसकी जेब से ढाई हजार रुपये और एक सोने का कुंडल कहीं गिर गया। उसने दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# बहुउद्देश्यीय शिविर में एक छत के नीचे मिला योजनाओं का लाभ

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** बंगाली कालोनी वार्ड नंबर तीन में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों की कई समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। लोगों को योजनाओं का लाभ देने के साथ आवेदन लिए गए।

शिविर में नगर पालिका, समाज कल्याण, आयुर्वेदिक चिकित्सालय, खाद्य आपूर्ति, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्रम विभाग, राजस्व विभाग आदि द्वारा स्टाल लगाए गए। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। नगर पालिका द्वारा लोगों को परिवार रजिस्टर की नकल जारी करने के साथ केंद्र पोषित योजनाओं की जानकारी दी गई। आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा 52 लोगों की जांच कर निशुल्क दवाइयां बांटी गई। समाज कल्याण ने 10 लोगों के विभिन्न पेंशनों के प्रपत्र भरे। श्रम विभाग द्वारा 12 लोगों के आवेदन लिए गए। उर्जा निगम ने 10 लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया। खाद्य विभाग द्वारा छह लोगों की राशन कार्ड संबंधी समस्या का समाधान किया गया। जबकि राजस्व विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के लगभग 20 आवेदन प्राप्त किए। शिविर में एसडीएम आकाश जोशी, नगर पालिका के ईओ भूपेन्द्र प्रकाश जोशी, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के अंकित कुमार व महेश जोशी, श्रम विभाग की राबिया परवीन, सूरज सिंह बिष्ट, जितेन्द्र चन्द, उर्जा निगम के एसडीओ मयंक भट्ट, विरेन्द्र सिंह चौहान, विनोद सिंह बोहरा, लक्ष्मण सिंह बोहरा, बसंत राज चन्द, अनुराधा यादव, प्रिया बिष्ट, अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

टनकपुर में लगे बहुउद्देशीय शिविर में पहुंचे लोग।

## छात्राओं की कराई गई करियर काउंसलिंग

**पिथौरागढ़, अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, ढुंगातोली, धारचूला में छात्राओं को उनके करियर से जुड़ी समस्याओं को लेकर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विद्वानों ने विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं ने भी अपनी समस्याओं को खुलकर बताया। विशेषज्ञों ने देखा कि छात्राएं भविष्य को लेकर काफी चिंतित हैं।

दुर्गम भौगोलिक परिस्थिति के कारण छात्राओं की सोच को विकसित करने के लिए प्रधानाचार्य दीपक सिंह मेहरा ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए अपने लक्ष्य को निर्धारित करना अति आवश्यक है, बिना लक्ष्य के छात्र भविष्य में असफल ही होता है, सीमा सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर गणेश सिंह रावत ने अपने जीवन की वास्तविकता से छात्राओं के मनोबल को बढ़ावा दिया। इस अवसर पर आनंद बिष्ट, भरत ऐरी, हुकूम बिष्ट, प्रियंका, ज्योति, सावित्री, भागीरथी देवी आदि उपस्थित रहे।

# सास पर लगाया आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** द्वाराहाट थाने में एक महिला ने दहेज के लिए पति पर साथ मारपीट करने और अपनी सास पर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

द्वाराहाट तहसील निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह नवंबर 2021 को नया गांव रामनगर निवासी राजेंद्र सिंह के साथ हुआ था। शादी के कुछ ही दिन बाद उसके पति राजेंद्र ने शराब पीकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। नौकरी के लिए दिल्ली जाने के बाद भी राजेंद्र फोन पर उसे दहेज के लिए गालियां देता रहता था। ससुरालियों से शिकायत की तो सास उल्टा उसे ही ताने मारने लगती थी।

कहा है कि जब वह पांच महीने की गर्भवती थी, तब उसके पति ने उसे गला दबाकर मारने की कोशिश भी की। सास कमला बिष्ट ने उल्टा पीड़िता को ही घर से निकल जाने को कह दिया। कुछ दिन बाद सास ने आत्महत्या कर लेने की बात कहकर मुझे फिनाइल पकड़ा दिया। ससुरालियों की प्रताड़ना से परेशान होकर पीड़िता ने फिनाइल गटक लिया। ससुर ने मुझे अस्पताल में भर्ती कराया। रामनगर थाने में शिकायत दर्ज करवाने के बाद पुलिस ने पति को समझाया। कुछ दिनों बाद देवरानी दीक्षा और देवर विजय ने भी उत्पीड़न शुरू कर दिया और पीड़िता को पागल बताते हुए सात माह की बेटी के साथ घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास, देवरानी और देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

टनकपुर में एसडीएम आकाश जोशी ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को किया रवाना।

## 42 सदस्यों का दल पिरान कलियर दरगाह के लिए रवाना

**टनकपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को टनकपुर पर्यटक आवास गृह से गांव मनिहारगोठ के 42 सदस्यों का दल पिरान कलियर के लिए रवाना हुआ। प्रदेश सरकार की मातृ पितृ दीनदयाल तीर्थाटन योजना के तहत एसडीएम आकाश जोशी ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। योजना के तहत पिरान कलियर शरीफ के लिए गांव मनिहारगोठ के 42 सदस्यों का ग्रुप शामिल हुआ। यात्रा में शामिल 83 वर्ष की बसीरन खातून सबसे बुजुर्ग हैं। यात्रा में जाने से सभी यात्री खुश नजर आए। यात्रियों ने सीएम पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद देते हुए उनका आभार जताया। इस अवसर पर टनकपुर पर्यटक आवास गृह के प्रबंधक मनोज कुमार, पर्यावरणविद् दीपा देवी, मनीष सिंह मेहरा, गिरीश आर्या, महेश, सरिता देवी, अवनीश कुमार, एजाज अहमद, शेखावत हुसैन, फरियाद अली, सलमा बेगम, हफीजन खातून आदि मौजूद रहे।

## पेटशाल-पूनाकोट रोड के विस्तार की मांग

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** राज्य आंदोलनकारियों ने पेटशाल पूनाकोट मोटर मार्ग के विस्तार की मांग की। इस मामले को लेकर संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा है।

सीएम को भेजे मांग पत्र में कहा कि भैंसियाछाना विकास खंड में निर्मित पेटशाल-पूनाकोट मोटर मार्ग को हवालबाग विकास खंड में बिंतोला होते हुए बल्टा मोटर मार्ग से जोड़ देने से जहां बिंतोला सहित कई छोटे-छोटे गांव व तोक सड़क मार्ग से जुड़ जाएंगे। वहीं, बाड़ेछीना, धौलादेवी क्षेत्र से कसारदेवी, गैराड़ डाना गोलज्यू मंदिर, बिनसर, बागेश्वर जाने वाले यात्रियों, सैलानियों को एक नजदीकी वैकल्पिक मोटर मार्ग उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने सीएम से मोटर मार्ग के निर्माण के लिए लोनिवि को निर्देशित करने की मांग की।

# योग में होनहार छात्रों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** नगर के शारदा पब्लिक स्कूल में यूथफुल योगी स्कूल वैलनेस सीरीज थीम के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग के क्षेत्र में उपलब्धियां प्राप्त करने वाले विद्यालय के होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य विनीता शेखर लखचौरा, जंग बहादुर थापा, राजेश बिष्ट, योग शिक्षक चंदन बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम में नौवीं कक्षा के छात्र चिरायु वर्मा, आठवीं कक्षा के विनय कनवाल, दसवीं कक्षा की छात्रा रिया जोशी व खुशबू पासवान, सातवीं के वैभव जोशी, कार्तिक कनवाल, गुंजन बिष्ट और पांचवी के अशोक वर्धन टम्टा को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य विनीता शेखर ने बताया कि 13 वर्षीय चिरायु वर्मा ने तीन जनवरी को भारत और एशिया स्तर पर एक घंटा पांच मिनट और 30 सेकंड में पूर्ण मत्स्येंद्रासन कर रिकार्ड कायम किया है। उन्होंने अपनी प्रतिभा से इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया। विनय कनवाल को सूर्यपुत्र अवार्ड 2023 प्राप्त हुआ है। जबकि रिया जोशी और खुशबू पासवान 700 सूर्य नमस्कार कर चुकी हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों समेत अनेक अभिभावक मौजूद रहे।

# महिला कृषक गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता, चंपावत

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नवनीत पांडेय के निर्देश पर मंगलवार को संगज्यू- 2024 कार्यक्रम के अन्तर्गत एक दिवसीय महिला कृषक गोष्ठी का आयोजन ग्राम सभा डड़ा बिष्ट में प्रगतिशील महिला कृषक एवं ग्राम संगठन अध्यक्ष लक्ष्मी जोशी की अध्यक्षता में हुआ।

महिला कृषकों को कृषि विभाग से जुड़ी केंद्र व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी और किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए प्रचार-प्रसार किया।

पशु चिकित्साधिकारी कोमल सिंह ने विभागीय योजनाओं व खुरपका, मुंहपका, समय से पशुओं में टीकाकरण, संतुलित आहार व पशु प्रबंधन के बारे में बताया। मत्स्य विभाग से मत्स्य निरीक्षक करुण कान्त यादव ने विभाग की योजनाओं व मत्स्य पालन की तकनीकी जानकारी दी। उद्यान विभाग के दिनेश बिष्ट ने फल प्रसंस्करण, अचार, जैम, जैली, सॉस बनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला कृषकों का कृषि संबंधित समस्याओं का निराकरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन कृषि विभाग के ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक अजय चौकरायत ने किया।

जिला प्रशासन चम्पावत ने लोहाघाट में आयोजित संगज्यू 2024 कार्यक्रम मे मातृ शक्ति को प्रतिभाग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में चंद्रशेखर गड़कोटी, राधा रावत, बबीता नेगी, गीता बोहरा, ज्योति बिष्ट, प्रेमा रावत आदि मौजूद रहे।

चम्पावत में आयोजित गोष्ठी में मौजूद महिला कृषक।

**त्रासदी** जनवरी महीने में कई हेक्टेयर जंगल आग से हो गए थे स्वाहा, वनाग्नि से लाखों रुपये की वन संपदा को भी पहुंचा नुकसान

# पर्वतीय क्षेत्रों में हो रही बारिश से वन विभाग को राहत

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** पर्वतीय क्षेत्रों में पिछले शनिवार से हो रही लगातार बारिश और ओलावृष्टि के बाद अब वन विभाग ने राहत की सांस ली है। बारिश होने के कारण जिले के कई क्षेत्रों में आग से धधक रहे जंगल अब शांत हो गए हैं। जनवरी महीने की बात करें तो बारिश न होने के कारण जिले में वनाग्नि की करीब 12 घटनाओं में 11 हेक्टेयर जंगल जलकर पूरी तरह खाक हो गए थे और उन्हें बचाना विभाग के लिए एक चुनौती बन गया था।

इस बार शीतकाल में बारिश ना होने के कारण जनवरी महीने में से ही जिले के जंगल वनाग्नि की चपेट में आना शुरू हो गए थे। फायर सीजन के शुरू होने से पहले और ठंड का मौसम होने के बाद भी जंगलों में लग रही आग वन विभाग के अधिकारियों के लिए चुनौती साबित हो रहा था। जनवरी महीने की बात करें वनाग्नि की 12 घटनाओं में जिले के पनुवानौला, स्यालीधार, जागेश्वर, स्याहीदेवी, बिमौला, करबला, लोधिया, डोलीडाना और कालीमठ आदि क्षेत्रों में करीब 22 हेक्टेयर जंगल जलकर राख हो गए। जिससे लाखों रुपये की वन संपदा को भी नुकसान पहुंचा।

हालांकि, वनाग्नि की घटनाओं के बारे में पूछने पर अधिकारी आग नाप खेतों में लगने की बात करते रहे और किरकिरी से बचने के लिए विभाग ने इन घटनाओं को अपने रिकार्ड में दर्ज भी नहीं किया। लेकिन इसके बाद भी वन विभाग की टीमें आग बुझाने के लिए जाती रहीं। ग्रामीणों का कहना था कि वन विभाग अपनी नाकामी छिपाने के लिए जंगलों की आग को नाप भूमि की आग दिखा रहा है। लेकिन जहां-जहां आग लगी, वह वन भूमि के जंगल थे।

वन क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा मोहन राम से जब इस बारे में बात की गई तो उनका कहना था कि खेतों में पिरूल जलाने के कारण नाप खेतों में आग लगने की घटनाएं सामने आईं। फिलहाल वन विभाग की सफाई और ग्रामीणों के आरोपों के बीच पिछले दिनों हुई बारिश इन घटनाओं के बीच राहत लेकर आई है। जंगलों में लगी आग लगभग बुझ चुकी है और विभाग के अधिकारियों ने भी चैन की सांस ली।

अल्मोड़ा के जंगलो में लगी आग को बुझाते फायर कर्मचारी। ● फाइल फोटो

## पात्रता परीक्षा यूसेट में अनूप ने बाजी मारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** कुमाऊं विवि की ओर से आयोजित उत्तराखंड राज्य पात्रता परीक्षा (यूसेट) में अनूप कुमार शुक्ला ने बाजी मारी है। राजनीति शास्त्र विषय की अनारक्षित क्षेणी में अनूप ने 66.67 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। वह पं. अशोक मिश्रा महाविद्यालय खुटेहना में बीएड द्वितीय वर्ष हैं और इससे पूर्व नेट भी क्वालीफाई कर चुके हैं। अनूप ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता प्रमोद शुक्ला, बड़े भाइयों और गुरुजनों को दिया है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर दिलाई गई शपथ

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** 15 जनवरी से 14 फरवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत माउंटेन ड्राइविंग स्कूल आईटीबीपी बिमोला ने कटारमल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएम विनीत तोमर ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा जागरूकता की शपथ दिलाई।

जिलाधिकारी ने कहा कि हमें वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट, नशे में वाहन चलाने व ओवर स्पीड का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर वर्ष लाखों लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं की वजह से होती है। जिलाधिकारी ने मोटर ट्रांसपोर्ट ड्राईविंग द्वितीय स्तर कोर्स के बैच संख्या 104 में प्रथम स्थान पर रहे जोनिश कुमार, द्वितीय स्थान पर रहे सत्यवीर सिंह एवं तृतीय स्थान पर रहे सुनील कुमार, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने मोटर ट्रांसपोर्ट ड्राईविंग द्वितीय स्तर कोर्स के बैच नंबर 105 में प्रथम स्थान पर रहे प्रशांत कुमार, द्वितीय स्थान पर रहे गगनदीप एवं तृतीय स्थान पर रहे गणेश सिंह, सीडीओ आंकाक्षा कोंडे ने भी ड्राईविंग कोर्स के बैच संख्या दो में प्रथम स्थान पर रहे सतीश कुमार, द्वितीय स्थान पर रहे करन शर्मा एवं तृतीय स्थान पर रहे रवि यादव को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

## एक नजर

### राजभवन में 1 मार्च से वसंतोत्सव

**देहरादून :** राजभवन में इसवर्ष वसंतोत्सव 01 से 03 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्यपाल ने कहा कि वसंतोत्सव के माध्यम से उत्तराखंड में फ्लोरीकल्चर को बढ़ावा दिया जाए। पुष्प प्रदर्शनी को व्यवासायिक गतिविधियों से जोड़ा जाना आवश्यक है। यहां के पुष्पों की प्रदेश में ही नही अपितु देशभर में मार्केटिंग की जरूरत है। कहा कि यह आयोजन राज्य के दूरदराज के पुष्पोत्पादन, जड़ी-बूटी, सगंध पौधों और अन्य जैविक उत्पादों की व्यावसायिक खेती से जुड़े काश्तकारों व उत्पादकों के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित होना चाहिए। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि वसंतोत्सव में आईएचएम व जीएमवीएन के साथ ही राज्य की महिला स्वयं सहायता समूहों के सौजन्य से फूड कोर्ट स्थापित किए जाएं, जिसमें मुख्य रूप से हमारे पारंपरिक मोटे अनाज 'मिलेट' को वरीयता दी जाए। कहा कि वसंतोत्सव के माध्यम से विशेष रूप से शहद उत्पादन को प्रोत्साहित किया जाएगा। पुष्पोत्पादन और कृषि गतिविधियों पर आधारित लगने वाले स्टॉल में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी हो और उन्हें स्टॉल लगाने के लिए वरीयता दी जाए।

# नौ में से आठ दुग्ध संघों पर भाजपा का कब्जा

## खटीमा में प्रभा रावत, चम्पावत में पार्वती जोशी और अल्मोड़ा में गिरीश खोलिया बने निर्विरोध सभापति

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** प्रदेश ने सभी दुग्ध संघ चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीत हासिल की है।

इन चुनावों में खटीमा दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ से सभापति के रूप में श्रीमती प्रभा रावत, चंपावत से श्रीमती पार्वती रावत, पिथौरागढ़ से श्रीमती भावना भट्ट, अल्मोड़ा से गिरीश चंद्र खोलिया, देहरादून से भूमि सिंह, हरिद्वार से प्रमोद कुमार, श्रीनगर गढ़वाल से श्रीमती दीपा देवी, चमोली से श्रीमती मंजू देवी ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में निर्विरोध जीत दर्ज की है। पार्टी ने दुग्ध संघ चुनावों में जीत हासिल करने वाले अपने सभी सभापतियों एवं सदस्यों को बधाई दी है। साथ ही सभी काश्तकारों के कल्याण के लिए कार्य करने का भरोसा दिया है।

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने इस जीत का श्रेय प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी नीतियों को देते हुए समितियों से जुड़े सभी काश्तकारों का समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद किया है। चौहान ने बताया कि राज्य की कुल 9 दुग्ध समितियों में से 8 पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के नेतृत्व में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई हैं। सभी समितियों के सभापति पद पर भाजपा प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीत दर्ज की है।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा की देखरेख में प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में हुई रिकॉर्ड वृद्धि हुई है, साथ ही हाल के वर्षों में दुग्ध खरीद के दाम भी सरकार ने बढ़ाए हैं। जिसका लाभ मिला कि किसानों को दुग्ध व्यवसाय से मिलने वाली आय में बड़े पैमाने पर बढ़ोत्तरी हुई हैं। दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसानों के जीवन में विभागीय प्रयासों से होने वाले बदलावों का नतीजा है कि वे धामी सरकार के साथ है। इसके अतरिक्त प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और चुनाव प्रभारी विशन सिंह चुंफाल की रणनीतिक क्षमता ने सभी समितियों को सर्वसम्मति से पार्टी के पक्ष में लाने का काम किया है। बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार 5 फरवरी को प्रबंध समिति सदस्यों एवं 6 फरवरी को सभापति के चुनाव संपन्न हुए हैं।

खटीमा में दूध डेरी चुनाव में अध्यक्ष बनी प्रभा रावत का स्वागत करते अन्य सदस्य।

### प्रभा रावत बनीं दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की अध्यक्ष

**खटीमा :** ऊधम सिंह नगर दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ की प्रबंध कमेटी सदस्य चुने जाने के बाद मंगलवार को सितारगंज से निर्वाचित सदस्य प्रभा रावत को चुनाव अधिकारी एसबी पांडे ने निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। उनके निर्वाचित होने पर सदस्यों ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर संगीता ज्याला, भागीरथी, सुनीता राणा, निमा देवी, नीलम कोरंगा, चंद्रशेखर, नवनीत सिंह, इंदर सिंह आदि थे।

### पार्वती जोशी बनीं दुग्ध संघ निर्विरोध अध्यक्ष

**चंपावत :** पार्वती जोशी चंपावत दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। निर्वाचन अधिकारी उप जिला पशु चिकित्साधिकारी डॉ. नंदन प्रसाद ने चुनाव नतीजे का ऐलान किया। बाद में उन्होंने समर्थकों के साथ जुलूस निकाल जीत का जश्न मनाया। इससे पूर्व दुग्ध संघ प्रबंध समिति के सभी नौ वार्ड सदस्यों के चुनाव भी निर्विरोध संपन्न हो गए थे। इन्हीं नौ सदस्यों को अध्यक्ष पद के लिए मतदान भी करना था। दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की प्रबंध समिति के नौ सदस्यों में से छह महिलाएं हैं।

### दुग्ध संघ के गिरीश खोलिया बने अध्यक्ष

**अल्मोड़ा :** दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति अल्मोड़ा बागेश्वर की प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष पद पर भाजपा ने कब्जा किया है। भाजपा के गिरीश खोलिया निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं। खोलिया के अध्यक्ष बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खोलिया का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मंगलवार को पाताल देवी स्थित दुग्ध संघ कार्यालय में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव प्रक्रिया कराई गई। इस दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। सुबह दस से दोपहर बारह बजे तक नामांकन प्रक्रिया हुई। लेकिन इस पद के लिए केवल गिरीश चंद्र खोलिया ने ही नांमाकन कराया।

# अस्पतालों के निर्माण संग ही स्टाफ की तैनाती भी करें

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने स्वास्थ्य, वित्त एवं कार्मिक विभाग को निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों के साथ ही डॉक्टर्स, नर्सिंग ऑफिसर्स, पैरामेडिकल एंड एन्सिलरी स्टाफ के पद सृजन की प्रक्रिया भी साथ-साथ संचालित करने की हिदायत को दी है।

रतूड़ी ने कहा कि इस तरह से निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों का समय पर संचालन शुरू होगा। उन्होंने हरिद्वार मेडिकल कॉलेज में 216 तथा पिथौरागढ़ में 216 डॉक्टर्स के पदों की स्थिति को तत्काल स्पष्ट करने के निर्देश वित्त विभाग को दिए हैं। मेडिकल टूरिज्म की बेहतरीन संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज तथा नैनीताल के भवाली स्थित टीबी सैनिटोरियम के संबंध में पर्यटन विभाग के साथ बैठक करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा राजकीय मेडिकल कॉलेज पिथौरागढ़ के ढांचे के गठन में राजकीय मेडिकल कॉलेज हरिद्वार के सापेक्ष संख्या मंय कम हो रहे पदों के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई।

उन्होंने मैदानी जिलों के समान ही पर्वतीय जिलों में बनने वाले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों में भी पर्याप्त संख्या में डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ तथा अन्य स्टाफ की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। पिथौरागढ़ में मेडिकल कॉलेज बनने से पिथौरागढ़, चंपावत, बागेश्वर, अल्मोड़ा के साथ ही नेपाल के लोगों को भी स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। बैठक में सचिव डॉ. आर राजेश कुमार, वी षणमुगम आदि मौजूद रहे।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी।

## उत्तर प्रदेश

### दुष्कर्म के प्रयास में दस साल की कैद

**रामपुर, अमृत विचार :** पांच साल की बालिका से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में एडीजे छह की कोर्ट ने आरोपी को दस साल की कैद और दस हजार का जुर्माना अदा करने सजा सुनाई है।

गांव निवासी एक ग्रामीण का कहना है कि 26 मार्च 2020 को गांव का ही रहने वाला फत्ते मौका पाकर उसके घर में घुस गया था। जहां उसकी पांच साल की बेटी से दुष्कर्म का प्रयास किया था। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी फरार हो गया था। इस मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। जिसकी सुनवाई एडीजे छह की कोर्ट में चल रही थी। मंगलवार को आरोपी को पीठासीन अधिकारी ने दस वर्ष का कारावास और दस हजार का जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

# राममंदिर देश का गौरव, अब आ गया रामराज्य : पेमा खांडू

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** निर्माण संपूर्ण राष्ट्र के लिए गौरव की बात है। 500 वर्षों की लंबी प्रतीक्षा के बाद देश में रामराज्य आ गया है। ये बात आज मंगलवार को अयोध्या पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर कही। पत्रकारों से वार्ता में उन्होंने कहा कि अयोध्या में अरुणाचल प्रदेश भवन का निर्माण शीघ्र कराया जाएगा। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भी लिखा गया है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार रामनगरी में अरुणाचल प्रदेश का प्रतीक चिह्न भी स्थापित करेगी इसका प्रयास किया जा रहा है। प्रतीक चिह्न का स्वरूप क्या होगा यह अभी तय नहीं लेकिन शीघ्र ही इसकी जानकारी सामने आयेगी। इससे पहले चार्टड प्लेन से मंगलवार को सुबह साढ़े 10 बजे यहां मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पहुंचे अरुणाचल प्रदेश के 70 सदस्यीय मंत्रिमंडल के सदस्यों का सांस्कृतिक अभिनंदन किया गया। संस्कृति विभाग के कलाकारों ने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वागत किया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने यहां गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी ली।

### परिसर में 73 मिनट रहा 70 सदस्यीय मंत्रिमंडल

अरुणाचल प्रदेश से मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में मंगलवार को उनके मंत्री मण्डल के सहयोगियों सहित लगभग 55 विधायकगण व पांच वरिष्ठ अधिकारियों का दल श्रीरामजन्मभूमि परिसर में करीब 73 मिनट रहा। सबसे पहले मुख्यमंत्री फ्लीट के साथ गेट नम्बर 11 से दाखिल हुए उसके बाद तीन ई-बसों में मंत्रिमंडल के सदस्य। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पहुंचे दल ने यहां श्रीराम लला के दरबार में श्रद्धा निवेदित की। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय ने मुख्यमंत्री को मंदिर निर्माण, मंदिर की विशेषताएं आदि के बारे में जानकारी दी। खास बात यह रही कि इस दौरान आम श्रद्धालुओं का दर्शन नहीं रोका गया। दर्शन के बाद लौटते वक्त मुख्यमंत्री ने मीडिया को देख हाथ हिलाया। वहीं ई-बसों से में सवार मंत्रिमंडल के सदस्यों ने जय श्रीराम का उद्घघोष किया। यहां से मंत्रिमंडल सीधे एयरपोर्ट पहुंचा और निर्धारित अवधि से आधे घंटे विलम्ब से अरुणाचल के लिए रवाना हुए।

### मादा गुलदार का शव मिलने से सनसनी

**बिजनौर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव प्रेमपुरी में गुरुदेव सिंह के गन्ने के खेत में मादा गुलदार का शव मिलने से सनसनी फैल गई।

मंगलवार की सुबह गन्ना छीलने गए मजदूरों ने खेत में गुलदार का शव पड़ा देखा। उन्होंने किसान को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर वन दरोगा सुनील कुमार राजौरा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गुलदार के शव को बिजनौर स्थित वन विभाग की नर्सरी में पोस्टमार्टम के लिए ले गए। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, सीओ अर्चना सिंह, कोतवाल राजकुमार सरोज ने भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से मादा गुलदार के शव के बारे में जानकारी ली। वन दरोगा ने बताया कि गुलदार के शरीर पर घाव का कोई निशान नहीं है। इसलिए माना जा रहा है कि मादा गुलदार के मौत बीमारी से हुई है। उसकी उम्र लगभग दो साल है।

# विदेश में पढ़ाई का ख्वाब दिखाकर ठगे 18 लाख

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** विदेश की चमकदार जिंदगी के ख्वाब दिखाकर छात्र और नौजवानों को ठगने का धंधा धड़ल्ले से जारी है। फर्जीवाड़ा के शिकार की लिस्ट में मंगलवार को विपिन वर्मा का नाम और जुड़ गया। पुलिस से घटना की शिकायत की गई है।

माधोटांडा क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी राममिलन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने बेटे जशरथ को ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए ट्रैक्टर बेच दिया। ठेके पर जमीन उठाकर 17.95 लाख रुपये का इंतजाम किया। आरोप है कि पूरनपुर नगर स्थित एक आईलेट्स सेंटर के संचालक से बेटे को स्टडी वीजा पर विदेश भेजने की बात हुई। उन्होंने 18 लाख रुपये दे दिए। पहले तो काफी दिन वीजा का इंतजार करना पड़ा। बाद में जब संचालक से बात हुई तो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के बजाय कनाडा भिजवाने को कहा। 31 जनवरी को बेटे को तुर्की से वापस कर दिया गया। बेटे के घर लौटने के बाद राममिलन को गड़बड़ी की आशंका हुई। उन्होंने कोचिंग संचालक को बुलाकर पंचायत कराई। बताया कि पहले भी दो बार उनका बेटा दिल्ली एयरपोर्ट से वापस लौटाया जा चुका है, क्योंकि उसके दस्तावेज गलत दिए गए थे। अब आईलेट्स संचालक से रुपये वापस मांग रहे हैं तो वह इनकार कर रहा है। मंगलवार को कोतवाली में तहरीर दी और न्याय की गुहार लगाई। उधर, कोतवाल प्रवीण कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी कर जांच कराई जाएगी।

### धर्मांतरण कराने वाले 10 लोगों को जेल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राजधानी लखनऊ की सीमा पर सोमवार को रेंदुआ पल्हरी स्थित एक चर्च में महिलाओं व बच्चों को धर्म परिवर्तन कराने का भंडाफोड हुआ था। इस मामले में पुलिस ने 15 लोगों पर केस दर्ज कर 10 को जेल भेजा। वहीं पुलिस की जांच में इसमें शामिल और लोगों के नाम सामने आ रहे है।

काफी समय से चल रहे इस खेल की भनक खुफिया तंत्र को नहीं हुआ। जबकि देवा अतिसंवेदन शील है तो अभी श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा और ज्ञानवापी को लेकर हाई अलर्ट भी था। मगर, देवा कोतवाली क्षेत्र में प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म परिवर्तन कराने के बारे में खुफिया तंत्र को इसकी भनक तक नहीं लगी। ऐसे में एक बार फिर खुफिया तंत्र की उपयोगिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# तेज धमाके के साथ फटा सिलेंडर, पिता पुत्र घायल

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के सरायतरीन में अधिक गैस रिफिल होने से पांच किलो का सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। जिसकी चपेट में आकर पिता पुत्र घायल हो गए। धमाका इतना तेज था कि दो मकान क्षतिग्रस्त हो गए। मुहल्ले के लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। सूचना मिलने पर सीओ संभल, दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

थाना क्षेत्र में सरायतरीन के मोहल्ला पीला खदाना निवासी महेंद्र सिंह मुहल्ले में ही ठेला लगाकर समोसे - पकौड़ी बेचने का काम करता है। मंगलवार की सुबह आठ बजे महेंद्र सिंह ने ठेले पर पकौड़ी बनाने के लिए पांच किलो के सिलेंडर में घर पर ही गैस बड़े सिलेंडर से रिफिल की थी। जिसके बाद महेंद्र सिंह गैस सिलेंडर के पास ही कुर्सी पर बैठकर चाय पीने लगा। अचानक गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया। जिसकी चपेट में आकर महेंद्र सिंह व बेटा अनुज घायल हो गए। धमाका इतना तेज था कि मकान व जीने की मकान की छत पर बनी ममटी की दीवार गिर गई और घर में रखा खाने पीने सहित अन्य सामान जमीन पर बिखर गया। साथ ही छत पर बने बाथरूम में लगा लोहे का दरवाजा उखड़कर पड़ोसी के घर जा गिरा। जिससे पड़ोसी दीपक के मकान में भी दरार आ गई और बिजली का मीटर क्षतिग्रस्त हो गया।

### माध्यमिक स्कूलों में 11094 शिक्षकों की भर्ती होगी

**लखनऊ, अमृत विचार:** विधानसभा में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि माध्यमिक स्कूलों में खाली पड़े 11094 शिक्षक पदों पर भर्ती होगी। इसके अलावा 426 प्रधानाचार्य और 11 लाईब्रेरियन भी नियुक्त किए जाएंगे। जबकि 3132 अनुसेवक आउटसोर्सिंग से रखे जाएंगे।

अपना दल (कमेरावादी) से विधायक पल्लवी पटेल के सवाल के जवाब में मंत्री ने बताया कि राजकीय विद्यालयों में शिक्षक, लाइब्रेरियन, प्रधानाचार्य, अनुसेवक के रिक्त पदों की भर्ती होगी। इसमें प्रवक्ता पुरुष 2540 और महिला 1412, सहायक अध्यापक 4771 और सहायक अध्यापिका 2371 पद शामिल हैं। लाइब्रेरियन के 11 और प्रधानाचार्य के 426 पदों पर भर्ती की जाएगी।

# गैंगस्टर एक्ट और चोरी के आरोपी को पांच साल कैद

विधि संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** गिरोह बनाकर बिजली के तार चोरी करने वाले गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को सुनवाई के बाद दोषी पाते हुए पांच वर्ष कैद और 15 हजार अर्थदंड से दंडित किया गया है। राज्य सरकार की ओर से पैरवी अभियोजन अधिकारी अमित कुमार शुक्ल ने की।

अभियोजन कथानक के अनुसार कोतवाली दियोरियाकलां में 27 मार्च 2002 को तत्कालीन कोतवाल प्रमोद कुमार शर्मा पुलिसकर्मियों के साथ रात्रि गश्त व चेकिंग कर रहे थे। मानपुर रोड पर पिपरिया सेंगर के आगे पहुंचे थे कि मुखबिर ने सूचना दी कि नहर किनारे 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन से चोरों ने काफी तार काट लिया है। मारुति वैन में लादकर ले जाने वाले हैं। इस पर पुलिस बल के साथ महेशपुर नहर पुलिया के पास दबिश दी। शाहजहांपुर जिले के थाना पुवायां क्षेत्र के ग्राम कोंच निवासी लल्ला उर्फ रघुनंदन कहार, थाना जलालाबाद के ग्राम नौगवां निवासी संजीव उर्फ लल्ला को गिरफ्तार किया, जबकि बीसलपुर के नन्हे कहार, निगोही क्षेत्र के ग्राम सातवा के निवासी श्रीकांत, थाना कांठ के गांव ढकिया निवासी श्रीपाल फरार हो गए। मौके से मारुति वैन कब्जे में ली, जिसमें बिजली के तार के पांच बोरे बरामद किए थे। सुनवाई के बाद आरोपी संजीव उर्फ लल्ला बाबू को चोरी व गैंगस्टर एक्ट का दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट चंद्रमोहन मिश्र ने पांच वर्ष कैद और 15 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई।

# लतानपुर के शैलेश ने चांद पर खरीदी तीन एकड़ जमीन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पूरे हेमसिंह (रामनगर द्वितीय) गांव निवासी व्यवसायी शैलेश सिंह ने चंद्रमा पर तीन एकड़ जमीन खरीदी है। उन्होंने लूना सोसाइटी से जमीन की रजिस्ट्री करवाई है। उन्होंने तीन एकड़ जमीन मात्र 12 हजार रुपये में खरीदा है।

लूना इंटरनेशनल लाइसेंस प्राप्त भूमि दावा बिक्री एजेंसी है। भूमि दावे की खरीद से प्राप्त आय लूना सोसाइटी द्वारा प्रशासित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने में मदद करती है। जिसमें चंद्रमा पर पहला गैर-सरकारी मानव मिशन शामिल है, साथ ही प्रत्येक ग्रेड स्तर पर छात्रों के लिए छात्रवृत्ति और शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए धन उपलब्ध कराना शामिल है। शैलेश के रजिस्ट्री दस्तावेज़ में वाष्प सागर में संपत्ति की एक विस्तृत तस्वीर भी दी गई है, जो संपत्ति पथ का सटीक स्थान दिखाती है। लूनर ऑर्बिटर डेटाबेस की इस डिजिटल तस्वीर में पथ के क्षेत्र में स्थित सभी विशेषताएं शामिल हैं और यह संपत्ति को इंगित करने में सहायक है। पंजीकृत दावे में संपत्ति का स्थान, अक्षांश और देशांतर, पथ संख्या, लॉट संख्या और इसमें दर्ज मात्रा संख्या, साथ ही पंजीकरण की तारीख भी शामिल है।

### रुपये का नहीं सोच की वैल्यू: शैलेश

37 वर्षीय शैलेश की प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही पूरी हुई। परास्नातक डिग्री कूरेभार से हासिल की। 2010 से ठेकेदारी कर रहे हैं। वर्तमान समय में श्री राम मंदिर अयोध्या में एलएनटी कंपनी के साथ मैन पावर सप्लाई का काम कर रहे है। आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक में भी इनका काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान जब गया तो खूब चर्चा हुई। गुजरात और लखीमपुर के लोग वहां पर जमीन खरीदे, इसका समाचार देखा। मन में आया कि हम भी खरीदे। नेट पर सर्च किया। मात्र तीन हजार रुपये एकड़ जमीन चांद पर मिल रही है। कोई भी आनलाइन खरीद सकता है। तीन एकड़ जमीन 12 हजार में खरीदा। रुपया नहीं सोच की वैल्यु है। करीब तीन माह में सारी प्रक्रिया पूरी होती है। मैंने अपनी तहसील बल्दीराय में चेक कराया तो वहां पर मेरी रजिस्ट्री का दस्तावेज फेयर मिला।

# मासूम से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव में एक तीन वर्षीय बच्ची को गांव का ही युवक टॉफी दिलाने के बहाने से खंडहरनुमा मकान में ले गया। वहां आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अंकित सोमवार की देर शाम करीब साढ़े पांच बजे पड़ोस में ही रहने वाली तीन साल की बच्ची को टॉफी दिलाने के बहाने घर के बहार से बहला फुसला कर खंडहरनुमा मकान में ले गया। वहां वह बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पास की दुकान से सामान ले रही उसकी बड़ी बहन मौके पर पहुंच गई। उसे देख आरोपी मौके से भाग गया। इसके बाद बड़ी बहन बच्ची को घर ले गई और परिजनों को पूरी बात बताई। तब परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर अंकित के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई। पुलिस ने मंगलवार की सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### शिक्षक ने मासूम से की अश्लील हरकतें, रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** ट्यूशन पढ़ाने आये शिक्षक ने कक्षा 2 की 5 वर्षीय छात्रा के साथ अश्लील हरकतें कीं। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। बहजोई के एक गांव निवासी 5 वर्षीय मासूम छात्रा नगर के निजी स्कूलों में कक्षा 2 की छात्रा है। उसे ट्यूशन पढ़ाने के लिए एक शिक्षक गांव में उसके घर आता था। शिक्षक अन्य बच्चों के छात्रा को भी ट्यूशन पढ़ाता था। शिक्षक छात्रा के साथ-साथ अन्य गांव के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने पहुंचा था। जब ट्यूशन खत्म हो गया तो बाकी बच्चों को बहाना बनाकर बाहर निकाल दिया। जबकि पांच वर्षीय छात्रा को रोक लिया। शिक्षक मासूम बच्ची से अश्लील हरकतें करने लगा। शिक्षक की शर्मनाक हरकत से परेशान छात्रा जोर-जोर से रोने लगी तो अन्य बच्चे खिड़की पर पहुंच गए। उन्होंने शिक्षक की हरकतों को देखकर ग्रामीणों को बता दिया। खुद को घिरा देख शिक्षक मौके से फरार हो गया। कोतवाल सत्येंद्र पंवार को पूरी घटना के बारे में जानकारी दी। सीओ प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने पिता की ओर से आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर कर शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया।

# यूट्यूबर वसीम सिद्दीकी और जावेद पर मुकदमा

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** यूट्यूबर वसीम सिद्दीकी और जावेद हुसैन के खिलाफ बारादरी पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। दोनों पर अपने एक वीडियो में वाल्मीकि समाज पर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है।

इस मामले में भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने एसएसपी से शिकायत की थी। भीम आर्मी के बरेली मंडल अध्यक्ष विकास बाबू एडवोकेट के मुताबिक यूट्यूबर जावेद हुसैन और वसीम सिद्दीकी के साथ कुछ और लोगों ने एक वीडियो में जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए वाल्मीकि समाज के लोगों को अपमानित किया है। यह वीडियो फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे कई सोशल प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। भीम आर्मी की ओर से एसएसपी को दी शिकायत में वीडियो की वजह से सामाजिक सद्भाव बिगड़ने और माहौल खराब होने की आशंका जताई थी।

एसएसपी के आदेश पर थाना बारादरी में वसीम सिद्दीकी और जावेद हुसैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय ने बताया कि आरोपी हजियापुर के रहने वाले हैं। केस की विवेचना सीओ तृतीय अनीता चौहान करेंगी।

### यूपी के सभी थानों में बनेंगे महिलाओं के लिए स्पेशल रूम

**लखनऊ, अमृत विचार:** महिला हेल्प डेस्क के अलावा उप्र के सभी थानों में महिलाओं के लिए एक स्पेशल रूम में बनेगा। इसे महिला इंजरी रूम और असेम्बली कम रिटायरिंग रूम नाम से जाना जाएगा। इसमें फर्स्ट एड बाक्स रहेगा, जिससे थाने पर आने वाली जख्मी पीड़ित महिलाओं का प्राथमिक उपचार किया जाएगा। साथ ही उसमें बैठने और बात करने की भी व्यवस्था रहेगी।

सदन में मंगलवार को हुए सवाल के जवाब में राज्य सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई। बताया गया है कि इस कमरे के निर्माण कार्य की दिशा में मानचित्र अनुमोदन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन में है।

# ऑटो चालक ने पुलिस कर्मियों को दी धमकी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिलाधिकारी आवास के पास मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे तीन पुलिसकर्मियों ने ऑटो चालक से परमिट मांगना तो उसने उन्हें वर्दी उतरवाने की धमकी दी। इस बाद ऑटो चालक पुलिसकर्मियों को एसपी के पास ले जाने को कहने लगा। हालांकि बीच में ही दोनों पक्ष शांत हो गए और ऑटो चालक वापस चला गया। हंगामे के दौरान ट्रैफिक इंस्पेक्टर भी मौजूद थे। सूत्रों की माने तो ऑटो चालक ने पूर्व मंत्री आजम खां के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज कराए हैं और उसकी सुरक्षा के लिए गनर भी मिला हुआ है।

जिले में धड़ल्ले से ऑटो चल रहे हैं। चालक ऑटो में क्षमता से अधिक सवारियां बैठते हैं। इससे सड़क हादसा होने का खतरा रहता है। मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे एक ऑटो चालक गांधी समाधि की ओर से आ रहा था। इस दौरान जिलाधिकारी आवास के सामने ट्रैफिक और सिविल पुलिसकर्मियों ने उसे रोककर परमिट और कागजात मांगे। इस बात पर ऑटो चालक भड़क गया। उसने तीन पुलिसकर्मियों को वर्दी उतरवाने की धमकी दी। इस पर पुलिसकर्मी ऑटो चालक पर भड़क गए। दोनों पक्षों में नोकझोंक हुई और हंगामा हो गया। जिलाधिकारी आवास के निकट हंगामा, पुलिसकर्मियों और ऑटो चालक के बीच नोकझोंक होती देख भीड़ एकत्र हो गई।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1110 डीएमओ 825 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1835, राज श्री 1360, फॉर्चून कि. 1705, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली. 1565, जय जवान 1405, सचिन 1420, सूरज 1430, अवसर 1500, राग गोल्ड 1500, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1595, मोर 1550, चक्र टिन 1650, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1665, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10600, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7300, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 6900, लाल हिंदुस्तान 7000, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14200, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी (नई) 4040 रुपये।

# देश जल्द बनेगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

## गोवा में नरेंद्र मोदी बोले-5-6 वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का होगा निवेश

गोवा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत में अगले पांच से छह वर्ष में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा। साथ ही उन्होंने वैश्विक निवेशकों को भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारत ऊर्जा सप्ताह के दूसरे संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था 7.5 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है। देश जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

उन्होंने वैश्विक कंपनियों को भारत के ऊर्जा क्षेत्र की वृद्धि का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि देश को 2030 तक अपनी रिफाइनिंग क्षमता 254 एमएमटीपीए (मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष) से बढ़ाकर 450 एमएमटीपीए करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा-अगले पांच-छह वर्षों में भारत में ऊर्जा क्षेत्र में 67 अरब डॉलर का निवेश होने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ऊर्जा क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश कर रहा है जो पहले कभी नहीं हुआ। मोदी ने कहा कि भारत कच्चे तेल तथा एलपीजी का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और एलएनजी का चौथा सबसे बड़ा आयातक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोवा में विकसित भारत, विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम के दौरान आयोजित एक प्रदर्शनी का दौरा किया। ● एजेंसी

### योजनाओं की संतृप्ति असली धर्मनिरपेक्षता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं को राज्यों में संतृप्ति तक पहुंचाना असली धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय है। मोदी ने दक्षिण गोवा के मडगांव शहर में विकसित भारत, विकसित गोवा जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, "केंद्र सरकार की कई योजनाओं के कार्यान्वयन में, गोवा ने 100 प्रतिशत संतृप्ति हासिल कर ली है। उन्होंने कहा-जब योजनाओं की संतृप्ति होती है, तो लोगों के बीच मतभेद समाप्त हो जाते हैं। प्रत्येक लाभार्थी को पूरा लाभ मिलता है।

# उतार-चढ़ाव के बाद शेयर बाजार में लौटी रौनक

मुंबई, एजेंसी

▸▸ सेंसेक्स 454 अंक चढ़ा निफ्टी 21900 के पार

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 454 अंक से अधिक के लाभ में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के ताजा पूंजी प्रवाह के बीच सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों... टीसीएस और इन्फोसिस में लिवाली से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स की शुरुआत अच्छी रही और यह 454.67 अंक यानी 0.63 प्रतिशत चढ़कर 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 529.98 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 157.70 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,929.40 अंक पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार, चीन के बाजारों में तेजी आने से भी धारणा

मजबूत हुई। सोमवार की भारी गिरावट के बाद चीनी बाजार चार प्रतिशत तक उछल गये। इसका कारण एक सरकारी निवेश कोष का बयान है जिसमें उसने कहा कि वह शेयर खरीद बढ़ाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग बाजारों पर चर्चा करने के लिए अधिकारियों से मिलने वाले हैं।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-बाजार में धारणा सकारात्मक रही और यह बढ़त में बंद हुआ। निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक से पहले अपना निवेश कम करने को इच्छुक नहीं हैं। ऐसी संभावना है कि आरबीआई की मौद्रिक नीति में नीतिगत दर को लेकर रुख उदार होगा। इससे बॉन्ड बाजार में धारणा मजबूत हुई।

### निवेशकों की पूंजी 4.21 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजार में तेजी के बीच मंगलवार को निवेशकों की पूंजी में 4.21 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 454.67 अंक यानी 0.63 प्रतिशत बढ़कर 72,186.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 529.98 अंक तक उछल गया था। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप में 1.23 प्रतिशत और मिडकैप में 1.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,250 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,850-48,050 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 72,700 |
| चांदी तैयार | 72,800 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 714(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,800। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 84-86 मसूरी 68 1121 बासमती 99, **दाल दलहन**-काला चना 96-116 साबुत चना दाल 60-64 मूंग साबुत 94 राजमा 200 दाल उड़द 98-115 साबुत मसूर दाल 72 मसूर दाल 70-73 उड़द साबुत 100-116 काबुली चना 75-165 अरहर साबुत 105-112 अरहर दाल 128 लोबिया/करमानी 77-81 सोयाबीन 40-42 मूंगफली 75-77 मटर (सूखी) 49-61 मक्का 25 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 - 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 रुपये।

# भारतीय अर्थव्यवस्था में निवेशकों का भरोसा लौटा : नागेश्वरन

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ मुख्य आर्थिक सलाहकार बोले निजी क्षेत्र में निवेश में बढ़ोतरी

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) अनंत नागेश्वरन ने कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर निवेशकों का भरोसा लौटा है और यह बात निजी क्षेत्र में निवेश में आ रही तेजी से पता चलती है।

नागेश्वरन ने बातचीत में कहा-यह (भरोसा) वापस आ गया है। अगर ऐसा नहीं होता तो कैसे भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से वृद्धि हासिल करती। आप अगर विनिर्माण और सेवा क्षेत्रो में खरीद प्रबंधक सूचकांक (परचेजिंग मैनेजेर इंडेक्स) को देखें, विस्तार और गिरावट को देखें, शेयर बाजार के प्रदर्शन को देखें, यह पता चलता है। उन्होंने कहा कि यह जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के आंकड़ों में भी दिख रहा है। नागेश्वरन ने भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि निजी क्षेत्र में सूचीबद्ध कंपनियां अपने पूंजीगत व्यय और नई परियोजनाओं की घोषणा में तेजी ला रही हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी अपने अंतरिम बजट में कहा है कि निजी निवेश हो रहा है।

# सरकार ने उतारा 29 रुपये किलो के भाव पर भारत चावल

**नई दिल्ली।** सरकार ने पिछले एक साल में चावल की खुदरा कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि के बीच उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मंगलवार को 29 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर 'भारत चावल' की पेशकश की। खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने पांच किलो और 10 किलो के पैक में उपलब्ध सब्सिडी वाले चावल को पेश करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि आम लोगों के लिए दैनिक खाद्य पदार्थ सस्ती दरों पर उपलब्ध हों।

# देश में रेपो दर के यथावत रखने की जताई गई संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक मंगलवार को शुरू हो गई। खुदरा मुद्रास्फीति के उच्चस्तर पर बने रहने के बीच अल्पकालिक ऋण दरों पर यथास्थिति बने रहने की संभावना जताई जा रही है।

भारतीय रिजर्व बैंक ने करीब एक साल से अल्पकालिक ऋण दर यानी रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा हुआ है। वैश्विक घटनाक्रमों की वजह से बढ़ी महंगाई पर काबू पाने के लिए मानक ब्याज दर में आखिरी बार बढ़ोतरी फरवरी, 2023 में हुई थी जब इसे 6.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई, 2023 में 7.44 प्रतिशत के उच्चस्तर पर पहुंच गई थी लेकिन उसके बाद से इसमें गिरावट आई है। दिसंबर, 2023 में खुदरा मुद्रास्फीति 5.69 प्रतिशत पर आ गई जो आरबीआई के संतोषजनक स्तर चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के भीतर ही है।

## राष्ट्रीय

# महंगाई नियंत्रण के लिए केंद्र ने उठाए कदम: सीतारमण

## केंद्रीय वित्त मंत्री ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दल के नेताओं को दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने मंगलवार को कहा कि महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा समय-समय पर उठाए गए कदमों की वजह से, खास तौर पर जल्द ही खराब होने वाली खाद्य वस्तुओं के दाम में वृद्धि को काफी हद तक रोका जा सका है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा को प्रश्नकाल के दौरान विपक्षी दलों के नेताओं को यह जानकारी दी।

उन्होंने यह भी बताया कि भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) सरकार के साथ मिल कर प्याज को गामा किरणों की मदद से नमी-रहित करने पर काम कर रहा है ताकि प्याज को लंबे समय तक रखा जा सके और यह खराब न होने पाए। उन्होंने कहा

''जल्द खराब होने वाली कुछ खाद्य सामग्री का भारत में पर्याप्त उत्पादन नहीं होता है।'' उन्होंने कहा कि प्याज के दामों में अस्थिरता को रोकने के लिए सरकार ने इसका बफर आकार 2023-24 में सात लाख मीट्रिक टन कर दिया है जो 2020-21 में एक लाख मीट्रिक टन था। सीतारमण ने बताया कि तीन फरवरी 2024 तक कुल 6.32 लाख मीट्रिक टन प्याज का उत्पादन हुआ और खुदरा बिक्री, थोक बिक्री तथा ई-नीलामी के माध्यम से ग्रेड ए का 3.96 लाख टन प्याज जारी किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम उठाए जा रहे हैं ताकि प्याज जैसी जल्द ही खराब होने वाली जिन्स को लंबे समय तक संरक्षित रखा जा सके।

### जल संशोधन विधेयक 2024 को मिली मंजूरी

राज्यसभा ने मंगलवार को जल प्रदूषण से संबंधित छोटे अपराधों को जेल की सजा की श्रेणी से बाहर करने, केंद्र को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अध्यक्षों की सेवा शर्तों को निर्धारित करने में सक्षम बनाने और औद्योगिक संयंत्रों की कुछ श्रेणियों को वैधानिक प्रतिबंधों से छूट देने का प्रावधान करने वाले जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) संशोधन विधेयक 2024 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। पर्यावरणमंत्री भूपेन्द्र यादव ने विधेयक पर हुई चर्चा के जवाब में कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक साथ चलना चाहिए।

### ओबीसी को आरक्षण संबंधी विधेयक पारित

जम्मू कश्मीर में स्थानीय निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के प्रावधान वाला विधेयक मंगलवार को लोकसभा में ध्वनिमत से पारित हो गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा विधेयक पर चर्चा के जवाब के बाद सदन ने जम्मू कश्मीर स्थानीय निकाय कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे जम्मू कश्मीर पंचायती राज अधिनियम, 1989; जम्मू कश्मीर निगम अधिनियम, 2000 और जम्मू कश्मीर नगर निगम अधिनियम, 2000 में संशोधन का प्रस्ताव है।

### एससी, एसटी की सूची के लिए 2 विधेयक पारित

राज्यसभा ने मंगलवार को संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 और संविधान (अनुसूचित जाति एवं जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पर एक साथ चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया। दोनों विधेयकों में आंध्र प्रदेश के तीन और ओडिशा के कुछ समुदायों को जनजाति समूह में शामिल करने का प्रावधान है। विधेयकों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि आजादी के इतने लंबे कालखंड के बाद भी कई ऐसे जनजातीय समूह रह गए हैं।

'भारत रत्न' के लिए दी बधाई...

गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने वरिष्ठ भाजपा नेता लाल कृष्ण आडवाणी से नई दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। शाह और नड्डा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता आडवाणी को 'भारत रत्न' के लिए बधाई दी। ● एजेंसी

## एक नजर

### पुणे विस्फोट मामला: आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**मुंबई।** मुंबई की स्थानीय अदालत ने पुणे के जंगली महाराज रोड़ पर अगस्त 2012 में हुए बम विस्फोटों के आरोपी मुनीब मेमन की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। आरोपी मेमन ने मुकदमे में देरी का हवाला देते हुए अदालत से जमानत की गुहार लगायी है। उसने याचिका में कहा कि बॉम्बे उच्च न्यायालय ने सितंबर 2022 में उसकी जमानत याचिका खारिज कर दिया था और अदालत ने विशेष अदालत को दिसंबर 2023 के अंत तक मामला निपटाने का निर्देश दिया था।

### संजय सिंह को शपथ लेने के लिए नहीं बुलाया गया

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में जेल में बंद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राज्य सभा की सदस्यता की शपथ लेने के लिए अभी नहीं बुलाया गया है। सूत्रों ने श्री सिंह के आठ या नौ फरवरी को शपथ लेने संबंधी रिपोर्टों पर मंगलवार को कहा कि उन्हें अभी शपथ लेने के लिए राज्य सभा की ओर से समन नहीं भेजा गया है इसीलिए उनके शपथ लेने का सवाल ही नहीं उठता। सूत्रों ने कहा कि श्री सिंह के राज्य सभा से निलंबन का मामला गत 11 अगस्त को सदन की विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था।

# नेहरू के भाषण की कुछ पंक्तियों को गलत तरीके से पेश किया गया

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर निशाना साधा

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की आलोचना किए जाने के बाद मंगलवार को आरोप लगाया कि मोदी ने नेहरू के एक भाषण की कुछ पंक्तियों को गलत तरीके से पेश किया तथा यह दर्शाता है कि स्वतंत्रता आंदोलन के संघर्षों के प्रति उनके मन में कितनी कटुता है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लोकसभा में लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए अतीत के कुछ प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस और देश के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू की आलोचना की थी।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की आलोचना करते हुए कहा था कि देश के लोगों को उनकी गलतियों की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''भारतीय चेतना के अभिभावक पंडित नेहरू क्या भारतीयों को आलसी मानते थे? कल लोकतंत्र के मंदिर संसद में प्रधानमंत्री मोदी जी ने ठीक यही आरोप पंडित

नेहरू पर लगाया। क्या इसमें जरा सी भी सच्चाई है?'' उन्होंने 15 अगस्त, 1959 को दिए नेहरू के उस भाषण का अंश साझा किया, जिसके एक हिस्से को प्रधानमंत्री ने सोमवार को लोकसभा में उद्धृत किया था। प्रियंका गांधी ने नेहरू को उद्धृत किया, ''जब तक हिंदुस्तान के लाखों गांव नहीं जागते, आगे नहीं बढ़ते तो सिर्फ बड़े शहर हिंदुस्तान को नहीं आगे ले जाएंगे। वे बढ़ेंगे अपनी कोशिश से, अपनी हिम्मत से, अपने ऊपर भरोसा करके। हमारे लोग अपने ऊपर भरोसा करना भूलकर समझते हैं कि और लोग मदद करें।'' उनके मुताबिक, नेहरू ने कहा था, ''मैं चाहता हूं कि लोग बागडोर अपने हाथों में लें।... तरक्की नापने का एक ही गज है कि कैसे हिंदुस्तान के 40 करोड़ लोग आगे बढ़ते हैं... कौम अपनी मेहनत से बढ़ती है।

# कोर्ट ने कैग से डीजेबी के ऑडिट में तेजी लाने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 2018 से 2021 तक के खातों का तेजी से ऑडिट करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें डीजेबी के खातों का ऑडिट करने के लिए कैग को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिका में कहा गया कि डीजेबी का वित्तीय ऑडिट कथित तौर पर पिछले कई वर्षों से नहीं किया गया है। कैग के वकील ने अदालत को सूचित किया कि उन्हें डीजेबी से 2018-19 से 2020-21 के लिए वार्षिक खातों का विवरण प्राप्त हुआ है और वे खातों के ऑडिट की प्रक्रिया में हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने कहा-कैग को कानून के अनुसार डीजेबी के खातों का यथाशीघ्र ऑडिट करने का निर्देश देते हुए रिट याचिका का निपटारा किया जाता है। यह याचिका दिल्ली के भाजपा नेता हरीश खुराना द्वारा दायर की गई थी।

# अदालत ने सिद्धारमैया पर जुर्माना लगाया विशेष अदालत में पेश होने का दिया निर्देश

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ 2022 में दर्ज एक प्राथमिकी को रद्द करने की उनकी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी और उन्हें छह मार्च को सांसद/विधायक (एमपी/एमएलए) के लिए विशेष अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव एवं पार्टी की कर्नाटक इकाई के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, मंत्री एम बी पाटिल और रामलिंगा रेड्डी पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। तत्कालीन पंचायत राज मंत्री के एस ईश्वरप्पा के इस्तीफे की मांग को लेकर यहां तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के आवास का घेराव करने के लिए प्रदर्शन मार्च निकालने के बाद सिद्धरमैया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत विश्व के शीर्ष पांच देशों में

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचार:** अब भारत का विकास विदेशी तकनीक से नहीं, बल्कि स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने इसी सोच पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम का निर्धारण किया है। ओके थीम की शुरुआत केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह को करना था, लेकिन लोकसभा में संसदीय कार्यों की वजह से यह कार्य जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश गोखले, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. अभय करंदीकर, विज्ञान एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद की महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर

नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी अन्य अधिकारियों के साथ। ● अमृत विचार

▸▸ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का नारा होगा "स्वदेशी प्रद्योगिकी"

महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी एवं नेशनल काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी ने बताया कि वर्तमान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत विश्व के शीर्ष पांच देशों में शामिल हो गया है।

इस मौके पर जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. गोखले ने कहा कि अब युवा महिला गरीब एवं किसानों को ध्यान में रखते हुए घरेलू प्रौद्योगिकी को विकसित किया जाएगा, ताकि देश का समग्र कल्याण हो सके।

डॉ. करंदीकर ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 की थीम का लक्ष्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय वैज्ञानिकों की जमात को एक साथ काम करने का नया अवसर प्रदान करना है। इससे वर्ष 2047 तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के मामले में भारत पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो सकेगा। डॉ. कलैसेल्वी ने कहा कि 10 वर्षों में विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने विश्व व्यापी तरक्की की है। वैज्ञानिक शोध ग्रंथों के प्रकाशन में शीर्ष पांच देशों में भारत अपना स्थान बना चुका है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में वर्ष 2015 में भारत की रैंक 81वीं थी, मगर नौ वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए भारत 40वें स्थान पर हैं। यही नहीं, पेटेंट के क्षेत्र में भी भारत ने रिकॉर्ड काम किया है। भारत की पेटेंट फाइलिंग 90,000 को पार कर गई है जो दो दशकों में सबसे अधिक है। कार्यक्रम का संचालन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अपर महानिदेशक शंभूनाथ चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रौद्योगिकी की वजह से भी विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने काफी तरक्की की है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी कम्युनिकेशन की प्रमुख डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के नाम पर देशभर में आज से 4 मार्च तक उत्सव मनाए जाएंगे। दिल्ली में 28 फरवरी को विज्ञान भवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# जुलाई में टी-20 के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी भारतीय टीम

हरारे, एजेंसी

**आयोजन वेस्टइंडीज व अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद**

भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों के साथ छह जुलाई से शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला के लिए जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को यह घोषणा की। इसका आयोजन वेस्टइंडीज व अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के बाद होगा। इसमें हालांकि भारत के मुख्य खिलाड़ियों की भागीदारी की संभावना कम है। सभी पांच मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में 6, 7, 10, 13 और 14 जुलाई को खेले जायेंगे। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को घोषणा की कि जिम्बाब्वे जुलाई में 5 मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की मेजबानी करेगा। यह श्रृंखला 6 से 14 जुलाई 2024 तक हरारे में खेली जाएगी। इसकी पुष्टि जेडसी और बीसीसीआई के बीच चर्चा के बाद हुई, जिसका उद्देश्य दोनों बोर्डों के बीच सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि बीसीसीआई ने वैश्विक क्रिकेट समुदाय में योगदान देने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई है।

# अपने नैसर्गिक खेल से दूर हो रहे जो रूट : कुक

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक का मानना है कि कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम की 'बैजबॉल' योजना में फिट होने की बेताबी के कारण अनुभवी बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में अपने नैसर्गिक खेल से दूर हो रहे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज पिछले कुछ समय से बहुत ही आक्रामक शैली में खेलते हैं जो उनके मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम के खेलने के तरीके से जुड़ा है।

'बैज' मैकुलम का उपनाम है। कुक की कप्तानी में इंग्लैंड की टीम ने 2012 में भारत में टेस्ट श्रृंखला जीती थी। इसके बाद कोई भी विदेशी टीम भारतीय सरजमीं पर टेस्ट श्रृंखला नहीं जीत सकी है। कुक ने कहा कि रूट दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में हर गेंद पर प्रहार करना चाहते थे। वह 10 गेंद की 16 रन की पारी में कभी सहज नहीं दिखे। इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन (12,472) बनाने वाले कुक ने कहा कि वह सभी प्रारूपों में इंग्लैंड का अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है। लेकिन वह इस 'बैजबॉल' युग की खेल की गति के साथ कभी-कभी संघर्ष करता है।

कुक ने कहा कि वह टीम के दूसरे खिलाड़ियों को आक्रामक शॉट खेलते हुए देखता है, जो उन खिलाड़ियों की शैली के अनुरूप है। रूट ने टेस्ट में 11,500 से ज्यादा रन बनाये है। वह शानदार हैं। बेन (स्टोक्स) और ब्रेंडन (मैकुलम) जो कर रहे हैं उसमें जगह बनाने की बेताबी में कभी-कभी वह आक्रामक और रक्षात्मक खेल का सही संतुलन नहीं बना पा रहे हैं। कुक चाहते हैं कि रूट अन्य खिलाड़ियों की तुलना में अपनी स्वाभाविक गति से खेलें। उन्होंने कहा कि वह नौ गेंदों पर 16 रन पर था और वह आम तौर पर इतनी तेजी से बल्लेबाजी नहीं करते हैं। वह आम तौर पर 75 या 80 के बीच स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हैं। इसमें जोखम बेहद कम होता है। टेस्ट मैच में यह स्ट्राइक-रेट भी काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि मुझे रूट को नैसर्गिक बल्लेबाजी करते देखना पसंद है।

# जायसवाल और गिल के प्रदर्शन से टीम जीतने में सफल रही : जहीर

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में भारत की लचर बल्लेबाजी की आलोचना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के व्यक्तिगत प्रदर्शन से टीम दूसरे टेस्ट को जीतने में सफल रही। जायसवाल और गिल ने जहां बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया वहीं जसप्रीत बुमराह ने मैच में नौ विकेट चटकाए जिससे भारत ने दूसरे टेस्ट को 106 रन से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 की बराबर की। जहीर ने कहा कि जब आप टीम को देखते हैं तो कुछ चिंताएं होती हैं - बल्लेबाजी एक ऐसी ही चीज है। हमने अतीत में इन परिस्थितियों में, इस तरह की पिचों पर भारत को बेहतर प्रदर्शन करते देखा है। उन्होंने कहा कि आप अगर इंग्लैंड की दूसरी पारी को देखेंगे तो सिर्फ एक बल्लेबाज अर्धशतक लगा पाया था फिर भी उनकी टीम 300 रन के करीब पहुंचने में सफल रही। समग्र प्रयास से ऐसे नतीजे आते हैं। हमने इस मैच में भारत की ओर से दो शानदार पारियां (जायसवाल और गिल) देखी है लेकिन बल्लेबाजी में अब भी काफी मेहनत करने की जरूरत है।

## खेल डायरी

### उम्मीद है तोक्यो में खेल पाउंगा: मेस्सी

**तोक्यो, एजेंसी।** हांगकांग में इंटर मियामी के फुटबॉल मैच के दौरान बेंच पर बैठे रहने से हुए विवाद के बाद अर्जेंटीना के खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी बुधवार को तोक्यो में जापान के क्लब विस्सेल कोबे के खिलाफ मैदान में उतर सकते हैं। इससे पहले रविवार को हांगकांग में मेस्सी के नहीं खेलने से नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। इस बहुचर्चित प्रदर्शनी मैच के दौरान प्रशंसकों ने इंटर मियामी के सह मालिक डेविड बेकहम की आलोचना की और पैसे वापसी की मांग की क्योंकि मेस्सी पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण एक स्थानीय टीम के खिलाफ मैच के दौरान पूरे 90 मिनट बेंच पर बैठे रहे। इंटर मियामी टीम के उनके साथी खिलाड़ी लुईस सुआरेज भी मुकाबले के दौरान बेंच पर रहे। इंटर मियामी से जुड़ने के बाद मेस्सी आम तौर पर मीडिया से बचते रहे है लेकिन मंगलवार को वह संवाददाता सम्मेलन में पहुंचे।

### इंग्लैंड ने दिव्यांग टी-20 क्रिकेट में भारत को हराया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** कैलम फ्लिन के हरफनमौला खेल से इंग्लैंड की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला के अंतिम मुकाबले में मंगलवार को यहां भारत को 22 रन से शिकस्त दी। इस हार के बावजूद श्रृंखला 3-2 से भारत के नाम रही। फ्लिन ने 43 गेंद में 53 रन की पारी खेलने के बाद 13 रन देकर दो विकेट चटकाए। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद फ्लिन और लियाम ओ'ब्रायन (28 गेंदों पर 45 रन) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 152 रन बनाए। भारत के लिए रविंद्र साठे ने 4 ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 7 विकेट पर 130 रन ही बना सकी। टीम के लिए कप्तान विक्रांत केनी ने 49 गेंद में सबसे ज्यादा 45 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए डेनियल रिकी हैम ने 3 विकेट लिए। फ्लिन मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुने गए।

### एफए कप की तर्ज पर सुपर कप कराने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के प्रमुख नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंटों में शामिल सुपर कप का आयोजन आगामी सत्र से नए प्रारूप में इंग्लैंड के एफए कप के समान होगा। सुपर कप से टीमों को एएफसी चैंपियंस लीग 2 में स्थान हासिल करने का मौका मिलता है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने आगामी सत्र के लिए अपने कैलेंडर में सुपर कप के लिए एक अक्टूबर 2024 से 15 मई, 2025 की तारीख तय की है। सुपर कप ने 2018 में देश के शीर्ष नॉकआउट टूर्नामेंट फेडरेशन कप की जगह ली थी। इससे पहले इसका आयोजन आम तौर पर एक महीने से कम समय में होता था। एआईएफएफ के एक सूत्र ने बताया कि एआईएफएफ इस सत्र से एफए कप (इंग्लैंड का) की तरह सुपर कप का आयोजन करना चाहता है। यही कारण है कि इसके लिए सात महीने से अधिक की विंडो (समय) है।

### बुंदेलखंड हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेंगी देश की 16 टीमें

**महोबा, एजेंसी।** यूपी के महोबा जिले मे 12 फरवरी से शुरू होने वाले 75वें अखिल भारतीय बुंदेलखंड हाकी टूर्नामेंट में देश की 16 टीमें हिस्सा लेंगी। हॉकी फेडरेशन से सम्बद्ध आयोजन समिति के चेयरमैन कुलदीप भटनागर ने मंगलवार को बताया कि चरखारी के डाक बंगला ग्राउंड मे आयोजित टूर्नामेंट में रेलवे लखनऊ, जामिया दिल्ली, करमपुर .गाजीपुर, विवेक अकादमी वाराणसी, नेशनल स्पोर्ट्स क्लब प्रयागराज, डीएचए इटावा, सांई एक्सीलेंसी इंफ़ाल . मणिपुर, एएलबीएम झांसी, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, स्टेडियम बांदा, रेलवे भुसावल की टीमों के अलावा नागपुर, जयपुर और सागर की टीमे प्रतिभाग करेंगी। इनका स्वीकारोक्ति पत्र प्राप्त हो गया है। इन टीमों की ओर से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी मैदान पर नजर आयेंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 18 फ़रवरी को खेला जाएगा। पहले इस टूर्नामेंट के आयोजन की तिथियां दो से आठ फ़रवरी तक निर्धारित की गयी थी जिन्हे अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया था।

# इंग्लैंड के पास नहीं था बुमराह की जादुई स्पेल का कोई जवाब: हुसैन

## भारतीय गेंदबाज के प्रदर्शन से भारत ने 106 रन की जीत से की श्रृंखला में वापसी

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में जसप्रीत बुमराह की जादुई स्पेल ने बड़ा अंतर पैदा किया, जिसका मेहमान टीम के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। सभी प्रारूपों में भारत के पसंदीदा गेंदबाज बुमराह के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने 106 रन की जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला में शानदार वापसी की।

उन्होंने ने इंग्लैंड की पहली पारी में रिवर्स स्विंग का शानदार नजारा पेश करते हुए 6 विकेट चटकाए। दूसरी पारी में उन्हें तीन सफलता मिली। बुमराह ने इस मैच में 91 रन देकर नौ विकेट लिए। हुसैन ने एक सोशल मीडिया साइट पर लिखा, मुझे लगता है कि दोनों टीमों के बीच में बुमराह की जादुई गेंदबाजी ने बड़ा अंतर पैदा किया था। उन्हें आज (सोमवार) तीन विकेट मिले, लेकिन पहली पारी में उन्होंने अविश्वसनीय स्पैड डाल कर 45 रन पर छह विकेट लिये थे। इससे इंग्लैंड की टीम सपाट पिच पर 253 रन पर आउट हो गई। विशाखापत्तनम में भारत की जीत में बुमराह की गेंदबाजी और युवा यशस्वी जयसवाल (209 रन) का पहली पारी में दोहरा शतक मुख्य आकर्षण थे। हुसैन का मानना है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पास बुमराह की इस गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं था। उन्होंने कहा कि कभी-कभी आप अपनी टीम के प्रति आलोचनात्मक हो सकते हैं, अपने प्रदर्शन को देखकर कह सकते हैं, 'हम इससे बेहतर क्या कर सकते थे?' लेकिन कभी-कभी आपको प्रतिद्वंद्वी टीम का सम्मान करना पड़ता है और कहना पड़ता है कि उनकी प्रतिभा ने उन्हें प्रभावित किया है। हुसैन ने कहा कि बिल्कुल वैसा ही हुआ। इंग्लैंड की पहली पारी में बुमराह का वह स्पैल शानदार था। रिवर्स स्विंग, अपने थोड़े अपरंपरागत एक्शन के साथ और जिस तरह से वह ऑफ साइड की ओर झुकते हैं उससे अच्छा कोण बनता है।

**भारतीय तेज गेंदबाज ने खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 91 रन देकर नौ विकेट लिए**

# बुमराह का सामना करने का तरीका ढूंढ़ेंगे: मैकुलम

नई दिल्ली, एजेंसी

जसप्रीत बुमराह ने दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार स्पेल से इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया लेकिन टीम के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम को उम्मीद है कि उनके खिलाड़ी इस अनुभवी भारतीय तेज गेंदबाज के खतरे से निपटने का कोई रास्ता निकालेंगे।

बुमराह ने 45 रन पर छह विकेट चटकाकर इंग्लैंड को बैकफुट पर धकेल दिया था। इससे इंग्लैंड की पहली पारी महज 253 रन पर सिमट गयी थी। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान मैकुलम खिलाड़ी के तौर पर खुद भी आक्रामक बल्लेबाजी करते थे। मैकुलम ने कहा कि हम वास्तव में सिद्धांतों पर काम नहीं करते हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे है कि हमारे खिलाड़ी मौजूदा समय में रहे और वे अपने तरीके पर भरोसा करे। वे इस मामले में मुझसे कहीं बेहतर हैं और वे इस पर काम करेंगे कि इससे निपटने का सबसे अच्छा तरीका क्या है। उन्होंने कहा कि इस बारे में उनका तरीका बिलकुल अलग हो सकता है। हम देखेंगे कि हम क्या हासिल कर पाते है। अभी के लिए हमें जसप्रीत की तारीफ करनी होगी और कहना होगा कि वह स्पैल (दूसरे टेस्ट की पहली पारी में) बेहद ही शानदार था। मैकुलम ने बुमराह के कौशल की तारीफ करते हुए कहा कि उसके पास हर परिस्थिति में गेंदबाजी करने की काबिलियत है। गेंद जब स्विंग होती है तो वह ज्यादा खतरनाक होता है। वह कमाल का गेंदबाज है। वह अपनी तरह का इकलौता गेंदबाज है और हवा से काफी स्विंग हासिल करता है।इसमें कोई शक नहीं कि वह अच्छा गेंदबाज हैं, लेकिन हमने 18 महीनों में अच्छे गेंदबाजों का सामना किया है और उनका मुकाबला करने के तरीके ढूंढे हैं।

# भारत में दक्षिण एशिया की पहली महिला हैंडबॉल लीग का अनावरण

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में मंगलवार को यहां दक्षिण एशिया की पहली पेशेवर महिला हैंडबॉल लीग (डब्ल्यूएचएल) का अनावरण किया गया जिसमें छह टीम हिस्सा लेंगी। दक्षिण एशिया की इस पहली महिला पेशेवर हैंडबॉल लीग में भारत के अलावा एशिया, यूरोप और अफ्रीका की स्टार खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। मंगलवार को यहां एक कार्यक्रम में लीग के लोगो का अनावरण भी किया गया। इस लीग का आयोजन दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ और एशियाई हैंडबॉल महासंघ के तत्वावधान में भारतीय हैंडबॉल संघ के सहयोग से किया जाएगा। पावना स्पोर्ट्स वेंचर इस लीग के प्रमोटर हैं। पावना स्पोर्ट्स वेंचर की कार्यकारी निदेशक प्रिया जैन ने लीग का अनावरण करते हुए कहा कि लीग में छह टीम हिस्सा लेंगी और यह भारतीय महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार में अहम भूमिका निभा सकती है। हमने लीग को जनवरी 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य बनाया है। भारतीय हैंडबॉल संघ के लीग चेयरमैन और दक्षिण एशियाई हैंडबॉल महासंघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडे ने कहा कि इस लीग के शुरू होने से महिला खिलाड़ियों को काफी बढ़ावा मिलेगा।

# न्यूजीलैंड ने ली द. अफ्रीका पर 528 रन की बढ़त

माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड), एजेंसी

पूर्व कप्तान केन विलियमसन की मैच में दूसरी शतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका पर 528 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली है। दिन का खेल खत्म होते समय न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 179 रन था।

डेरिल मिशेल (11) और टॉम ब्लंडेल (पांच) क्रीज पर मौजूद है। विलियमसन टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले न्यूजीलैंड के पांचवें बल्लेबाज है। उनसे पहले ग्लेन टर्नर, ज्योफ हॉवर्थ, एंड्रयू जोन्स और पीटर फुल्टन ने इस कारनामें को किया है। उन्होंने 132 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का की मदद से 109 रन बनाये। विलियमसन ने पहली पारी में 100 रन तक पहुंचने के लिए 241 गेंद लिये थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी इसके लिए महज 125 गेंद लिये। टेस्ट क्रिकेट में यह उनका 31वां शतक है। वह नील ब्रांड की गेंद पर क्लाइड फोर्टुइन द्वारा स्टंप आउट हुए। अपने 97 टेस्ट में विलियमसन सिर्फ तीसरी बार इस तरह से आउट हुए हैं।




# शास्त्रीय संगीत सीख रहे आमिर

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत सीख रहे हैं। आमिर खान इन दिनों शास्त्रीय संगीत का प्रशिक्षण ले रहे हैं। आमिर खान ने बताया, आजकल मैं सिंगिंग सीख रहा हूं। मेरे हाथ में आप धागा देख रहे हैं, वह मेरी आधिकारिक गुरु सुचेता बसरूर जी ने बांधा है। मैं उनका शिष्य बना हूं। मैं उनसे भारतीय शास्त्रीय संगीत सीख रहा हूं। मैं उनसे पिछले चार-छह महीनों से सीख रहा हूं। आमिर खान ने फिल्म लाल सिंह चड्ढा की असफलता के बाद अभिनय से दूरी बना ली थी। आमिर अब भिनय में दोबारा वापसी कर चुके हैं। आमिर खान ने कहा,मैंने दो वर्षों का अच्छा इस्तेमाल किया है। अपने परिवार के साथ खूब वक्त गुजारा।अब मैं काम करने के लिए तैयार हूं। एक फरवरी से मेरी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है।

### सारेगामा ने माही का पहला सिंगल 'सॉरी' लॉन्च किया



**मुंबई, एजेंसी।** आरपीएसजी समूह की कंपनी, भारत का प्रमुख म्यूज़िक लेबल, सारेगामा ने माही का पहला सिंगल 'सॉरी' लांच किया। माही ने सॉरी गाना को न केवल लिखा है बल्कि अपनी भावपूर्ण आवाज भी दी है। यह गाना एक युवा लड़के द्वारा अपनी प्रेमिका से किए गए वादे को परिभाषित करता है जिसे उसने पूरा नहीं किया और अपनी गलतियों के लिए माफी मांगने के लिए वह अनोखे तरीकों का इस्तेमाल करता है। माही का पहला सिंगल 'सॉरी' अब सारेगामा म्यूजिक यूट्यूब चैनल और अन्य सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

# सोनाली ने की अभिनेता मोहनलाल की तारीफ

'मलाईकोट्टई वालिबन' में अपने काम के लिए सराहना पाने वाली अभिनेत्री सोनाली कुलकर्णी ने मलयालम सिनेमा के दिग्गज मोहनलाल के साथ काम करने को लेकर अपना अनुभव शेयर किया। उन्होंने मलयालम मेगास्टार की उदारता के बारे में एक घटना सुनाई। उसी पर विस्तार से बताते हुए अभिनेत्री ने कहा कि मोहनलाल सर के साथ सहयोग करना सिनेमाई दुनिया का बेहतर अनुभव था। जैसलमेर में सेट पर पहली मुलाकात से ही उनके गर्मजोशी भरे स्वागत ने मेरे लिए एक असाधारण यात्रा की रूपरेखा तैयार कर दी थी। अभिनेत्री ने कहा कि ठंडी रेगिस्तानी हवाओं के बीच अपने एक्शन सीक्वेंस शूट के दौरान उन्होंने मेरे आराम के प्रति चिंता जाहिर की, जो उनके उदारता और सौहार्द का प्रतीक थी। इस शूटिंग के दौरान मैंने प्रत्यक्ष रूप से उनकी प्रतिबद्धता देखी, हर एक्शन सीक्वेंस उनके स्थायी जुनून का प्रमाण था। उन्होंने न केवल मेरे काम को पहचाना बल्कि मेरे हालिया लोकप्रिय गीतों की बारीकियों के बारे में भीबात की। अभिनेत्री ने निर्देशक लिजो जोस पेलिसरी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि लिजो सिनेमाई ब्रह्मांड में अप्रत्याशित आदर्श बन गए हैं। उनके साथ काम करना एक उत्साहजनक अनुभव है, जो सहजता और आश्चर्य से भरा है। लिजो की दुनिया में मेरी यात्रा उसकी कहानियों में आए मोड़ों की तरह अप्रत्याशित रूप से शुरू हुई। मैंने कभी उनके निर्देशन में मलयालम फिल्म में काम करने की कल्पना नहीं की थी। यहां मैं एक ऐसा सपना जी रही हूं, जिसे मैंने कभी पूरा होते नहीं देखा था।

# फिल्म जर्नी में नाना पाटेकर संग काम करना शानदार: भक्ति

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री भक्ति राठौड़ का कहना है कि फ़िल्म जर्नी में नाना पाटेकर के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा है। अनिल शर्मा निर्देशित -निर्मित, जर्नी में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा, राजेश शर्मा, अश्विनी कालसेकर, राजपाल यादव जैसे कई कलाकार हैं।इस फिल्म में भक्ति राठौड़ ने नाना पाटेकर की सबसे बड़ी बहू मंजरी का किरदार निभाया है। फिल्म का पहला शेड्यूल बनारस के हर में शूट किया गया था, और अब, टीम दूसरा शेड्यूल हिमाचल प्रदेश में कर रही है। नाना पाटेकर के साथ काम करने को लेकर भक्ति राठौड़ ने कहा,नाना सर के साथ काम करना बहुत स्वाभाविक लगता है। उनके साथ दृश्य करना बहुत आसान है। वास्तव में, शूटिंग के पहले दिन के भीतर ही हम एक परिवार बन गए। हम ऑफ-स्क्रीन एक-दूसरे के साथ मजाक करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कैमरे पर बहुत अच्छी केमिस्ट्री बनती है।

### राकेश मिश्रा का गाना हवेली पा रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायक-अभिनेता राकेश मिश्रा का गाना हवेली पा रिलीज हो गया है। हवेली पा गाना एसआर के म्यूजिक के ऑफिसियल यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। यह गाना राकेश मिश्रा और शिल्पी राज ने गाया है। राकेश मिश्रा ने कहा कि गाना धांसू है। इस गाने को हमने बड़े लेवल से बनाया है। शिल्पी राज के साथ कोई भी प्रोजेक्ट करने में बेहद मजा आता है . गाने में मजेदार डांस भी है। उम्मीद करते हैं कि यह गाना आपको बेहद पसंद आने वाली है। हम भोजपुरी दर्शकों से अपील कर रहे हैं कि आप सभी इस गाने को खूब बड़ा बनाये। गाना हवेली पा के म्यूजिक वीडियो में पूजा ठाकुर के साथ राकेश मिश्रा हैं। इस गाने के गीतकार दीपक ब्याहुत और खबरी लाल गुप्ता हैं। संगीतकार आर्या शर्मा हैं। कोरियोग्राफर एम के गुप्ता जॉय और डीआई हमिंग बर्ड वीएफएक्स है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# बेहद नाजुक है अभी चंद्रमा की धरती

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार:** चंद्रमा की भूगर्भीय स्थिति बेहद नाजुक है। भूकंप से इसकी धरती कांपती रहती है और इसका सिकुड़ना भी जारी है। दक्षिणी ध्रुव कंही उथला है और कुछ हिस्सा फिसलनभरा है। नासा के आर्टेमिस मैन मून मिशन अभियान को लेकर किए गए शोध में यह जानकारी सामने आई है।

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा आगामी वर्षों में इंसान के एक दल को चन्द्रमा पर भेजने जा रहा है। इस मिशन का नाम आर्टेमिस है। जिस स्थान पर दल को उतारा जाना है, नासा उस जगह का चयन भी कर चुका है। लैंडिंग स्थलों की अधिक जानकारी को लेकर हाल में किए शोध में कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली हैं। शोध मे दावा किया है कि चंद्रमा सिकुड़ रहा है। इसके दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रमा के भूकंप उत्पन्न हो रहे हैं। चंद्रमा के इसी स्थान पर नासा अपने मानव दल को भेजने की योजना बना रहा था। अध्ययन में कहा गया है कि चंद्रमा के आंतरिक भाग धीरे-धीरे ठंडा होने के कारण सिकुड़ रहा है। भूगर्भीय हलचल के कारण भूकंप आ रहे हैं। इसके अलावा भी कुछ दोष उस हिस्से में पाए गए हैं, जहां आर्टेमिस का मानव यान लैंड करने जा रहा है। इस शोध के बाद नासा को लैंडिंग का स्थान बदलना पड़ सकता है। बहरहाल इस संदर्भ में नासा ने अभी कोई टिप्पणी नही की है। मगर इतना तो तय है कि शोध के अनुसार इस जमीन पर इंसानो को उतारना सुरक्षित नही हो सकता।

चंद्रमा के सिकुड़ती सतह की तस्वीर।

### चंद्रमा के गर्भ में झांकने की क्षमता रखता है चंद्र टोही ऑर्बिटर

**नैनीताल :** नासा के चंद्र टोही ऑर्बिटर (एलआरओ) के जरिये चंद्रमा की धरती की तमाम जानकारी मिल पाई है। यह ऑर्बिटर चाँद के थ्रस्ट दोष, भू-आकृतियाँ, संकुचन बल परत, भ्रंश आदि को देख सकता है। नया शोध वाशिंगटन, डी.सी. में स्मिथसोनियन इंस्टीट्यूशन के टॉम वॉटर्स, पीयर-रिव्यूड प्लैनेटरी साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है।

## पासपोर्ट धोखाधड़ी के लिए भारतीय अमेरिकी को ठहराया दोषी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की नागरिकता हासिल करने के उद्देश्य से फर्जी दस्तावेज दाखिल करने और झूठ बोलने के लिए एक भारतीय अमेरिकी को दोषी पाया गया है। अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन ने इस बात की जानकारी दी।

होमलैंड सिक्योरिटी इन्वेस्टीगेशन्स (एचएसआई) द्वारा जांच के बाद फ्लोरिडा में रह रहे जयप्रकाश गुलवाडी (51) को गैर कानूनी तरीके से नागरिकता हासिल करने, नागरिकता के सबूतों का दुरुपयोग करने, पासपोर्ट के आवेदन में झूठा बयान देने और झूठा बयान देकर बनवाए गये पासपोर्ट का इस्तेमाल करने का दोषी पाया गया है। गुलवाडी को अधिकतम 10 वर्ष की कैद की सजा हो सकती है।

## 50 दिनों में श्रीलंका पुलिस ने 56,000 संदिग्ध किए गिरफ्तार

**कोलम्बो।** श्रीलंका में राष्ट्रीय अपराध विरोधी अभियान के दौरान पुलिस ने 50 दिनों में आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के मामले 56,000 से ज्यादा संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। श्रीलंका के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने कहा कि गिरफ्तार किए गए संदिग्धों में से 49,558 को मादक पदार्थ संबंधी मामलों में गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य लोगों को अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने की आशंका पर गिरफ्तार किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि संदिग्धों की जब्त की गई संपत्तियों का कुल मूल्य लगभग 72.5 करोड़

रुपये (लगभग 23 लाख अमेरिकी डॉलर) आंका गया है। इसके साथ ही जब्त दवाओं का अनुमानित बाजार मूल्य 7.73 अरब रुपये (लगभग 2.5 करोड डॉलर) बताया गया है। गौरतलब है कि श्रीलंका पुलिस ने देश में मादक पदार्थों की तस्करी और संगठित आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गत 17 दिसंबर से एक अभियान की शुरूआत की है।

## सिंगापुर हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के अधिकारी का सम्मान

**सिंगापुर।** सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर भारतीय मूल के एक विमानन सुरक्षा अधिकारी को जर्मनी की 87 वर्षीय एक यात्री की सहायता करने के लिए सम्मानित किया गया है।

हरेश चंद्रन को चांगी हवाई अड्डे के वार्षिक समारोह में 2023 के लिए 'सर्विस पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चंद्रन को 22 दिसंबर, 2022 को चांगी हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर गिरने वाली जर्मन यात्री की उत्कृष्ट सहायता करने के परिणामस्वरूप यह पुरस्कार मिला है। यात्री की चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के अलावा, चंद्रन ने उसके पति के लिए आवास की व्यवस्था की, रीबुकिंग शुल्क माफ करने के लिए एयरलाइन के साथ संपर्क किया।

## एक नजर

### कजाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री बने ओल्जास बेक्टेनोव

**अस्ताना।** कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने मंगलवार को कजाकिस्तान गणराज्य में ओल्जास बेक्टेनोव को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। कजाकिस्तान की सत्तारूढ़ अमानत पार्टी ने ओल्जास बेक्टेनोव की उम्मीदवारी का प्रस्ताव रखा, जो पहले राष्ट्रपति प्रशासन के प्रमुख के रूप में कार्य करते थे। टोकायेव ने कजाकिस्तान की संसद के निचले सदन माजलिस के पूर्ण सत्र के दौरान पार्टी गुटों के नेताओं के साथ बेक्टेनोव की उम्मीदवारी पर चर्चा की। टोकायेव ने बाद में बेक्टेनोव को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया। गौरतलब है कि कजाकिस्तान की सरकार ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया था।

### चिली: जंगल में लगी आग से मरने वालों की संख्या 122 हुई

**सैंटियागो।** चिली के मध्य क्षेत्र वालपराइसो के जंगल में लगी आग में मृतकों की संख्या बढ़कर 122 हो गई है। चिली सरकार ने मंगलवार को बताया कि दक्षिण अमेरिकी देश की फोरेंसिक एजेंसी लीगल मेडिकल सर्विस के अनुसार 122 मृतकों में से केवल 32 की ही पहचान हो पाई है और 40 शवों का पोस्टमार्टम किया जा चुका है। जंगल में लगी आग को बुझाने के लिए बड़े पैमाने पर दमकल कर्मियों को तैनात किया गया है। वालपराइसो क्षेत्र में लगी आग से 11 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि जल गई है और छह हजार मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। फिलहाल, जंगल में लगी आग के कारणों की जांच जारी है।

### रूस-तुर्किए के बीच होगी राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार पर चर्चा

**अंकारा।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन पुतिन की आगामी तुर्किए यात्रा के दौरान राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक ने तुर्किए के राष्ट्रपति प्रशासन के एक सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। क्रेमलिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने पहले कहा था कि पुतिन फरवरी में तुर्किए का दौरा करेंगे। सूत्र ने कहा कि यह आर्थिक एजेंडे में से एक है। नेता हमेशा इस विषय को हैं और प्रासंगिक आंकड़ों में रुचि रखते हैं। निस्संदेह, हमारी मुद्राओं (लीरा और रूबल) में व्यापार के क्षेत्रों के विस्तार पर द्विपक्षीय सहयोग की संभावनाएं हैं और इस पर चर्चा की जाएगी।

### तुर्की की अदालत में हमले का प्रयास, दो हमलावर मारे गए, पांच घायल

**इस्तांबुल।** तुर्की के इस्तांबुल में मंगलवार को एक अदालत परिसर पर हमला करने की कोशिश के दौरान दो व्यक्तियों को मार गिराया गया। यह जानकारी तुर्की के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने दी। येरलिकाया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि सुबह कैग्लायन अदालत परिसर में एक सुरक्षा चौकी पर हमला करने के प्रयास के दौरान एक पुरुष और एक महिला मारे गए। मंत्री ने बताया कि इस घटना में तीन पुलिस अधिकारियों सहित पांच लोग घायल हो गए। उन्होंने कहा, मैं हमारे वीर पुलिस अधिकारियों को बधाई देता हूं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। कैग्लायन इस्तांबुल शहर के यूरोपीय हिस्से में कागिथेन जिले में एक विशाल अदालत परिसर है।

### दक्षिण अफ्रीका में हैजा के 46 मामले

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक जनवरी से एक फरवरी के बीच हैजा के 46 मामले दर्ज किए गए। दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला ने मंगलवार को बताया कि पांच मामले प्रयोगशाला द्वारा पुष्टि किए गए हैं और इनमें से तीन मामले पड़ोसी देश जिम्बाब्वे से आए हैं, जो वर्तमान में डायरिया बीमारी के प्रकोप से जूझ रहा है, जबकि अन्य दो भाई-बहन हैं। उन्होंने कहा कि पुष्टि किए गए मामलों में से चार लिम्पोपो प्रांत में पाए गए, और दूसरे की पुष्टि गौतेंग प्रांत में हुई। हैजा संक्रमण के प्रसारण को रोकने के लिए नियंत्रण उपायों को स्थापित करने के लिए स्थानीय प्रकोप प्रतिक्रिया टीमों को सक्रिय किया गया है। हैजा के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर स्वास्थ्य सुविधाओं से सतर्क रहने का आग्रह किया गया है।

इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए ब्लिंकन ने की मिस्र के नेताओं से मुलाकात

# बंधकों की रिहाई पर दिया जोर

काहिरा, एजेंसी

मिस्र के नेताओं और अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए मंगलवार को काहिरा में मौजूद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि उग्रवादियों से बंधकों को छुड़ाने के बदले इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम के लिए वार्ता करने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

इजराइल ने संकेत दिए हैं कि गाजा में जारी लड़ाई फैलकर मिस्र सीमा तक पहुंच सकती है, जिसको लेकर मिस्र में बढ़ती चिंताओं के बीच ब्लिंकन ने यह यात्रा की है। मिस्र सीमा पर फिलहाल बड़ी तादाद में विस्थापित फलस्तीनी शरण लिए हुए हैं। इजराइली रक्षा मंत्री ने कहा है कि इजराइल के हमले अंततः मिस्र की सीमा पर रफाह शहर तक पहुंच जाएंगे। गाजा की 23 लाख की आबादी में से आधे से अधिक लोगों ने रफाह शहर में शरण ले रखी है है और वे दयनीय परिस्थितियों में रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को कहा कि गाजा छोड़ने का इजराइल का आदेश अब दो तिहाई क्षेत्र पर लागू हो गया है, जिसके चलते हर दिन हजारों लोग सीमावर्ती क्षेत्रों की ओर जा रहे हैं। मिस्र ने आगाह किया है कि सीमा पर इजराइली सैनिकों की तैनाती से दोनों देशों के बीच चार दशक पहले हुआ शांति समझौता खतरे में पड़ जाएगा। मिस्र को डर है कि लड़ाई के रफाह क्षेत्र तक फैलने से भयभीत फलस्तीनी नागरिक सीमा पार करके मिस्र में दाखिल हो सकते हैं। ब्लिंकन ने मंगलवार को मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी से मुलाकात की। वह कहते रहे हैं कि कि फिलिस्तीनियों को गाजा से बाहर नहीं निकाला जाना चाहिए। ब्लिंकन अपनी इस यात्रा के दौरान संघर्षविराम समझौते, इजराइल और सऊदी अरब के बीच संबंधों को सामान्य बनाने और क्षेत्रीय लड़ाई को बढ़ने से रोकने पर जोर दे रहे हैं। हालांकि तीनों मुद्दों पर ब्लिंकन बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। हमास और इजराइल संभावित संघर्षविराम के लिए तैयार नहीं हैं

### फिलिस्तीनियों के साथ दो-राज्य समाधान ही एकमात्र रास्ता

**बर्लिन।** जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि फिलिस्तीनियों के साथ दो-राज्य समाधान क्षेत्र में स्थायी शांति का एकमात्र रास्ता है। स्कोल्ज ने कहा कि सरकार केवल बातचीत के जरिए दो-राज्य समाधान से ही मध्य पूर्व संघर्ष के स्थायी समाधान की संभावना खुलेगी। यह गाजा और वेस्ट बैंक दोनों पर लागू होना चाहिए। रूस की ओर से बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ टेलीफोन पर बात की।

### द. लेबनान में हवाई हमला, तीन की मौत, दो घायल

**बेरूत।** इजराइली युद्धक विमान ने सोमवार को अपराह्न में दक्षिणी लेबनान के एक गांव में एक घर पर बमबारी की, जिसमें लेबनान के शिया अमल आंदोलन के तीन सदस्य मारे गए और दो नागरिक घायल हो गए। चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने लेबनानी चिकित्सा एवं सुरक्षा सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। सिविल डिफेंस एवं मुस्लिम स्काउट एसोसिएशन के आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि हवाई हमले ने बेयट लिफ गांव को निशाना बनाया। हमले के बाद राहत एवं बचावकर्मी और एम्बुलेंस मलबे को हटाने और हताहतों को नजदीकी अस्पताल में ले जाने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। चिकित्सा सूत्रों ने बताया कि अल-जिबिन के एक अन्य गांव को निशाना बनाकर किए गए इजराइली हमले में छर्रे लगने से दो एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गईं। इस बीच, लेबनानी सैन्य सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि इजरायली सेना ने दक्षिणी लेबनान के पश्चिमी और मध्य क्षेत्रों को निशाना बनाकर 14 हवाई हमले किए और क्षेत्र के 18 कस्बों और गांवों पर लगभग 100 गोले दागे। उल्लेखनीय है कि लेबनान-इजराइल सीमा पर गत आठ अक्टूबर, 2023 से तनाव बढ़ गया है।

### अमेरिका गठबंधन बल का उत्तरी यमन पर हमला

**सना।** अमेरिका-ब्रिटेन गठबंधन बल ने मंगलवार तड़के पहले यमन के उत्तरी प्रांत सादा पर तीन हवाई हमले किए। हाउती संचालित अल-मसीरा मीडिया के अनुसार हमलों में प्रांत की राजधानी के पूर्वी हिस्से में साइटों को निशाना बनाया गया। हवाई हमले लाल सागर की ओर एक कथित मिसाइल हमले के बाद हुए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने यमन में दो हाउती विस्फोटक गैर-चालक दल वाले वाहनों पर हमला किये जाने की पुष्टि की और कहा कि यह हमला क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों और व्यापारी जहाजों के लिए एक आसन्न खतरे के मद्देनजर किया गया। सेंट्रल कमांड ने कहा है कि हवाई हमले 12 जनवरी से वाशिंगटन और लंदन की ओर से जारी सैन्य प्रतिक्रिया का हिस्सा हैं, जिसमें सना और अन्य उत्तरी प्रांतों के हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों को लक्षित किया गया है। कथित तौर पर ये कार्रवाई लाल सागर में वाणिज्यिक नौवहन पर हाउती हमलों के प्रतिशोध में हैं।

# पीपीपी चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमला, तीन बच्चे घायल

क्वेटा, एजेंसी

बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा के औद्योगिक शहर के पास में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर ग्रेनेड हमले में तीन बच्चे घायल हो गए। अज्ञात हमलावरों ने प्रस्तावित मतदान केंद्रों सहित छह अन्य स्थानों पर भी सोमवार को ग्रेनेड हमले किए।

डॉन समाचार पत्र ने पुलिस के हवाले से मंगलवार को कहा कि अज्ञात मोटरसाइकिल चालकों ने जुम्मा खान होटल के पास पीपीपी के बलूचिस्तान विधानसभा उम्मीदवार मीर अली हसन जेहरी के चुनाव कार्यालय पर हमला किया। विस्फोट चुनाव शिविर के करीब हुआ, जिसमें तीन बच्चे घायल हो गए। विस्फोट के तुरंत बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल बच्चों को हब के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जब ग्रेनेड विस्फोट हुआ तब श्री जेहरी चुनाव शिविर में मौजूद नहीं थे। बाद में घायल बच्चों को कराची के जियाउद्दीन अस्पताल में रेफर कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि एक और ग्रेनेड हमला पीपीपी उम्मीदवार के चुनाव कार्यालय पर हुआ जो चुनाव कार्यालय के करीब ही फट गया। हमले में कोई हताहत नहीं हुआ तथा इसमें केवल शिविर क्षतिग्रस्त हुआ। रक्सान डिवीजन के खारन इलाके में तीन विस्फोट हुए जहां अज्ञात हथियारबंद लोगों ने मतदान केंद्रों के लिए प्रस्तावित स्कूल भवनों को निशाना बनाया। ग्रेनेड हमलों में स्कूल सहित कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

### खैबर पख्तूनख्वा में मार गिराए दो आतंकवादी

**उत्तरी वजीरिस्तान।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में सेना की कार्रवाई में दो आतंकवादी मारे गए। सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी वक्तव्य के मुताबिक सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद कल रात अभियान चलाया। इसी दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई। मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गये जिनमें से एक की पहचान अयूबुल्लाह मंसूर के रूप में की गई है। पाकिस्तानी सेना ने मौके से भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए हैं। आतंकवादियों और सेना के बीच यह मुठभेड़ डेरा इस्माइल खान के एक पुलिस थाने पर आतंकवादी हमले में 10 पुलिस अधिकारियों के मारे जाने और अन्य छह के घायल होने के एक दिन बाद हुई।

### पाकिस्तानी ने अरब सागर में फंसे भारतीय नागरिकों को दी मदद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा है कि उसके नौसेना के अधिकारियों और समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने अरब सागर में फंसे नौ भारतीय नागरिकों को समय पर मदद करके भारी राहत पहुंचाई। पाकिस्तानी सेना द्वारा हा गया कि भारतीय जहाज सैस फाइव से प्राप्त संकट की स्थिति की सूचना के बाद संयुक्त खोज और बचाव अभियान शुरू किया गया था। जहाज तकनीकी समस्या के कारण भटक गया था।यह जहाज चार फरवरी को भारत के दाभोल बंदरगाह से शारजाह के लिए रवाना हुआ था। इस दौरान इंजन में खराबी आ गई, जिससे जहाज पर सवार नौ भारतीय नागरिक 24 घंटे से अधिक समय तक समुद्र में फंसे रहे। बयान में कहा गया कि संकट की स्थिति की कॉल पर तत्काल कदम उठाते हुए सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने सफल बचाव अभियान चलाया और फंसे हुए चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए तकनीकी मुद्दों का समाधान किया।

# पीटीआई समर्थित महिला प्रत्याशी आतंकवाद के मामले में आरोपित

लाहौर, एजेंसी

पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ के खिलाफ चुनाव लड़ रही पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित महिला उम्मीदवार को मंगलवार को आतंकवाद मामले में अभ्यारोपित किया गया।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अधिकारियों द्वारा आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले खान की पार्टी के नेताओं और समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है। इसी के परिणाम स्वरूप यह कार्रवाई सामने आई है। पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने पीटीआई का ऐतिहासिक चुनाव चिन्ह 'बल्ला' वापस लेने का फैसला किया था। आयोग के इस फैसले को उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा था, जिसके चलते पीटीआई के उम्मीदवार निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। सेना से टकराव का सामना कर रही पीटीआई के निर्दलीय उम्मीदवारों को अपने-अपने चुनाव क्षेत्रों में प्रचार करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रहे शरीफ (74) लाहौर की एनए-130 सीट से चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर उनका मुकाबला पीटीआई समर्थित मजबूत उम्मीदवार डॉक्टर यास्मीन रशीद से है।

पुलिस की निगरानी में आगामी आम चुनाव के लिए मतपेटियों को तैयार करते लोग। ● एजेंसी

## यमन की राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री को किया बर्खास्त

**सना।** यमन की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रपति परिषद ने प्रधानमंत्री मईन अब्दुलमलिक सईद को बर्खास्त कर दिया। यह प्रत्याशित कदम ऐसे वक्त में उठाया है सरकार के प्रतिद्वंद्वियों यानी ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिका नीत गठबंधन हमले कर रहा है।

परिषद ने एक आदेश में विदेश मंत्री अहमद अवाद बिन मुबारक को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। सऊदी अरब के करीबी माने जाने वाले बिन मुबारक ने मईन अब्दुलमलिक सईद का स्थान लिया है जो 2018 से यमन के प्रधानमंत्री थे। परिषद ने इस फेरबदल की वजह नहीं बताई है।

## किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित

**लंदन।** ब्रिटेन के किंग्स चार्ल्स तृतीय कैंसर से ग्रसित हो गए हैं और उनका उपचार जारी है। राजमहल बकिंघम पैलेस ने सोमवार को यह जानकारी दी। राजमहल की ओर से जारी बयान के मुताबिक किंग्स चार्ल्स तृतीय प्रोस्टेट के इलाज के तुरंत बाद यह पता लगा कि वे कैंसर से ग्रसित हैं। पैलेस के ने कहा कि किंग्स चार्ल्स तृतीय का प्रोस्टेट वृद्धि के लिए इलाज किया गया है। बाद में यह भी पता चला कि वह कैंसर से पीड़ित हैं। बकिंघम पैलेस की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि किंग्स का आज नियमित उपचार शुरू हुआ है और इस दौरान डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने तथा सार्वजनिक कर्तव्यों को स्थगित करने की सलाह दी। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बयान में कहा कि वह किंग्स चार्ल्स तृतीय के पूर्ण और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि वह कुछ ही समय में स्वस्थ्य हो कर वापस आ जाएंगे। पूरा देश उनके स्वस्थ होने की कामना करेगा।

रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी समुद्र तट पर राजा चार्ल्स तृतीय के शीघ्र स्वस्थ होने का कामना करते हुए रेत की मूर्ति बनाई (ऊपर)। वहीं मुंबई में एक कलाकार ने किंग चार्ल्स की पेंटिंग में यही दुआ मांगी।

# ...तो चांद पर होगा अपना घरौंदा

*ये तो आपने सुना ही होगा कि कई लोगों ने चांद पर जमीन खरीद रखी है। लेकिन क्या आपको पता है चांद पर जमीन के क्या रेट हैं। अगर हम आपको चांद पर जमीन के रेट बता देंगे तो शायद आपको यकीन नहीं होगा। बता दें कि चांद पर 1 एकड़ जमीन का रेट मात्र 3000 रुपये है। अब आप सोच रहे होंगे ये जमीन आखिर इतनी सस्ती क्यों है। चलिए हम आपको इसके बारे में डिटेल में बताते हैं। अक्सर इस बात को सुनने को मिलता है कि अमुक आदमी ने चांद पर जमीन खरीदी है। कभी सुपरस्टार अभिनेता शाहरूख खान का नाम, तो कभी सुशांत सिंह राजपूत का नाम चांद पर जमीन खरीदने वालों की लिस्ट में सुनने को मिलता है। सुशांत सिंह राजपूत ने साल 2018 में चांद पर जमीन खरीदी थी। वहीं बॉलीवुड के बादशाह यानी शाहरुख खान को उनके एक फैन ने चांद पर जमीन तोहफे में दी थी।*

### कैसे खरीदें चांद पर जमीन

रिपोर्ट के मुताबिक लूना सोसाइटी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल लूनार लैंड्स रजिस्ट्री ऐसी कंपनी है जो चांद पर जमीन बेचने का दावा करती है। इन कंपनियों के द्वारा 2002 में ही हैदराबाद के राजीव बागड़ी और 2006 बेंगलुरू के ललित मोहता ने भी चांद पर प्लॉट खरीदा था। इन लोगों का मानना है की चांद पर आज नहीं तो कल जीवन तो बसना ही है। सुशांत ने चांद पर जमीन इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री से खरीदी थी। उनकी यह जमीन चांद के 'सी ऑफ मसकोवी' में है।



### कितनी है कीमत

लूनर रजिस्ट्री डॉट कॉम के अनुसार चांद पर एक एकड़ जमीन की कीमत 37 ।50 अमेरिकी डॉलर यानी करीब 3112 ।52 रुपये है। कम कीमत होने के कारण लोग भावनाओं में बहकर रजिस्ट्री कराने के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। जब जमीन की कीमत तय है तो सवाल ये भी उठता है कि आखिर चांद का मालिक कौन है? आउटर स्पेस ट्रीटी 1967 के मुताबिक, अंतरिक्ष के किसी भी ग्रह या फिर चांद पर किसी भी एक देश या व्यक्ति का अधिकार नहीं है। चांद पर बेशक किसी भी देश का झंडा लगा हो, लेकिन चांद का मालिक कोई नहीं।

### चांद पर जमीन की बिक्री कानूनी या गैरकानूनी?

इस बारे में इंटरनेशनल संगठनों का मानना है कि चांद की जमीन पर कानूनी तौर पर किसी का मालिकाना हक नहीं माना जा सकता, क्योंकि पृथ्वी से बाहर की दुनिया पूरी मानव जाति की धरोहर है। इस पर किसी एक देश का कब्जा नहीं हो सकता। 1967 की आउटर स्पेस ट्रीटी के मुताबिक स्पेस में किसी भी ग्रह या उनके उपग्रहों पर किसी भी एक देश या व्यक्ति का अधिकार नहीं है। भारत समेत 110 देशों ने इस पर साइन किए हैं। बिना किसी अधिकार के लिए कंपनियां चांद पर जमीन की रजिस्ट्री करने का दावा करती हैं। यह एक तरह से गोरखधंधा है।



# सूडान के पास सांप्रदायिक झड़प में 23 लोगों की मौत

जुबा, एजेंसी

दक्षिण सूडान के पास विवादित अबयेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र में वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं और न्गोक दिन्का के बीच नए सिरे से हुई सांप्रदायिक झड़पों में कम से कम 23 लोग मारे गए और 17 अन्य घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की।

संरा अंतरिम सुरक्षा बल अबेई (यूएनआईएसएफए) ने कहा कि सप्ताहांत में वार्रप राज्य के ट्विक समुदाय के सशस्त्र युवाओं ने अबेई विशेष प्रशासनिक क्षेत्र के क्षेत्रों पर हमला किया। यूएनआईएसएफए ने कहा कि सशस्त्र हमलावरों ने तीन और चार फरवरी को मालुअल अलेउ, बैंटन, अवोलनहोम, अबाथोक, मजबोंग, अवल और रूमामियर के पूर्वी क्षेत्र में नागरिकों पर हमला किया और इस दौरान रॉकेट, हथगोले और मोर्टार जैसे भारी हथियारों का उपयोग किया गया। उल्लेखनीय है कि दोनों समुदायों के बीच पहली बार 27 से 28 जनवरी को अबयेई प्रशासनिक क्षेत्र में झड़प हुई थी, जिसमें दो संरा शांति सैनिकों सहित 54 लोग मारे गए थे। अबेई के दक्षिणी हिस्से में लड़ाई के कारण कई नागरिकों की मौतें हुई हैं, कई घायल हुए हैं, कई लोगों का अपहरण किया गया है। गांवों को जलाना और मवेशियों की चोरी हुई है। अबेई प्रशासनिक क्षेत्र के सूचना मंत्री बुलिस कोच अगुआर अजित ने दावा किया कि न्यूर आध्यात्मिक नेता गाई माचेक और उनके समर्थकों द्वारा समर्थित ट्विक के युवाओं ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों पर हमला किया।